

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 146 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 12 मार्च 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


# लालू परिवार के ठिकानों से ED को मिला!

## 1 करोड़ कैश, 2 किलो से अधिक सोना और गोल्ड ज्वेलरी




पटना. ईडी की कार्रवाई के बाद लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों की मुश्किलें बढ़ती हुए नजर आ रही हैं. शुक्रवार को ईडी के द्वारा पटना, रांची, दिल्ली, मुंबई के 24 जगहों पर छापेमारी की गई. इस दौरान दिल्ली के एनसीआर में तेजस्वी यादव जिस घर में रहते हैं वहां और अन्य जगहों पर भी छापेमारी की. ईडी के द्वारा जारी बयान में करोड़ों की संपत्ति का जिक्र किया गया है.

लैंड फॉर जॉब मामले में लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों के यहां शुक्रवार की सुबह ही ईडी ने देशभर में 24 जगहों पर छापेमारी की. पटना में आरजेडी के पूर्व विधायक अबू दोजान और दिल्ली में तेजस्वी यादव जिस घर में रहते हैं वहां भी छापेमारी की गई. रेड के बाद ईडी द्वारा प्रेस रिलीज जारी कर इसकी विस्तृत जानकारी दी गई. ईडी ने जानकारी दी है कि उन्हें पहले उनके सूत्रों ने इनपुट दी जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है .

छापेमारी के दौरान एक करोड़ रुपये नगद, उन्नीस सौ अमेरिकी डॉलर, 540 ग्राम सोना, डेढ़ किलो सोने के गहने जिसकी कीमत 1 करोड़ 25 लाख रुपए हैं समेत प्रॉपर्टी के कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं. 4 प्लॉट 7.5 लाख रुपए में खरीदे गए थे. प्लॉट 3.5 करोड़ रुपए में बेचे गए थे. ईडी ने यह भी बताया कि तलाशी के दौरान लगभग 600 करोड़ रुपए की आय का पता चला है जो कि 350 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति के रूप में है. इसके साथ ही अलग-अलग बेनामीदारों के माध्यम से 250 करोड़ के लेनदेन भी किए गए हैं

छापेमारी के बाद ईडी के द्वारा बताया गया कि अभी तक की जांच से पता चला है कि पटना और इसके आसपास अवैध रूप से लालू परिवार ने जमीन का लेनदेन किया है. यह सभी जमीनों की लेन-देन लैंड फॉर जॉब मामले में की गई है. इन जमीनों की कीमत आज की तारीख में करीब 200 करोड़ रुपए है, साथ ही यह भी बताया गया कि दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में जो बंगला है वह मैसर्स एबी एक्सपोर्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है जिसे तेजस्वी यादव अपने घर के रूप में इस्तेमाल करते हैं, इसका बाजार रेट 150 करोड़ रुपए है जबकि इसकी खरीद सिर्फ 4 लाख में की गई थी.

ईडी के द्वारा यह भी कहा गया कि लैंड फॉर जॉब मामले में अबू दुजाना से भी जमीन की खरीद बिक्री की गई, जिसमें साढ़े 3 करोड़ का मुनाफा राबड़ी देवी और आरजेडी के पूर्व विधायक अबू दोजाना को हुआ है. अपनी जानकारी में ईडी के द्वारा यह भी कहा गया कि छापेमारी के दौरान वहां मौजूद बच्चों, सीनियर सिटीजन और महिलाओं के साथ उचित शिष्टाचार व्यवहार किया गया है.

# विशेष ध्यान शिविर

## दूसरे दिन भी श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर में बही ध्यान और योग की सरिता

*श्रीराम चंद्र मिशन के आमडारी मुख्यालय पर लोगों ने सीखा यौग ध्यान का बेहतरीन गुर*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर के



तत्वावधान में तीन दिनी विशेष ध्यान शिविर के दूसरे दिन भी मुख्यालय पर योग और ध्यान की सरिता बही। पहुंचे सैकडों लोगों ने योग और ध्यान की सरिता में डुबकी लगाई।

आयोजन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया गया है। आयोजन मैं दूसरे दिन भी सैकडों की संख्या में संस्था से जुड़कर लोगों ने योग और ध्यान की बेहतर बारीकी को सीखा। मिशन के केंद्र प्रभारी सुरेश उपाध्याय ने उपस्थित जनों को श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर के बाबत विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद योग का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान संस्था के सैकड़ों सदस्य और योग ध्यान सीखने वाले मौजूद रहे। सनद रहे शुक्रवार की शाम तीन दिनी शिविर का शुभारंभ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार ने किया था। इस दौरान मुख्यालय में डा. विनोद कुमार, डा. प्रेम प्रकाश सिंह, प्रो. विमल कुमार, डा. विजय प्रताप आर्य, अशोक त्रिपाठी, रवि सिंह, कृष्णा, राम उदय सिंह, अंकित आशुतोष श्रीवास्तव, सुनील पांडेय, विवेक पांडेय मौजूद रहे। संचालन केन्द्र प्रभारी सुरेश उपाध्याय ने किया

### बच्चों के कार्यक्रम ब्राइटर माइंड के प्रदर्शन ने किया लोगों को दंग

आयोजन के अंत में संस्था द्वारा चलाए जाने वाले ब्राइटर माइंड कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आंख पर पट्टी बांध बच्चों ने रंग और नोटों की पहचान बताई। इसे देखकर उपस्थित सभी लोग दंग रह गए। लोगों ने इसकी खूब तारीफ और चर्चा भी की।

# मौत का वाटर पार्क.......................

## कब तक लोगों की जिंदगी से खेलता रहेगा वाटर पार्क ।

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन, प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

**पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),11मार्च 2023:-**

.. झारखंड का पहला वाटर पार्क विरसा वाटर पार्क जमशेदपुर से लगभग 40 किलोमीटर दूरी गालूडीह हाइवे के सामने पर स्थित है। लेकिन यह पार्क सुरक्षा के नजर से खरा नहीं उतरा ।कभी भी इस पार्क में बड़ी घटना घट




सकती है। पिछले बार जमशेदपुर के युवक की मौत हो गई उसके बाद पार्क को बंद कर दिया गया। पार्क का स्केटिंग प्लेटफार्म काफी खतरनाक हैं ।पार्क की चार दिवारी टीना से बना है ।जबकि चारदीवारी की उचाई लगभग 12 फीट होनी चाहिए ।लेकिन चारदीवारी की खानापूर्ति की गई है । जबकि इस इलाके में हाथी विचरण करता है और कई हाथी गांव को उजाड़ चुका है । इतना ही नहीं वाटर पार्क से निकल रही गंदा पानी आसपास के इलाके में गंदगी फैला रहा है। पार्क के निर्माण हुए 4 साल हुए हैं लेकिन 4 साल में 8 से 10 बार यह पार्क रिओपनिंग हो चुका है ।वैसे स्थानीय वार्ड पार्षद ने पार्क के ओपनिंग पर सवाल खड़ा किया है ।और जिला प्रशासन को एक पत्र लिखकर रिओपनिंग का कारण पूछा है। कहा है कि जब सुरक्षा मानक पर खरा नहीं है तो फिर क्यों पार्क को खोला गया। हालांकि पार्क से बाहर आ रहे पर्यटकों ने अंदर का दृश्य देखकर कहा काफी डर लग रहा है। कभी भी बड़ी घटना घट सकती हैं ।वैसे सवाल बहुत बड़ा कि कब तक लोगों की जिंदगी से खेलता रहेगा वाटर पार्क ।इतना ही नहीं वाटर पार्क के रिओपनिंग पर स्थानीय लोग भी नाराज है।

आपको बता दे कि 8 महीने पहले जून के महीने में गालूडीह के बिरसा वाटर पार्क में झूले से टकराकर युवक की मौत हो गई थी ।

गालूडीह स्थित बिरसा फन सिटी वाटर पार्क में दुर्घटना के बाद एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.था घटना के बाद आनन-फानन में उसे स्थानीय अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया. गालूडीह थाना प्रभारी रौशन खाखा ने घटना की पुष्टी करते हुए बताया कि वाटर स्लाइडिंग के दौरान युवक किसी चीज से टकराकर घायल हो गया था. अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई. वाटर पार्क में ऐसी पहली घटना है जहां एक युवक की मौत हुई है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई ।

### गालूडीह वाटर में घटी घटना



घाटशिला के गालूडीह बिरसा फन सिटी वाटर पार्क में मंगलवार की दोपहर का हादसा रोंगटे खड़े कर देने वाला था. वाटर पार्क में नहाने के दौरान ऊपर से स्लाइडिंग वोट से स्लाइड करती हुई एक महिला आयी और सीधे युवक के सिर से टकरा गयी, जिससे युवक वहीं मूर्छित हो गया. लहुलुहान हो गया. किसी तरह युवक को बाहर निकाला गया. युवक जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बागुनहातू का रहने वाला 30 वर्षीय जॉनी कैवर्त था. वह मंगलवार को अपने 7 दोस्तों के साथ जमशेदपुर से गालूडीह वाटर पार्क गया था. वाटर पार्क के पानी में सबसे पहले जॉनी



उतरा था. उसके दोस्त लॉकर में कपड़े लेने गये थे कि अचानक पानी के ऊपर से तेजी से स्लाइडिंग वोट आकर जॉनी से टकरा गया. स्लाइटिंग वोट में एक महिला बैठी थी, जिससे टकराकर वह लहुलुहान हो गया. उसको तत्काल वहां से दोस्तों ने स्थानीय लोगों की मदद से पहले गालूडीह के स्थानीय नर्सिंग होम ले गये, जब स्थिति गंभीर होती गयी तो वे लोग घाटशिला अनुमंडल अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया.

### वाटर पार्क में लगा दिया गया बोर्ड

इस घटना के बाद वाटर पार्क प्रबंधन की एक और चालाकी पकड़ी गयी है. वाटर पार्क में एक बोर्ड लगा दिया गया, जो पेन से लिखा हुआ था और उसी वक्त लगाया गया था. बोर्ड में ऊपर से कूदने पर रोक लगाने की बात लिखी गयी थी. यह सीधे तौर पर चालाकी दिखायी गयी थी, जिसका विरोध स्थानीय लोगों ने किया.

### दल बल के साथ जिला पार्षद पहुंचे पार्क, कहा तत्काल कार्रवाई हो

घाटशिला के जिला पार्षद करण सिंह दल बल के साथ घटना की सूचना मिलने के बाद बिरसा वाटर पार्क पहुंचे. वहां पहुंचते ही वाटर पार्क प्रबंधन से जानकारी हासिल की. इसके बाद यह मालूम चला कि इस तरह की घटना हुई. करण सिंह ने बताया कि इस घटना में सीधे तौर पर प्रबंधन की लापरवाही है. प्रबंधन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दायर होना चाहिए.

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 100 जोड़े वैवाहिक बंधन में बधे

**चंदन गुप्ता संवाददाता समाज जागरण**

जौनपुर, मड़ियाहूं। नगर में स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज (रामलीला मैदान) में 11मार्च दिन



शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ जिसमे 100 जोड़ी दूल्हा दुल्हन परिणय सूत्र में बंधे।

जानकारी के अनुसार इस समारोह में 251 जोड़ों का विवाह होना सुनिश्चित था परंतु 2:30 बजे तक करीब 100 जोड़ों ही विवाह बंधन में बंध सके'

उक्त कार्यक्रम में तीन मुस्लिम जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह संपन्न कराया गया । जबकि अन्य हिन्दू जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज से पंडित शशिधर मिश्रा व आचार पुरोहित समेत तीन ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह बंधन में बंधे। ज्ञात हो कि सामूहिक विवाह योजना के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य पंडाल में ही मौके पर किया जा रहा था।

विवाह के बाद सभी दुल्हनों को विदाई के रूप मे एक सूटकेस, 1 जोड़ी पायल, बिछिया, नाक की कील, चूड़ी केस, कपड़ा के साथ ₹35000 खाते में भेजा जा रहा था। टोटल एक जोड़ों को करीब 51हजार मूल्य का सामान दिया गया।

विवाह समारोह के मुख्य अतिथि माननीय बीपी सरोज सांसद मछली शहर, विशिष्ट अतिथि डॉ आर के पटेल विधायक मड़ियाहूं, जिलाधिकारी जौनपुर अनुज कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर सीलम साईं तेजाजी रहे' जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ शशि शेखर, परियोजना निदेशक राकेश त्रिपाठी, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, सेवा योजना अधिकारी राजीव कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष रामविलास पाल, खंड विकास अधिकारी रिचा सिंह, उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं लाल बहादुर , क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं अशोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहूं ओम नारायण सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे'

# नगर निगम धनबाद के शौचालय में शायद छुपा हुआ है खजाना।

## धनबाद जिले के कुस्तौर क्षेत्र वार्ड संख्या 11 में लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया है शौचालय।

**समाज जागरण, चन्द्र प्रकाश जिला संवाददाता धनबाद**

धनबाद (झारखंड) 11 मार्च 2023 :- धनबाद जिले के कुस्तौर क्षेत्र (वार्ड संख्या 11) में लाखों रुपये खर्च कर शौचालय बनाया गया है। शौचालय में रंग पेंट, टाइल्स मार्बल पर भी खर्च हुए। सभी कार्य जनता के टैक्स के पैसे से हुए हैं , जनता को लगी कि संभवत नगर निगम हमारे लिए कार्य कर रही हैं और विकास पर जोर दार खर्च किया गया है। शौचालय निर्माण का कार्य पूरा हो गया है तो शौचालय में बाहर से ताला जड़ दिया गया है। ना जाने कौन सी दौलत नगर निगम द्वारा शौचालय में छुपा कर रखी गई है।

### ना तो शुल्क ना तो निशुल्क

बताते चलें कि यह शौचालय केन्दुआ - झरिया मार्ग पर अल्कुसा एस. बी.आई. बैंक तथा क्षेत्रीय अस्पताल कुस्तौर के मध्य स्थित है,अगर इस शौचालय को अच्छी तरह से चलाया जाए तो बैंक



एवं अस्पताल दोनों के कर्मचारियों एवं जनता को इसका लाभ मिल सकता है।

**सरकारी संपतियों पर है ध्यान देने की आवश्यकता**

धनबाद नगर निगम को सरकारी पैसे से बनाई गई किसी भी विभाग में किसी भी तरह की संपत्ति की निरंतर जाँच करती रहनी चाहिए, ताकि अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी तत्परता को दिखाते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निभाए।

# केसपा के बाल नहर के समीप गर्भवती महिला को गोली मारकर हत्या मामला का पुलिस ने किया उद्भेदन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया (बिहार )- 11 मार्च 2023- गया जिला के टेकारी अनुमंडल अंतर्गत अलीपुर थाना क्षेत्र के केसपा के बाल नहर के समीप गर्भवती महिला को गोली मारकर हत्या का मामला का उद्भेदन पुलिस ने किया है वही दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है . बताया जाता है कि औरंगाबाद जिला के बंदया के झिकटिया ग्राम- निवासी शम्भू बिंद ,जहानाबाद जिला के शकूराबाद के अखिल बिंद को गिरफ्तार किया गया है . बताया गया कि हत्या की वजह प्रेम प्रसंग है . गया एसएसपी आशीष भारती ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आरोपी शम्भू



बिन्द पूर्व से शादी सुधा था. और मृतिका लक्ष्मीना देवी जो पूर्व से ही शादी सुधा थी . दोनो के बीच अवैध संबंध था .अवैध संबंध संबंध के कारण आरोपी ने अपने मामा के साथ मिलकर लक्ष्मीना देवी की हत्या कर नहर के पास फेंक दिया था .

# यशवंतराव चह्वाण

**यशवंतराव बलवंतराव चह्वाण** (जन्म- 12 मार्च, 1913 - मृत्यु- 25 नवंबर, 1984) भारत के पाँचवे उपप्रधानमंत्री और महाराष्ट्र के प्रथम मुख्यमंत्री थे। एक समय भारत देश के प्रमुख राजनेता और केन्द्र सरकार के महत्त्वपूर्ण विभागों के सफल मंत्री थे। यशवंतराव चह्वाण एक मजबूत कांग्रेस नेता, स्वतंत्रता सेनानी, सहकारी नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक थे। ये 'आम आदमी के नेता' के रूप में लोकप्रिय थे। यशवंतराव चह्वाण ने अपने भाषणों और लेखों में दृढ़ता से समाजवादी लोकतंत्र की वकालत की और महाराष्ट्र में किसानों की बेहतरी के लिए सहकारी समितियों को स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**जीवन परिचय**

यशवंतराव बलवंतराव चह्वाण का जन्म 12 मार्च, 1914 ई. को महाराष्ट्र के सातारा ज़िले के एक किसान परिवार में हुआ था। बचपन में ही इनके पिताजी का देहांत हो गया था, इसलिये इनका लालन पालन इनके चाचा और माँ ने किया था। अपने बचपन से ही भारत के स्वतंत्रता संघर्ष से प्रभावित थे। प्रतिकूल पारिवारिक स्थिति के बावजूद यशवंतराव अपनी शिक्षा पूर्ण करने में सफल रहे। पुणे से कानून की डिग्री लेने के बाद वे वकालत करने लगे। 1932 के सविनय अवज्ञा आन्दोलन में गिरफ्तारी के साथ उनका सार्वजनिक जीवन आरम्भ हुआ। भारत छोड़ो आन्दोलन में कुछ समय भूमिगत रहकर सतारा के आन्दोलन में सहायता देते हुए 1943 में वे फिर पकड़ लिए गए।

**राजनीतिक जीवन**

जेल से रिहा होने के बाद चह्वाण मुंबई विधानसभा के सदस्य चुने गए। 1952 के चुनाव में सफल होने पर उन्हें मंत्रिमंडल में लिया गया। फिर वे मुंबई के मुख्यमंत्री और गुजरात के पृथक राज्य बनने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। 1962 के चीनी आक्रमण के समय जब कृष्ण मेनन को रक्षा मंत्री का पद छोड़ना पड़ा तो यशवंतराव चह्वाण को देश के रक्षा मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। 1966 तक वे इस पद पर रहे। फिर उन्होंने क्रमशः गृहमंत्री, वित्त मंत्री और विदेश मंत्री के पद संभाले।

**राजनीतिक पार्टी**

1969 के कांग्रेस विभाजन के समय यशवंतराव चह्वाण के व्यवहार की आलोचना हुई थी। पहले उन्होंने इंदिरा जी के विरोध में मत दिया, किन्तु जब उस पक्ष को सफलता नहीं मिली तो वे फिर इंदिरा



कांग्रेस में आ गए। 1977 की कांग्रेस की पराजय के बाद चह्वाण प्रतिपक्ष के नेता बने थे। जनता पार्टी की सरकार के गिरने पर उन्होंने एक बार फिर दल बदला और चरणसिंह के साथ मिल गए। चरणसिंह की सरकार तो नहीं बन पाई, लोगों की दृष्टि में चह्वाण की प्रतिष्ठा गिर गई।

**निधन**

इतने उच्च पदों पर रहने के बाद जीवन के अंतिम पहर में वे राष्ट्र की राजनीति के पटल से लुप्तप्राय हो गए थे। यशवंतराव चह्वाण का 25 नवंबर, 1984 को दिल्ली में निधन हो गया।

# हरमोहिन्दर सिंह बेदी

डॉ. हरमोहिन्दर सिंह बेदी (जन्म- 12 मार्च, 1950) हिंदी लेखक, एक शिक्षाविद और भारतीय राज्य पंजाब के अकादमिक प्रशासक हैं। 40 बच्चों को पीएचडी और 60 को एमफिल कराने एवं पंजाबी-हिंदी को जोड़कर नई पहचान दिलाने वाले डॉ. हरमोहिन्दर सिंह बेदी बेदी को भारत सरकार ने पद्म श्री (2022) से सम्मानित किया है। हरमोहिन्दर सिंह बेदी का प्रेम हिंदी के प्रति उनके पिता प्रीतम सिंह बेदी के कारण जागा।

**परिचय**

हरमोहिन्दर सिंह बेदी का जन्म 12 मार्च, 1950 को हुआ था। पिता रेलवे में स्टेशन मास्टर थे तो उन्हें कभी हिमाचल तो कभी पंजाब में पढ़ने का मौका मिला। ग्रेजुएशन करते समय हरमोहिन्दर सिंह बेदी होशियारपुर में थे। तब उनके लेख व कविताएं छपनी शुरू हो चुकी थीं। इसके बाद उन्होंने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी से एमए हिंदी की, जहां उनके गुरु बने हिंदी के क्रिटिक्स रमेश कुंतल। डॉ. रमेश के साथ उन्हें पंजाब में हिन्दी साहित्य पर काम करने का मौका मिला। यह वह पंजाब था, जब हिमाचल का एक बड़ा हिस्सा हरियाणा पंजाब में ही था।[1]

**हिंदी–पंजाबी में एमए**

डॉ. हरमोहिन्दर सिंह बेदी ने पंजाबी और हिंदी के बीच पुल बनाने का काम किया। इसके लिए उन्होंने एमए हिंदी करने के साथ-साथ भागलपुर यूनिवर्सिटी से डी लिट और पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला से एमए पंजाबी भी की। एमए पंजाबी करने का मकसद हिंदी और पंजाबी के बीच के पुल को जानना था। अपने जीवन काल में 'हिंदी सेवी पुरस्कार' प्राप्त करने के अलावा उन्हें 'शिरोमणि हिंदी पुरस्कार', 'राज भाषा पुरस्कार' भी प्राप्त किया। हिंदी साहित्य में 150 सालों से काम कर रही संस्था 'हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग' की तरफ से उन्हें 'साहित्य महामहोउपाध्याय' की डिग्री से भी सम्मानित किया जा चुका है।

**विदेशों में भी छपे जनरल**

हरमोहिन्दर सिंह बेदी का ज्ञान मात्र भारत ही नहीं, विदेशों को भी प्राप्त हुआ। उनके 16 शोधपत्र विदेशी जनरलों में भी छप चुके हैं। इसके अलावा भारत में छपने वाला कोई भी ऐसा जनरल नहीं बचा, जिसमें उनके शोध पत्र को जगह न मिली हो। अपने जीवन काल में उन्होंने कनाडा, डेनमार्क, नार्वे, पाकिस्तान, भूटान और सिंगापुर में भी अपने शोधपत्र पढ़े। भारत में 200 से अधिक शोधपत्र वह पढ़ चुके हैं। इसके अलावा अभी तक वह 40 बच्चों को पीएचडी और 60 स्टूडेंट्स को एमफिल के शोध करवा चुके हैं।

**शिक्षाविद**

हरमोहिन्दर सिंह बेदी एक सर्वोत्कृष्ट शिक्षाविद हैं तथा हिंदी साहित्य में पंजाब का सांस्कृतिक एवं धार्मिक योगदान के बारे में शोध ने आपको शैक्षणिक क्षेत्र में विशेष प्रसिद्धि दिलाई है। श्रद्धाराम फिल्लौरी पर उनकी



तीन खंडों में शोध कार्य ने हिंदी साहित्य के इतिहास को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने हिंदी को बढ़ावा देने और विकास के लिए भारत के कोने-कोने की यात्रा की है। विगत दशक से वे सार्क देशों पर ध्यान केंद्रित करते हुए समान सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत के माध्यम से इनमें सांस्कृतिक संबंध विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

**रचना एवं संपादन**

उन्होंने तीस से भी अधिक पुस्तकों की रचना एवं संपादन कार्य किया है और हिंदी के सभी प्रमुख पत्रिकाओं में उनके लेखों को स्थान प्राप्त हुआ है। वे अनेक हिंदी समाचार पत्रों में नियमित स्तंभकार हैं । उनके कवि हृदय व्यक्तित्व (पांच से अधिक कविता संग्रह) और प्रभावी वक्ता गुण से सभी मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

**पुरस्कार व सम्मान**

अनेक क्षेत्रीय पुरस्कारों एवं सम्मानों के साथ-साथ उन्हें हिंदी भाषा के क्षेत्र में योगदान के लिए महामहिम भारत के राष्ट्रपति महोदय द्वारा 'हिंदी सेवी पुरस्कार (2017)' तथा पंजाब सरकार द्वारा 'शिरोमणि हिंदी साहित्यकार (2004)' से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने श्रम एवं नियोजन मंत्रालय तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जन वितरण मंत्रालय में हिंदी सलाहकार के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। उन्हें नवीन शिक्षा नीति के ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय भाषा परिषद के पैनेल में भी शामिल किया गया।

# प्रह्लाद चुन्नीलाल वैद्य

**प्रह्लाद चुन्नीलाल वैद्य** (जन्म- 23 मई, 1918; मृत्यु- 12 मार्च, 2010) भारत के उन गिने-चुने गणितज्ञों में से एक रहे, जिन्होंने गणित के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण व दूरगामी योगदान दिया था। वह न सिर्फ एक मशहूर गणितज्ञ थे बल्कि एक शिक्षाविद भी थे। वे चाहते थे और प्रयास करते थे कि गणित बच्चों के लिए सुगम व रुचिकर बने। वे मानते थे कि गणित सिखाना शायद कठिन है, मगर गणित सीखना कठिन नहीं है क्योंकि गणित तो हमारी संस्कृति का अंग है।

**परिचय**

प्रहलाद चुन्नीलाल वैद्य का जन्म 23 मई, 1918 को गुजरात के जूनागढ़ जिले के शाहपुर में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा भावनगर में संपन्न हुई। गणित में विशेष रुचि होने के कारण उन्होंने बम्बई विश्वविद्यालय से अनुप्रयुक्त गणित में विशेषज्ञता के साथ एम.एस.सी. की डिग्री प्राप्त की। प्रह्लाद चुन्नीलाल वैद्य अपने समय के प्रसिद्ध भौतिकविद और शिक्षाविद विष्णु वासुदेव नार्लीकर से बहुत प्रभावित थे।[1]

**'वैद्य सॉल्यूशन'**

उस दौर में विष्णु वासुदेव नार्लीकर के साथ कार्य करने वाले शोधार्थियों के समूह की पहचान सापेक्षता केन्द्र के रूप में विख्यात हो चुकी थी। प्रह्लाद चुन्नीलाल वैद्य भी उनके दिशा-निर्देश में इस क्षेत्र में शोधकार्य करना चाहते थे। इसलिए वह बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय गए। वहां उन्होंने विष्णु वासुदेव नार्लीकर के दिशा-निर्देशन में सापेक्षता सिद्धांत पर शोधकार्य शुरू कर दिया तथा ह्यवैद्य सॉल्यूशनह्ल प्रस्तुत किया। इस सिद्धान्त की प्रासंगिकता को मान्यता साठ के दशक में मिली, जब खगोल-विज्ञानियों ने ऊर्जा के घने, मगर शक्तिशाली उत्सर्जकों की खोज की। जैसे ही सापेक्षतावादी खगोल भौतिकी को मान्यता मिली, वैसे ही ह्यवैद्य सॉल्यूशनह्ल को सहज ही अपना स्थान हासिल हो गया और विज्ञान के क्षेत्र में प्रह्लाद चुन्नीलाल वैद्य को ख्याति मिली।

**शिक्षाविद**

प्रहलाद चुन्नीलाल वैद्य एक मशहूर गणितज्ञ होने के साथ ही एक शिक्षाविद भी थे। वह चाहते थे कि गणित बच्चों के लिए सुगम व रुचिकर बने। इसके लिए उन्होंने अनेक प्रयास किए। उनका मानना था कि गणित सिखाना शायद कठिन है, मगर गणित सीखना कठिन नहीं है क्योंकि यह हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने गुजराती तथा अंग्रेजी में विज्ञान और गणित की कई प्रसिद्ध पुस्तकों का लेखन किया, जैसे, ह्यअखिल ब्राह्मांडमैनह्ल, जिसका अर्थ है सम्पूर्ण ब्रह्मांड में, तथा ह्यव्हाट इज मॉडर्न

# सोशल नेटवर्किंग,डिजिटल क्रांति सफलता भी मानसिक सामाजिक परेशानियां भी'

**समाज जागरण**

21वीं सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है। वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निमार्ता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं। सोशल मीडिया नेटवर्किंग कोई भी सकारात्मक रूप से लें इसके बहुत फायदे हैं, इसके फायदे की जद में न सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक, व्यवसाई, न्यूजपेपर, मीडिया चैनल आदि भी हैं जिसका परिणाम सोशल मीडिया एक विशाल नेटवर्क बन गया है।ये पूरे विश्व को जोड़कर रखने में सक्षम है। इसके अलावा यह संचार का अच्छा माध्यम होने के साथ-साथ बहुत तेज गति से सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करता है। भौगोलिक तथा सांख्यिकी रूप से विशाल देश भारत में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसको अभियान की तरफ अपनाया गया है। इसके अलावा यह रोजगार प्रदान करने वाला माध्यम भी बन गया है। यह शिक्षा तथा ज्ञान का एक विशिष्ट माध्यम बन गया है। एक झटके में एक क्लिक से विश्व की कोई भी जानकारी इसमें तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सोशल नेटवर्किंग का सबसे ज्यादा फायदा कोविड-19 के संक्रमण काल में करुणा की महामारी को रोकने के लिए इस संबंध में बचाव कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हुआ है। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, इजराइल,ऑस्ट्रेलिया जैसे सक्षम देश में महामारी से लाखों लोगों की मौत हुई किंतु सोशल नेटवर्किंग के बलबूते पर भारत शासन ने कोविड-19 की महामारी में विशाल जनसंख्या के होते हुए भी प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। सोशल नेटवर्किंग की इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय सहायता है। भारत देश के अच्छे कार्यों तथा चीन और पाकिस्तान के गलत तरीके से भारत की सीमा में घुसने के समाचारों को सोशल नेटवर्किंग से प्रचारित प्रसारित कर भारत को वैश्विक समर्थन आप करने में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। भारत के प्रधानमंत्री वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर के सर्वाधिक लोकप्रिय व्यक्ति भी सोशल मीडिया के कारण ही बने हैं। पर यदि सोशल मीडिया के नकारात्मक पहलू पर अपन चर्चा ना करें तो यह बात अधूरी रह जाएगी, सोशल मीडिया का ज्यादा प्रयोग मानव मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जिससे व्यक्ति के डिप्रेशन में जाने की संभावना हो सकती है। सोशल मीडिया साइबर क्राइम को बढ़ावा देता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहां हर संप्रदाय तथा धर्म के लोग निवास करते हैं ऐसे में सोशल मीडिया फर्जी न्यूज तथा भड़काऊ भाषण फैलाने में एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे देश में स्थिरता एवं सांप्रदायिक दंगे फैलने की संभावना बलवती होती है। इसके अलावा साइबर अपराध का भी एक बड़ा माध्यम बन गया है। सोशल मीडिया का अधिक उपयोग मनुष्य के शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को बहुत ज्यादा प्रभावित करता है एवं मनुष्य की स्मरण शक्ति सोचने की शक्ति विश्वास की प्रवृत्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है, और इसके अनियंत्रित प्रयोगों से व्यक्ति कि व्यक्ति से दूरी बढ़ते जा रही है। साइबर स्कैम या अपराध सोशल मीडिया की सबसे बड़ी नकारात्मक बात है। फेसबुक तथा ट्विटर सबसे ज्यादा धार्मिक भावनाओं और राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान का निषेध करने वालों कानूनों का उल्लंघन करता है। सोशल नेटवर्किंग आज की स्थिति में सामाजिक सौहार्द के सामने सोशल मीडिया एक चुनौती बनकर खड़ा है। जो अनेक भ्रांतियां तथा भ्रम फैलाने का काम करता है। इस तरह सोशल मीडिया नेटवर्क ज्ञान, धन अर्जन एवं अच्छे कामों के लिए संचार का सुलभ माध्यम है पर इसके दुरुपयोग से इसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े हुए हैं। सोशल नेटवर्किंग अब जीवन का एक आवश्यक हिस्सा बन चुका है अतः आवश्यक है कि निजता के अधिकार का उल्लंघन किए बिना सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए हम सबको नए विकल्पों की खोज करनी चाहिए, जिससे इसकी अच्छाइयों को आत्मसात करते हुए भविष्य में इसके संभावित दुरुपयोग नुकसान तथा दुष्प्रभावों से बचने का उपाय हमें खोजना होगा।



**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# डांडी कूच दिवस

दांडी मार्च से अभिप्राय उस पैदल यात्रा से है, जो महात्मा गाँधी और उनके स्वयं सेवकों द्वारा 12 मार्च, 1930 ई. को प्रारम्भ की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य था- "अंग्रेजों द्वारा बनाये गए 'नमक कानून को तोड़ना'।" गाँधी जी ने अपने 78 स्वयं सेवकों, जिनमें वेब मिलर भी एक था, के साथ साबरमती आश्रम से 358 कि.मी. दूर स्थित दांडी के लिए प्रस्थान किया। लगभग 24 दिन बाद 6 अप्रैल, 1930 ई. को दांडी पहुँचकर उन्होंने समुद्रतट पर नमक कानून को तोड़ा। महात्मा गाँधी ने दांडी यात्रा के दौरान सूरत, डिंडौरी, वांज, धमन के बाद नवसारी को यात्रा के आखिरी दिनों में अपना पड़ाव बनाया था। यहाँ से कराडी और दांडी की यात्रा पूरी की थी। नवसारी से दांडी का फासला लगभग 13 मील का है।

**सरदार पटेल की भूमिका**

वल्लभभाई पटेल की इच्छा थी कि 1930 में हुई गाँधी जी की गिरफ्तारी के विरोध में जनता उसका मुँहतोड़ जवाब दे। सत्याग्रहियों से जेल भर जाएं। टैक्स के भुगतान के बिना शासन की कार्यप्रणाली ठप्प हो जाए। इस संबंध में जब उन्होंने खेड़ा ज़िले के रास ग्राम में लोगों के आग्रह पर भाषण करना शुरू किया, तो पुलिस ने उन्हें गिरफ़्तार कर लिया। 9 मार्च, 1930 को रविवार का अवकाश होने के बाद भी मजिस्ट्रेट ने अदालत खुली रखकर सरदार पटेल को 3 माह की सजा सुनाई। साबरमती जेल जाते हुए गाँधी जी के दर्शन कर उन्होंने उनका आशीर्वाद लिया। 9 मार्च, 1930 को ही गाँधी जी ने लिखा कि "इसमें संदेह नहीं कि यदि गुजरात पहल करता है, तो पूरा भारत जाग उठेगा।" इसलिए 10 मार्च को अहमदाबाद में 75 हजार शहरियों ने मिलकर सरदार पटेल को हुई सजा के विरोध में लड़ने की प्रतिज्ञा की।[1]

गाँधी जी इच्छा

11 मार्च को गाँधी जी ने अपना वसीयतनामा कर अपनी इच्छा जताई कि आंदोलन लगातार चलता रहे, इसके लिए सत्याग्रह की अखंड धारा बहती रहनी चाहिए, कानून भले ही भंग हो, पर शांति रहे। लोग स्वयं ही नेता की जवाबदारी निभाएँ। 11 मार्च की शाम की प्रार्थना नदी किनारे रेत पर हुई, उस समय गाँधी जी के मुख से निम्न उद्गार निकले-

**दांडी मार्च पर जारी डाक टिकट**

मेरा जन्म ब्रिटिश साम्राज्य का नाश करने के लिए ही हुआ है। मैं कौवे की मौत मरुँ या कुत्ते की मौत, पर स्वराज्य लिए बिना आश्रम में पैर नहीं रखूँगा।

दांडी यात्रा की तैयारी देखने के लिए देश-विदेश के पत्रकार, फोटोग्राफर अहमदाबाद आए थे। आजादी के आंदोलन की यह महत्वपूर्ण घटना 'वॉइस ऑफ अमेरिका' के माध्यम से इस तरह प्रस्तुत की गई कि आज भी उस समय के दृश्य, उसकी गंभीरता और जोश का प्रभाव देखा जा सकता है। अहमदाबाद में एकजुट हुए लोगों में यह भय व्याप्त था कि 11-12 की दरम्यानी रात में गाँधी जी को गिरफ़्तार कर लिया जाएगा। गाँधी जी की जय और 'वंदे मातरम्' के जयघोष के साथ लोगों के बीच गाँधी जी ने रात बिताई और सुबह चार बजे उठकर सामान्य दिन की भाँति दिनचर्या पूर्ण कर प्रार्थना के लिए चल पड़े। भारी भीड़ के बीच पंडित खरे जी ने अपने कोमल कंठ से यह गीत गाया-

**यात्रा की शुरूआत**

प्रार्थना पूरी करने के बाद जब सभी लोग यात्रा की तैयारी कर रहे थे, इस बीच अपने कमरे में जाकर गाँधी जी ने थोड़ी देर के लिए एक झपकी ली। लोगों का सैलाब आश्रम की ओर आ रहा था। तब सभी को शांत और एकचित्त करने के लिए खरे जी ने 'रघुपति राघव राजाराम' की धुन गवाई। साथ ही उन्होंने भक्त कवि प्रीतम का गीत बुलंद आवाज में गाया-

अहमदाबाद के क्षितिज में मंगलप्रभात हुआ, भारत की गुलामी की जंजीरें तोड़ने के लिए भागीरथ प्रयत्न शुरू हुए। 12 मार्च को सुबह 6.20 पर वयोवृद्ध 61 वर्षीय महात्मा गाँधी के नेतृत्व में 78 सत्याग्रहियों ने जब यात्रा शुरू की, तब किसी को बुद्ध के वैराग्य की, तो किसी को गोकुल छोड़कर जाते हुए कृष्ण की, तो किसी को मक्का से मदीना जाते हुए पैगम्बर की याद आई। गाँधी जी के तेजस्वी और स्फूर्तिमय व्यक्तित्व के दर्शन मात्र से स्वतंत्रता के स्वर्ग की अनुभूति करते लाखों लोगों की कतारों के बीच दृढ़ और तेज गति से कदम बढ़ाते गाँधी जी और 78 सत्याग्रहियों का दल अन्याय, शोषण और कुशासन को दूर करने, मानवजाति को एक नया शस्त्र, एक अलग ही तरह की ऊर्जा और अमिट आशा दे रहा था।[1]

**नमक कानून को तोड़ना**

नमक कानून भारत के और भी कई भागों में तोड़ा गाया। सी. राजगोपालाचारी ने त्रिचनापल्ली से वेदारण्यम तक की यात्रा की। असम में लोगों ने सिलहट से नोआखली तक की यात्रा की। 'वायकोम सत्याग्रह' के नेताओं ने के. केलप्पन एवं टी. के. माधवन के साथ कालीकट से पयान्नूर तक की यात्रा की। इन सभी लोगों ने नमक कानून को तोड़ा। नमक कानून इसलिए तोड़ा जा रहा था, क्योंकि सरकार द्वारा नमक कर बढ़ा दिया गया था, जिससे रोजमर्रा की जरूरत के लिए नमक की कीमत बढ़ गई थी।

**अब्दुल गफ़्फ़ार खाँ का योगदान**

उत्तर पश्चिमी सीमा प्रदेश में खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान, जिन्हें सीमांत गाँधी भी कहा जाता है, के नेतृत्व में 'खुदाई खिदमतगार' संगठन के सदस्यों ने सरकार का विरोध किया। उन्होंने पठानों की क्षेत्रीय राष्ट्रवादिता के लिए तथा उपनिवेशवाद और हस्तशिल्प के कारीगरों को गरीब बनाने के विरुद्ध आवाज उठायी। 'लाल कुर्ती दल' के गफ़्फ़ार खाँ को 'फख्र-ए-अफगान' की उपाधि दी गयी। इन्होंने पश्तो भाषा में 'पख़्तून' नामक एक पत्रिका निकाली, जो बाद में 'देशरोजा' नाम से प्रकाशित हुई। गफ़्फ़ार खाँ को 'बादशाह खाँ' भी कहा जाता है। पेशावर में गढ़वाल राइफल के सैनिकों ने अपने साथी चंद्रसिंह गढ़वाली के अनुरोध पर 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' कर रहे आन्दोलनकारियों की भीड़ पर गोली चलाने के आदेश का विरोध किया। नमक कानून भंग होने के साथ ही सारे भारत में 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' ने जोर पकड़ा।

**रानी गाइदिनल्यू**

मुख्य लेख : रानी गाइदिनल्यू

नागाओं ने मदोनांग के नेतृत्व मे आन्दोलन किया। इस आन्दोलन को 'जियालरंग आन्दोलन' के नाम से जाना जाता है। मदोनांग पर हत्या का आरोप लगाकर फाँसी दे दी गई। इसके बाद उसकी बहन गाइदिनल्यू ने नागा विद्रोह की बागडोर संभाली। इसे गिरफ़्तार कर आजीवन कारावास दे दिया गया। जवाहरलाल नेहरू ने गाइदिनल्यू को 'रानी' की उपाधि प्रदान की। इसके बारे में जवाहरलाल नेहरू ने लिखा है कि- "एक दिन ऐसा आयेगा, जब भारत इन्हें स्नेहपूर्ण स्मरण करेगा।"

**दमन चक्र का भयानक रूप**

बम्बई के इस आन्दोलन का केंद्र 'धरासना' था, जहाँ पर सरकार दमन चक्र का सबसे भयानक रूप देखने का मिला। सरोजनी नायडू, इमाम साहब और मणिलाल के नेतृत्व में लगभग 25 हजार स्वयं सेवकों को धरासना नामक कारखाने पर धावा बोलने से पूर्व ही लाठियों से पीटा गया। धरासना के भयानक रूप का उल्लेख करते हुए अमेरिका के न्यू फ्रीमैन अखबार के पत्रकार मिलर ने लिखा है कि- "संवाददाता के रूप में पिछले 18 वर्ष में असंख्य नागरिक विद्रोह देखें हैं, दंगे, गली कूचों में मार-काट एवं विद्रोह देखे हैं, लेकिन धरासना जैसा भयानक दृश्य मैंने अपने जीवन में कभी नहीं देखा।"

**अन्य गतिविधियाँ**

'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' के दौरान, मुख्य रूप से बिहार में 'कर न अदायगी' का आन्दोलन चलाया गया। बिहार के सारन, मुंगेर तथा भागलपुर के ज़िलों में 'चौकीदारी कर न अदा करने' का आन्दोलन चलाया गया। मुंगेर के बहरी नामक स्थान पर सरकार का शासन समाप्त हो गया। इस समय मध्य प्रान्त, महाराष्ट्र और कर्नाटक में कड़े वन नियमों के विरुद्ध 'वन सत्याग्रह' चलाया गया। 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' के समय ही लड़कियों ने 'माजेरी सेना' तथा बच्चों ने 'वानर सेना' का गठन किया। महात्मा गाँधी की दांडी यात्रा के बारे में सुभाषचन्द्र बोस ने लिखा है- "महात्मा जी की दांडी मार्च की तुलना 'इल्बा' से लौटने पर नेपोलियन के 'पेरिस मार्च' और राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने के लिए मुसोलिनी के 'रोम मार्च' से की जा सकती है।"

**आन्दोलन की व्यापकता**

**दाण्डी मार्च पर जारी डाक टिकट**

1930 ई. के 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' के समय ही उत्तर पश्चिमी सीमा प्रदेश के कबायली लोगों ने गाँधी जी को 'मलंग बाबा' कहा। आन्दोलन क्रमशः व्यापक रूप से पूरे भारत में फैल गया। महिलाओं ने पर्दे से बाहर आकर सत्याग्रह में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। विदेशी कपड़ों की अनेक स्थानों पर होलियाँ जलाई गयीं। महिला वर्ग ने शराब की दुकानों पर धरना दिया तथा कृषकों ने कर अदायगी से इंकार कर दिया। 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' की मुख्य विशेषता थी 'बड़े पैमाने पर पहली बार किसी आन्दोलन में महिलाओं की मुख्य सहभागिता'। इसके पूर्व बहुत कम औरतों ने सार्वजनिक किस्म के राजनीतिक प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। उनमें से भी अधिकतक या तो चितरंजन दास या मोतीलाल नेहरू जैसे राष्ट्रीय नेताओं के परिवारों से संबंद्ध थीं या कॉलेज की छात्रायें थीं।

सरकार की झल्लाहट

चारों तरफ फैली इस असहयोग की नीति से अंग्रेज ब्रिटिश हुकूमत बुरी तरह से झल्ला गयी। 5 मई, 1930 ई. को गाँधी जी को गिरफ़्तार कर लिया गया। आन्दोलन की प्रचण्डता का अहसास कर तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने गाँधी जी से समझौता करना चाहा।

**गाँधीजी का कथन**

गाँधी जी ने यात्रा के लिए और जेल जाने के लिए अलग-अलग दो थैले तैयार किए थे, जो उनकी यात्रा की तस्वीरों में देखे जा सकते हैं, क्योंकि समग्र यात्रा के दौरान कब जेल जाना पड़ जाए, यह तय नहीं था। 16 मार्च को गाँधी जी ने नवजीवन में लिखा था- "ब्रिटिश शासन ने सयानापन दिखाया, एक भी सिपाही मुझे देखने को नहीं मिला। जहाँ लोग उत्सव मनाने आए हों, वहाँ सिपाही का क्या काम? सिपाही क्या करे? पूर्ण स्वराज्य यदि हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, तो हमें यह अधिकार प्राप्त करने में कितना समय लगना चाहिए? 30 कोटि मनुष्य जब स्वतंत्रता प्राप्ति का संकल्प करें, तो वह उसे मिलती ही है। 12 मार्च की सुबह का वह दृश्य उसी संकल्प का एक सुहाना रूप था।"

नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कहा कि "महात्मा जी के त्याग और देशप्रेम को हम सभी जानते ही हैं, पर इस यात्रा के द्वारा हम उन्हें एक योग्य और सफल रणनीतिकार के रूप में पहचानेंगे।"

**यात्रा के मुख्य बिंदु**

**दाण्डी मार्च के समय महात्मा गाँधी**

आणंद से लगे सरदार पटेल की कर्मभूमि करमसद और बारदोली से इस आंदोलन की नींव पड़ी। इलाके और आसपास के किसानों ने सरदार को अपनी समस्याएं बताईं, तो उन्होंने पूरे क्षेत्र का दौरा किया। इससे किसानों और गांव के लोगों से सीधा जुड़ाव हुआ। किसानों से सरदार का सीधा संपर्क होने के कारण ही गाँधी जी ने नमक सत्याग्रह की पूरी बागडोर उन्हें सौंपी। इसकी पूरी योजना और मार्ग का निर्धारण पटेल ने किया था।

यात्रा की सफलता के लिए सरदार पटेल मार्च से पहले गांवों के दौरे पर निकल गए थे। सरदार की इस रणनीति से घबराए अंग्रेजों ने उन्हें 7 मार्च को गिरफ्तार कर लिया, ताकि गाँधी जी का मनोबल टूट जाए। लेकिन ऐसा हुआ नहीं, क्योंकि तब तक आंदोलन ने गति पकड़ ली थी।

12 मार्च, 1930 को गाँधी जी ने साबरमती में अपने आश्रम से समुद्र की ओर चलना शुरू किया। इस आंदोलन की शुरूआत में 78 सत्याग्रहियों के साथ दांडी कूच के लिए निकले बापू के साथ दांडी पहुंचते-पहुंचते पूरा आवाम जुट गया था।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853

संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# सनबीम स्कूल में स्प्रिंग स्पोर्ट्स कैंप 'जोश' का हुआ शुभारंभ

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

शिक्षा का उद्देश्य न केवल बौद्धिक क्षमता को विकसित करना अपितु सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक रुप से विकसित करना होता है। यही कारण है कि विद्यालयी पाठ्यक्रम में क्रीड़ा को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।
बलिया जिले के अगरसंडा ग्राम स्थित सनबीम स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर अत्याधिक बल देता है,इसी कारण विद्यालय द्वारा समय समय पर विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए विभिन्न प्रकार की क्रियात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहता है।

इसी क्रम में वार्षिक परीक्षा के समाप्ति के उपरांत विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को कम करने के



लिए तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विद्यालय प्रांगण में पंद्रह दिवसीय स्पोर्ट्स कैंप जोश का आगाज हो गया है। इस कैंप में



विद्यार्थियों के मनोरंजन के साथ-साथ उनके शारीरिक वृद्धि के लिए लिए विभिन्न खेलों क्रमशः हैंडबॉल, कराटे, बास्केटबॉल,वॉलीबॉल, बैडमिंटन,टेबल टेनिस, चेस, शूटिंग,हॉकी योगा-एरोबिक्स , ताइक्वांडो आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन 10 मार्च को विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरूण सिंह एवम प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह द्वारा किया गया। विद्यालय निदेशक डॉ सिंह ने इस कैंप के विषय में बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है।इसलिए बच्चों के बौद्धिक क्षमता को विकसित करने के लिए उनके शारीरिक क्षमता को बढ़ाना आवश्यक है। श्री सिंह ने बताया कि परीक्षा के कारण विद्यार्थियों का मानसिक तनाव अत्यंत बढ़ जाता है क्योंकि उनपर उचतम अंक प्राप्त करने का दबाव होता है जिस कारण वह थके थके अनुभव करने लगते है एवम उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन प्रवेश करने लगता है। ऐसे में उनका रुझान खेल की ओर करने के लिए इस तरह के कैंप का आयोजन आवश्यक होता है। ताकि बच्चे अपना समय सही दिशा में व्यतीत कर सके। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस कैंप में मुख्य रूप से योगा और एरोबिक्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो सभी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है।
प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने कैंप में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है लेकिन आजकल विद्यार्थी मोबाइल और कंप्यूटर पर अपना समय ज्यादा व्यतीत कर रहे जिससे वो बीमार पड़ने लगे है। उन्होंने छात्रों को प्रांगण में खेलने की सलाह दी जिससे उनका शारीरिक विकास हो सके। कैंप में बतौर प्रशिक्षक क्रमशः कमल यादव, तरुण सक्सेना,राजेश कुमार सिंह, अबू सईद,नवतेज, बृजेश सिंह,मुकेश,निखिल,पूनम यादव, सांभवी, प्रीति गुप्ता,अमित पांडेय का योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यह संपूर्ण कैंप विद्यालय के क्रीड़ा अध्यापक पंकज कुमार सिंह के निरीक्षण में आयोजित है।

# जिलाधिकारी ने बछईपुर स्थित गो-आश्रय का किया निरीक्षण

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज**

बलिया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बृहद गो-आश्रय स्थल ,बछईपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि वहां पर गोवंश



के पशु संख्या के अनुरूप उपस्थित नहीं है। उनके द्वारा पूछे जाने पर पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया गया कि यहां पर 201 पशु है। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि 15 दिन के अंदर उन्हें कारण बताएं कि 8 पशुओं की मृत्यु कैसे हुई। इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द उनके सामने प्रस्तुत की जाए। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ चार्जसीट जारी करने का निर्देश एसडीएम रसड़ा और वीडियो को दिया।
जिलाधिकारी ने कहा की अगर इस प्रकार की घटना दोबारा होती है तो संबंधित सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने पशुओं के लिए दिए जाने वाले चारों की गुणवत्ता और पानी आदि की व्यवस्था देखी।

## साइकिल चोरों का आतंक

# आए दिन किसी ना किसी की हो रही ह साइकिल चोरी की घटना

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) दया छपरा ढाला पर साइकिल चोरों का आतंक आए दिन किसी ना किसी की साइकिल चोरी की घटना हो रही है । जबकि दया छपरा ढाला पर हमेंशा पुलिस बल तैनात रहता है । फिर भी ना तो चोरी रुक रही हैं ना ही शराब खोरी जिससे आम जनता में असंतोष व्याप्त है । अभी नई घटना मंगलवार कि रात्रि 7बजे होली का बजार करते समय राष्ट्रीय राजमार्ग 31के दया छपरा ढाला से एक साइकिल कि चोरी हो गई। सुचना पर पहुंचे बैरिया थाना के दिवान रामनगीना यादव ने सी सी कैमरा से देर रात तक साइकिल चोर का पहचान करते रहें। बताते चलें कि पाण्डेय पुर के रामपुर निवासी शतीश कुमार मिश्र उर्फ चेला बाबा के भतीजा अभिजीत मिश्र पुत्र अशोक मिश्र मंगलवार के रात्रि दया छपरा ढाला स्थित राजा के दुकान के सामने सब्जी बाजार से सब्जी खरीद रहे थे। कि उसी वक्त कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी साइकिल लेकर भाग निकला। समान लेकर जब अभिजीत मिश्र बाहर आए तो साइकिल न पाकर सकते मे आ गए और साइकिल कि तलास में लग गए। सुचना पर पहुंचे बैरिया थाने के दीवान राम नगीना यादव ने आस पास के दुकानदार के सी सी टीवी कैमरा से चोर के पहचान करने के प्रयास मे लग गए। पर देर तक सफलता नहीं मिली। अभिजीत मिश्रा ने बताया कि हमने साइकिल चोरी का लिखित सूचना भी बैरिया थाने में दे दिया है। ज्ञातव्य हो कि दया छपरा ढाला पर रसाइकिल व मोबाईल चोर काफी दिनों से सक्रिय हो गए हैं। आए दिन किसी न किसी किसी कि मोबाईल और साइकिल चोरी हो रहि है। जबकि हमेशा पुलिस बल तैनात रहता है। फिर भी न तो चोरी रुक रहि है न शराब खोरी जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।

## भाजपा बाँसडीह मण्डल की अध्यक्षता में शक्ति केंद्र बाँसडीह नगर पचायत के वार्ड 3 में सगोष्ठी का आयोजन

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बाँसडीह (बलिया) : भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मु के अभिभाषण पर प्रत्येक शक्ति केंद्र पर सगोष्ठी आयोजित करने के क्रम में आज भाजपा बाँसडीह मण्डल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा की अध्यक्षता में शक्ति केंद्र बाँसडीह नगर पचायत के वार्ड 3 में सगोष्ठी का आयोजन किया गया।आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्यअतिथि भाजपा गोरक्षप्रान्त की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर



माल्यापर्ण तथा दीप प्रज्वलित कर गोष्ठि का शुभारंभ किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत करते हुये कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।आयोजित गोष्ठी में राष्ट्रपति द्वारा दिये के अभिभाषण पत्र के चार भाग को शक्ति केंद्र के चार प्रमुख कार्यकर्ताओ ने उपस्थित लोगों को पढ़कर सुनाया।आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये भाजपा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मु द्वारा अपने अभिभाषण में देश के विकास और उसके गौरव गाथा से अवगत कराया वह प्रेरणादायक है।किंद्र में चल रही मोदी सरकार ने जो आम जनता के लिये मुफ्त आवास,शौचालय और राशन तक कि व्यवस्था की है वह अपने आप मे एक मिसाल है देश को करोना काल से सुरक्षित निकाल ले जाना यह प्रधानमंत्री के साहस और कुशल नेतृत्व को दशार्ता है।श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि आज भारत दिन प्रतिदिन विश्वगुरु बनने की तरफ अग्रसर है।आयोजित गोष्ठि में तेजबहादुर रावत,रविंद्र मिश्रा,विजय रावत,शिवकुमारी देवी,नीलम देवी,रूनी तुरहा,शान्ति राजभर,अविनाश रावत,प्रवीण रावत सहित आदि लोग बड़ी सख्या में उपस्थित रहे।

# मसहां गांव में इंटरलाकिंग सड़क का ब्लाक प्रमुख ने किया लोकार्पण,राहत

**जुनैद अहमद, समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : गड़वार विकास खण्ड के मसहां गांव में शनिवार को इंटरलाकिंग सड़क का लोकार्पण ब्लाक प्रमुख अतुल कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इंटरलाकिंग मार्ग का लोकार्पण होने से क्षेत्रीय जनता ने राहत की सांस ली है। इस दौरान प्रमुख अतुल प्रताप सिंह ने कहा कि मसहां गांव के ग्रामीणों के आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में लोगों को परेशानी होती थी। ऐसे में बाह्मण स्वयं के प्रदेश महासचिव राजेश मिश्रा की पहल पर ब्लाक प्रमुख ने नूरपुर-मसहां सम्पर्क मार्ग से कर्बला होते हुए राजेश मिश्रा(राजू) के दरवाजे तक इंटरलाकिंग पेवर्स ब्लाक रोड का निर्माण लगभग आठ लाख रुपए की लागत से दो सौ मीटर इंटरलाकिंग सड़क राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के तहत बनाने का प्रस्ताव पारित कर उक्त सड़क का निर्माण कराया गया। इस मार्ग से ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि गड़वार विकास खंड के हर गांव में जहां भी आवश्यकता होगी वहां विकास का कार्य कराया जाएगा। कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। ग्राम प्रधान दद्दू प्रसाद ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों के हर सुख-दुख में जनप्रतिनिधि भागीदार हैं। कहा कि गांव के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन बीएसएस के जिलाध्यक्ष रिंकू दूबे ने किया। इस अवसर पर विनीत कुमार सिंह,पंकज मिश्र,राम जी चौबे, जितेन्द्र तिवारी,सरोज दुबे,बृज मोहन मिश्र, अंकित मिश्र, इंडियन हुमन राइट काउंसिल बलिया के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पाण्डेय,अखिलेश मिश्र, डा०बशीर,हर्ष मिश्र,गोलू मिश्र, सुशील कुमार, रत्नाकर दुबे जी , आशीष पांडे, राजा पांडे पप्पू मिश्रा, अमरनाथ मिश्रा मनोज मिश्रा प्रेम शंकर मिश्रा सुशील मिश्रा कृष्ण कुमार मिश्रा, दीनबंधु बर्मा, सत्येन्द्र एवं उमाशंकर पाण्डेय मौजूद रहे।

# थाना दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने गढ़वार थाने में थाना दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी लेखपालों को निर्देश दिया कि किसी भी मामले की जांच संयुक्त टीम बनाकर की जाए, जिसमें राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के लोग शामिल हो। लोगों की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने पाया कि सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित हैं, जिसमें आपसी मारपीट और जमीनी विवाद हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना दिवस का महत्व तभी है जब समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए।
पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने भी सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी मामले की घटना मिलने पर तुरंत वहां पहुंचे और



मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही करें। जो भी गलत पाया जाए उस पर कानूनी धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर गढ़वार थाने के सभी पुलिस कर्मचारी और राजस्व विभाग के लेखपाल तथा कानूनगो उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय यादव महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**संगठन विस्तार पर हुई चर्चा समर्पित लोगों को दी गई जिम्मेदारी**

**दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण**

जौनपुर, मछलीशहर। अखिल भारतीय यादव महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मछलीशहर– जौनपुर नेशनल हाईवे पर स्थित एक वाटिका में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजीत सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई जहां संगठन के विस्तार और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। इस मौके पर भदोही जिलाध्यक्ष को बदलकर सर्वेश यादव को जिम्मेदारी सौंपी गयी। साथ ही राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विधान चन्द यादव को बनाने पर चर्चा हुई। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यादव के अलावा दिनेश यादव, रामधर यादव सहित अन्य वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव रामधर यादव, राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहन लाल यादव, नवनियुक्त कोषाध्यक्ष विधान चन्द, दीपेंद्र सिंह यादव, रमेश यादव,

# दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष बने आलोचक प्रो कुमुद शर्मा

**संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात कथाकार स्व अमरकांत की बहू साहित्यकार, आलोचक



प्रो कुमुद शर्मा को दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रो कुमुद शर्मा के इस उपलब्धि पर साहित्य जगत एवं बुद्धिजीवी वर्ग में हर्ष व्याप्त है।
दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पीयूष कुमार द्विवेदी ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास में प्रो कुमुद शर्मा तीसरी महिला विभागाध्यक्ष बनी है। आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव में हिन्दी विभाग के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रोफेसर कुमुद शर्मा को विभागाध्यक्ष बनाया गया है।बताया कि प्रो कुमुद शर्मा बलिया जनपद के भगमलपुर (नगरा) निवासी प्रख्यात कथाकार स्व अमरकांत के पुत्र अरुण वर्द्धन की पत्नी है। उनकी उच्च शिक्षा एमए,पीएचडी इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हुई है। इसके बाद रांची विश्वविद्यालय से डी लिट की उपाधि हासिल की।प्रो कुमुद शर्मा कई किताबे भी लिखी है, जो देश के कई विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती हैं। उन्हें भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार एवं प्रेमचन्द रचनात्मक लेखन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्रो कुमुद शर्मा के निर्देशन में तमाम शोधार्थियों ने एमफिल एवं पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। प्रो कुमुद शर्मा के विभागाध्यक्ष नियुक्त होने की पूर्व प्रमुख निर्भय प्रकाश, भाजपा के जिला महामंत्री आलोक शुक्ला, केएम पांडेय, दिग्विजय सिंह, काशीनाथ जायसवाल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# श्रमिकों को किया गया हितलाभ प्रमाण पत्र का वितरण

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया। जितेन्द्र कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी,ने बताया कि दिनांक 11.3.2023 को मा० श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में श्रम विभाग बलिया में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को



बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत हितलाभ प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसमें पुत्री विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत 882 लाभार्थियों के सापेक्ष कुल रू0 4,85,10,000/- (चार करोड़ पचासी लाख दस हजार मात्र) एवं "निर्माण कामगार अन्त्येष्टि सहायता योजना के अन्तर्गत 25 लाभार्थियों के सापेक्ष कुल रु० 6,25,000/- की धनराशि वितरित की गयी। साथ ही श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत 2,000 बेरोजगार लोगों का रजिस्ट्रेशन कर रोजगार प्रदान किया गया।
कार्यक्रम में श्री दानिश आजाद अंसारी राजमंत्री, श्री रविन्द्र कुशवाहा सांसद सलेमपुर, श्री सकलदीप राजभर राज्यसभा सांसद, श्री जयप्रकाश साहू भाजपा जिलाध्यक्ष, श्री छटट् राम पूर्व मंत्री इत्यादि जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# नवनिर्मित गणीनाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई शोभा यात्रा

**संतोष द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : कस्बे के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के समीप



नवनिर्मित गणीनाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से आरम्भ होकर प्राचीन दुर्गा मन्दिर पहुंची, जहां से कलश में जल भरकर पूरे कस्बे का भ्रमण करती हुई गणी नाथ मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई।
मद्धेशिया समाज के सिद्ध संत गणीनाथ जी की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित तीन दिवसीय अनुष्ठान के क्रम में निकली शोभा यात्रा में पांच दर्जन से उपर युवक युवतियां पीत वस्त्र से माथे पर कलश लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में संत गणी नाथ जी की मनमोहक झांकी के अलावा अन्य देवी देवताओं की झांकियां सुंदरता बढ़ा रही थी। गाजे बाजे व हाथी घोड़े से सुसाज्जित शोभायात्रा प्राचीन दुर्गा मन्दिर स्थित सरोवर से कलश में जल भरने के उपरांत काली मन्दिर, सिकंदरपुर मार्ग, घोसी मार्ग, बेल्थरा रोड मार्ग , गड़वार मोड़ का भ्रमण करने के उपरांत मन्दिर पर पहुंच कर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री छट्ठू राम, जिला महामंत्री आलोक शुक्ला, जेपी जायसवाल, रामायण ठाकुर,राज कुमार मद्धेशिया, राम जी प्रसाद,रमेश मद्धेशिया, ज्वाला प्रसाद, वीरेंद्र, कन्हैया, राजेश मद्धेशिया सहित दर्जनों स्वजातीय बन्धु के अलावा सभी राजनैतिक दलो के निकाय चुनाव लडने वाले नेता मौजूद रहे।

# समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने रामपुर थाना में की जन सुनवाई

**– शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण के दिए निर्देश**
**– सबसे ज्यादा मधुबन में कुल 15 प्रार्थना पत्र पड़े**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय के साथ थाना समाधान दिवस पर थाना रामपुर में जन सुनवाई की। उन्होंने थाना समाधान दिवस पर आई शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश



दिए। राजस्व संबंधी शिकायतों का जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपालों को तत्काल मौके पर जाकर पुलिस के सहयोग से निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होने एक-एक करके सभी शिकायतकताओं की शिकायतें सुनी एवं मौके पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। कुछ शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मधुबन को स्वयं मौके पर जांच कर शिकायतों के निस्तारण के भी निर्देश दिए। इस दौरान , थाना रामपुर में 02, चिरैयाकोट में कुल 06 प्रार्थना पत्र, थाना दक्षिणटोला में 01, दोहरीघाट में 03, घोसी में 10, हलधरपुर में 08, कोपागंज में 05, कोतवाली में 08, मधुबन में 15, मुहम्मदाबाद में 08, रानीपुर में 04, सरायलखंसी में 06 प्रार्थना पत्र पड़े।

# जनपद के सभी विकास खंड में होगा बड़े खेल मैदान का निर्माण – डीएम

**– 32 के सापेक्ष 16 का निर्माण पूरा, शेष का निर्माण अपने अंतिम चरण में**
**– जिलाधिकारी ने नवनिर्मित रूरल हाट बाजार एवं खेल मैदान का किया लोकार्पण**
**– मनरेगा से हो रहा है स्थाई एवं जन उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा विकासखंड फतेहपुर मंडाव के अंतर्गत मनरेगा के तहत नवनिर्मित ग्राम पंचायत फूलपुर में रूरल हाट बाजार एवं ढिलई फिरोजपुर में खेल मैदान का लोकार्पण किया गया। डीसी मनरेगा को आगामी वित्तीय वर्ष हेतु नए रूरल हाट बाजार एवं खेल के मैदानों के लिए जमीन के चिन्हांकन के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यवाही भी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विकासखंड में एक बड़े खेल के मैदान के निर्माण हेतु जमीन चिन्हित करने को कहा,जिसमे अधिक से अधिक खेलो हेतु व्यवस्था की जा सके।
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत विकासखंड फतेहपुर मंडाव के अंतर्गत ग्राम पंचायत फूलपुर में ग्रामीण हाट बाजार का निर्माण कराया गया है,जिसमें दो चबूतरा, एक कार्यालय, एक हैंडपंप सहित अन्य आवश्यक चीजों का निर्माण शामिल है। इस रूरल हाट बाजार के निर्माण की अनुमानित लागत 17.95 लाख रुपए है। इसका निर्माण कार्य 29 जनवरी 2023 को प्रारंभ किया गया था। उन्होंने बताया कि इस ग्रामीण हाट बाजार में चबूतरों का 26 दुकानदारों को आवंटन किया जाएगा, जिससे आसपास के लोगों को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा, साथ ही ग्रामीण हाट बाजार के निर्माण से आस-पास के 6 से 7 गांव के लोगों को इसका लाभ होगा। सप्ताह में सोमवार एवं शुक्रवार को यहां बाजार लगाई जाएगी। इस वित्तीय वर्ष हेतु निर्धारित 9 रूरल हाट बाजारों के निर्माण के सापेक्ष दो विकास खंडों में रूरल हाट बाजार का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष सात विकास खंडों में निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है। सभी 9 रूरल हाट बाजारों के निर्माण से लगभग 13500 मानव दिवस का सृजन भी होगा।
ग्राम पंचायत ढ़िलई फिरोजपुर में खेल मैदान का भी लोकार्पण किया गया। यहां पर ओपन जिम के अलावा बालीबाल कोर्ट, सेल्फी प्वाइंट, बाउंड्री वॉल के किनारे इंटरलॉकिंग कार्य के साथ ही अन्य खेलों के लिए खुले मैदान की भी व्यवस्था है। जनपद के गांवों में खेल के मैदान के निर्माण हेतु जिला प्रशासन द्वारा कुल 32 गांवो में खेल के मैदान का निर्माण कराया जा रहा है, जिनमें 16 खेल के मैदान पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। शेष अन्य पर भी तेजी से कार्य कराया जा रहा है,जिसके मार्च के अंत तक पूर्ण होने की संभावना है। जिला प्रशासन की मंशा है कि प्रत्येक न्याय पंचायत में कम से कम एक खेल के मैदान का निर्माण कराया जाए। वित्तीय वर्ष हेतु निर्धारित लक्ष्य 32 खेल के मैदान के निर्माण के दौरान कुल लगभग 41600 मानव दिवस का भी सृजन होगा।
निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के अलावा उप जिलाधिकारी मधुबन, डीसी मनरेगा उपेंद्र पाठक, खंड विकास अधिकारी फतहपुर मंडाव सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# महिला सशक्तिकरण के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : राष्ट्रीय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त निर्देशन में न्यायाधीश रामेश्वर एवं अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला कारागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर महिलाओं को सशक्त किए जाने हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता शिविर के दौरान वक्तागणों द्वारा उपस्थित महिला बंदियों को भारतीय संविधान में वर्णित महिला के अधिकारों एवं संरक्षण के बाबत प्रावधानों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। महिलाओं के विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु जनपद में स्थापित सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य सहायक संस्थानों के माध्यम से महिला समस्याओं के समाधान हेतु उपलब्ध संसाधन के बारे में भली-भांति अवगत कराया गया। बालिकाओं एवं महिलाओं के हितों की रक्षा हेतु भारतीय दंड संहिता 1860, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 एवं पास्को एक्ट के उन प्रावधानों से अवगत कराया गया जो कि महिलाओं एवं बालिकाओं के हित संरक्षण हेतु हैं। शिविर के दौरान जेल अधीक्षक, उपजेलर, नामित रिसोर्स परसन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, प्रभारी अधिकारी महिला थाना, फार्मासिस्ट, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, पैरा लीगल वालंटियर तथा महिला पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# रेल संरक्षा आयुक्त इंदारा-किड़िहरापुर रेलवे ट्रैक का करेंगे निरीक्षण, कई ट्रेन निरस्त

**– कई ट्रेनों का मार्ग में किया गया परिवर्तन, आदेश जारी**
**– रेल संरक्षा आयुक्त 30 मार्च को करेंगे निरीक्षण, तैयारी तेज**

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

मऊ : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के औंड़िहार-भटनी रेलखंड पर इंदारा-किड़िहरापुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण का कार्य किया जा रहा है।



वहीं इंदारा स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा। इसके चलते मार्च तक कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है तो कई का मार्ग परिवर्तन किया गया है। 30 मार्च को खुद रेल संरक्षा आयुक्त इसका निरीक्षण करेंगे। जन संपर्क अधिकारी वाराणसी अशोक कुमार ने बताया कि भटनी-औंड़िहार खंड के दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है। इस दोहरीकरण से गोरखपुर से प्रयागराज के मध्य सभी खंड दोहरीकृत किए जाएंगे। इंदारा से किड़िहरापुर के दोहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसका रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा 30 मार्च को निरीक्षण रेंगे। इंदारा के यार्ड रिमाडलिंग एवं विद्युतीकृत लाइन के साथ दोहरीकरण के पश्चात मऊ-इंदारा रेलखंड की लाइन क्षमता बढ़ जाएगी। पर्याप्त ब्लाक उपलब्ध होगा तथा मालगाड़ियों का संचालन निर्बाध रूप से कराया जा सकेगा। इसके साथ ही दोहरीघाट से भी जुड़ाव हो जाएगा।

### विभिन्न ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी अप और डाउन परिवर्तित मार्ग लखनऊ-बाराबंकी-गोरखपुर-छपरा के रास्ते चलेगी। दरभंगा-अहमदाबाद विशेष गाड़ी अपने परिवर्तित मार्ग छपरा-गोरखपुर-मनकापुर-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलेगी। गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस अप और डाउन दोनों अपने परिवर्तित मार्ग भटनी-सीवान-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी। अजमेर-किसनगंज एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग अयोध्या कैंट-मनकापुर-गोरखपुर-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी। - छपरा-सूरत एक्सप्रेस अप व डाउन अपने परिवर्तित मार्ग गाजीपुर सिटी-औंड़िहार-जौनपुर के रास्ते चलाई जाएगी। दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस अप और डाउन परिवर्तित मार्ग गाजीपुर सिटी-औंड़िहार-जौनपुर-शाहगंज के रास्ते चलाई जाएगी। बलिया-दादर विशेष गाड़ी अप और डाउन परिवर्तित मार्ग बलिया-गाजीपुर सिटी-औंड़िहार के रास्ते चलाई जाएगी। आनंद विहार टर्मिनस-सीतामढ़ी एक्सप्रेस अप और डाउन अपने परिवर्तित मार्ग औंड़िहार-गाजीपुर सिटी-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी। गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस अप और डाउन परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-मनकापुर-अयोध्या कैंट-शाहगंज के रास्ते चलाई जाएगी। अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग शाहगंज-जौनपुर-गाजीपुर सिटी-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस अप और डाउन परिवर्तित मार्ग जौनपुर-औंड़िहार-गाजीपुर सिटी-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी। नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-मनकापुर-अयोध्या-जौनपुर-वाराणसी के रास्ते चलाई जाएगी। दादर-गोरखपुर विशेष गाड़ी अप और डाउन परिवर्तित मार्ग औंड़िहार-गाजीपुर सिटी-बलिया के रास्ते चलाई जाएगी। कोलकाता-आजमगढ़ एक्सप्रेस अप व डाउन आजमगढ़ के स्थान पर छपरा में यात्रा समाप्त करेगी और वहीं से रवाना होगी। वाराणसी सिटी-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस अप व डाउन वाराणसी सिटी के स्थान पर गोरखपुर से चलेगी और वहीं से रवाना होगी।- दादर-गोरखपुर विशेष गाड़ी गोरखपुर के स्थान पर बलिया में यात्रा समाप्त कर वहीं से रवाना होगी। अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर मऊ में यात्रा समाप्त कर यहीं से रवाना होगी।

**निरस्त होने वाली ट्रेन**

- **वाराणसी-भटनी विशेष ट्रेन 11 से 30 मार्च तक**
- **वाराणसी सिटी-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 11 से 30 मार्च तक**
- **बलिया-शाहगंज पैसेंजर 13 से 30 मार्च तक**
- **शाहगंज-बलिया पैसेंजर 14 से 30 मार्च तक**
- **बलिया-शाहगंज विशेष ट्रेन 14 से 30 मार्च तक**
- **वाराणसी सिटी-भटनी विशेष ट्रेन 14 से 30 मार्च तक**
- **भटनी-वाराणसी सिटी विशेष ट्रेन 15 से 30 मार्च तक**
- **छपरा-मऊ विशेष ट्रेन 20 से 30 मार्च तक**
- **मऊ-छपरा विशेष ट्रेन 21 से 30 मार्च तक**
- **वाराणसी-गोरखपुर विशेष ट्रेन 26, 29 एवं 30 मार्च**
- **छपरा-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस 26 से 30 मार्च तक**

# सीनियरों के लिये जूनियरो ने किया फ्रेसर्स पार्टी का आयोजन

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर, शाहगंज। आर.के. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज फैजाबाद रोड बैंकर्स कॉलोनी के



प्रांगण में पैरामेडिकल संकाय के प्रिंसिपल डॉ. सूर्यभान के मार्गदर्शन में फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं द्वारा फ्रेसर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शरूआत कॉलेज की चेयरमैन उषा दुबे, डॉ. नीतू दुबे चिकित्सा अधिकारी, डॉ. पल्लवी दुबे, सुप्रिया दुबे एवं नर्सिंग संकाय की प्रिंसिपल दीपशिखा सिंह ने मां सरस्वती पूजन करते हुये दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात D.O.T., D.P.T., M.R.I., CT-SCAN, X-RAY EUÔ ORTHOPEDIC & PLASTER TECHNICIAN की छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसी क्रम में डॉ. विकास दुबे ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. विपिन यादव, डॉ. वसीम खान, डॉ. सत्य प्रकाश अस्थाना, अर्पिता मिश्रा, गीता राव, सुनीता, प्रियंका आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे। अन्त में कालेज के प्रबंधक डॉ0 जे.पी. दुबे (ट. इ.इ.र., ट.र., डफ्ळ्ळड इल्व) ने अपने सम्बोधन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। अन्त में डा. जेपी दुबे ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ट्रेन के जरिये हवाला के रुपयों की सप्लाई, 1.5 करोड़ कैश के साथ युवक गिरफ्तार, दिल्ली करनी थी डिलीवरी

चंदौली. पंडित दीनदयाल स्टेशन पर रेल पुलिस यानी जीआरपी को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. डीडीयू जीआरपी ने डेढ़ करोड़ कैश के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है. पंडित दीनदयाल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 से यह गिरफ्तारी हुई है. बताया जा रहा है पकड़ा गया युवक इस पैसे की खेप को लेकर दिल्ली से हावड़ा जा रहा था. खास बात यह है कि पकड़े गए युवक के पास से एक टोकन बरामद हुआ है जिसके जरिए इस पर से की डिलीवरी होनी थी. बताया जा रहा है कि इस टोकन चाइनीज कोड अंकित है, ऐसे में शक जताया जा रहा है यह पैसा हवाला का है.

# प्रीति श्रीवास्तव को इंस्पायरिंग वूमेन अवार्ड-2023 से नवाजा गया

## *ऑनलाइन वोटिंग से प्रदेश में प्रथम व देश में द्वितीय स्थान मिला*

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर। राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित एवं महिलाओं को समर्पित इंस्पायरिंग वूमेन अवार्ड 2023 सीजन 3 की प्रतियोगिता में विकास खण्ड बक्शा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय रन्नो की शिक्षिका प्रीति श्रीवास्तव प्रदेश में प्रथम तथा देश में शीर्ष द्वितीय स्थान की विजेता घोषित हुईं। शिक्षिका को यह बड़ी उपलब्धि ऑनलाइन वोटिंग द्वारा प्राप्त हुई। फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन एवं धर्म प्रकाश शर्मा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट पुष्कर राजस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के प्रथम चरण में पूरे देश से 80 महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर



चयनित किया गया था। दूसरे चरण में ऑनलाइन वोटिंग के माध्यम से 21 विजेता चुने जाने थे जिसमें एक स्टेट से केवल शीर्ष 4 की महिलाओं को ही चयनित किया जाना था। उत्तर प्रदेश से 7 महिलाओं ने फाइनलिस्ट के रूप में द्वितीय चरण में प्रतिभाग किया जिसमें राष्ट्रीय अवार्ड विजेता शिक्षिका भी सम्मिलित रहीं। प्रीति ने वोट एवं सपोर्ट करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। मालूम हो कि राष्ट्रीय स्तर के इस अवार्ड की विजेता बनीं प्रीति शिक्षा के क्षेत्र में एक विशेष पहचान रखती हैं। इनके द्वारा कोविड काल मे बच्चों की शिक्षा हेतु विशेष प्रयास किये गए हैं। साथ ही शिक्षिका को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति पुरस्कार के साथ कई राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिले हैं।

# शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने निकाली जागरूकता रैली

देवेश निगम संवाददाता समाज जागरण

जौनपुर। नगर के टीडी महिला कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस शनिवार को स्वयंसेविकाओं ने



कार्यक्रम अधिकारियों के साथ मां सरस्वती और विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए जगे-जगे का गान किया जिसके बाद महाविद्यालय परिसर की सफाई करते हुये संयुक्त रूप से रैली निकाली। रैली को प्रधानाचार्य डॉ वंदना सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली दोनों चयनित ग्रामों मातापुर मलिन बस्ती व वाजिदपुर दक्षिणी तक गयी जहां के बाद वापस महाविद्यालय परिसर में रैली का समापन हुआ। रैली यातायात सुरक्षा के लिए निकाली गयी। स्वयंसेविकाओं ने रैली के दौरान बड़े ही उत्साह से लोगों को जागरूक करते हुए नारा लगाया। बौद्धिक सत्र के वक्ता डॉ प्रभाकर सिंह ने स्वयंसेविकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तुम लोगों को जागरूक करने का यह प्रयास बड़ा ही सराहनीय है।

# समाधान दिवस मे एसडीएम व सीओ ने सुनीं शिकायतें, एक का निस्तारण

**समाधान दिवस में शिकायतों की सुनवाई करते एसडीएम व सीओ**

लालगंज प्रतापगढ़। थाना समाधान दिवस में यहां कोतवाली में चार शिकायतो मे अफसरो ने एक का मौके पर निस्तारण कराया। समाधान दिवस मे एसडीएम उदयभान सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने शिकायतो की सुनवाई की। एसडीएम ने समाधान दिवस मे मौजूद लेखपालों तथा राजस्व निरीक्षको को भूमि सम्बन्धी विवादो को मौके पर स्वयं की मौजूदगी में निस्तारण कराने के



कडे निर्देश दिये। वहीं एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपालो को फरियादियो द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्रो पर कार्रवाई का अपडेट हर हाल मे सुनिश्चित रखे जाने के भी निर्देश दिये। एसडीएम ने तहसील समाधान दिवस तथा थाना समाधान दिवस के साथ आईआरजीएस के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण मे स्पष्ट आख्या अंकित न होने पर नाराजगी जतायी। उन्होने शिकायतो के निस्तारण मे अपूर्ण कार्रवाई को लेकर मातहतो को आगाह करते हुए एक विवाद से जुडे प्रार्थना पत्रों को संग्रह कर निस्तारण की प्रक्रिया में सतर्कता के साथ अपडेट रखने को कहा। वही सीओ रामसूरत सोनकर ने थानेदारो को दो पक्षो के बीच किसी भी प्रकार के विवाद मे वीट सूचना भी तत्काल दर्ज कराने के निर्देश दिये।

# श्री रामलीला समिति ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

चंदन गुप्ता संवाददाता समाज जागरण

जौनपुर, मड़ियाहूं। नगर के गोला बाजार (रामलीला मैदान) मैं स्थित सालिकराम जायसवाल उत्सव भवन के परिसर में शुक्रवार की शाम श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मछली शहर जिला के भाजपा अध्यक्ष रामविलास पाल रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में मड़ियाहूं के लोकप्रिय विधायक डा.आर.के. पटेल उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि बीपी सरोज सांसद के साथ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ब्रह्मदेव मिश्रा उपस्थित रहे।

रामलीला समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू तथा समस्त पदाधिकारी व नगर के संभ्रांत नागरिको ने होली मिलन समारोह में उपस्थित होकर लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले और अतिथियों का माला फूल पहनाकर स्वागत किया और एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रामविलास पाल ने सर्वप्रथम मड़ियाहूं नगर वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा होली खुशियों का त्योहार है। होली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार है, जिसमें सभी आपस में गले मिलकर पुराने गिले-शिकवे




भूल जाते हैं।

रामलीला अध्यक्ष दिलीप साहू ने अपने संबोधन में बताया कि आपस में भाईचारा और सौहार्द बना रहे इसी उद्देश्य से समिति द्वारा प्रति वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। होली मिलन समारोह में मौजूद रहे भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अखिल प्रताप सिंह, सरदार परमजीत सिंह, लाल प्रताप सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रह्मदेव मिश्रा, दिलीप कुमार जायसवाल,भैया राम पटेल, सुनील पटेल, ब्रह्मदेव उपाध्याय, पूर्व चेयरमैन कमला प्रसाद साहू, विनोद निगम,पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्रप्रकाश पप्पू सिंह, समाजसेवी विनोद जायसवाल, सभासद नितेश सेठ, मनोज चौरसिया, मोहनलाल चौरसिया, विनोद निगम, कमला प्रसाद यादव, माता प्रसाद यादव, श्याम मिश्रा,अनुज मोदनवाल, चंद्रभान यादव,रामचंद्र जायसवाल , अनिल गुप्ता, जुगनू मोदनवाल, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, पत्रकार मुकेश मोदनवाल, पत्रकार अभिषेक पटेल, पत्रकार दिलीप कुमार जायसवाल, पत्रकार शादाब अंसारी, पत्रकार चंदन केसरी, लल्ली प्रजापति, पंकज सहित नगर के सभी सम्मानित नगर वासी होली मिलन समारोह में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल गुप्ता एवं शिवदत्त पांडे ने संयुक्त रूप से किया तथा गायक प्रेम प्रजापति द्वारा होली के गीत एवं फगुआ गीत प्रस्तुत किया गया' अंत में आयोजकों ने लोगों को गुजिया खिलाकर सभी उपस्थित जन को ठंडाई पिलाई।

# जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा की अनूठी पहल।

## *जिलाधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में श्रमदान कर, दिया स्वच्छता का संदेश।*

जिलाधिकारी के साथ अधिकारीगण व कर्मचारियों ने भी कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई कर किया श्रमदान। समस्त विभाग अध्यक्ष अपने-अपने कार्यालय परिसर में मानकों के अनुरूप पत्रावलियों की रखरखाव व्यवस्था करें सुनिश्चित अधिकारीगण अपने-अपने कार्यालयों में साफ सफाई व्यवस्था पर रखें विशेष फोकसजिलाधिकारी के आह्वान पर जनपद के समस्त विभागों में अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा किया गया श्रमदान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का भी किया निरीक्षण, साफ सफाई को दुरुस्त रखने के दिए आवश्यक दिशा निर्देश

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के महत्वकांक्षी कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के क्रम में एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप समस्त विभागों के कार्यालय परिसर में मानकों के अनुरूप पत्रावलियों का रखरखाव एवं कार्यालय परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के द्वारा एक अनूठी पहल की गई। जिलाधिकारी ने आज प्रातकाल 8:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर कलेक्ट्रेट परिसर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से श्रमदान किया।

इस अवसर पर जिला अधिकारी के साथ उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट ग्रेटर नोएडा उमेशचंद्र निगम, जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी गण एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारी गण के द्वारा भी कलेक्ट्रेट परिसर में साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। श्रमदान के उपरांत जिला अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण करते हुए नाजिर को निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर में पानी की निकासी एवं साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाए

कहीं पर भी जलभराव की स्थिति ना रहे एवं परिसर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर निरंतर भ्रमण करें और जहां पर भी साफ सफाई व्यवस्था में खामी पाई जाए उसको तत्काल दुरुस्त कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर समस्त विभाग अध्यक्षों/ जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में समय से उपस्थित रहकर अपने कार्यों का निर्वहन करें और अपने अपने कार्यालयों में मानकों के अनुरूप पत्रावलियों का रखरखाव एवं कार्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाए,

किसी भी कार्यालय में पत्रावलियों के रखरखाव या साफ सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाई जाएगी तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि समस्त विभागों के कार्यों का गठित समिति के द्वारा आकलन किया जाएगा एवं जिन विभागों के द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया जाएगा उन को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसी प्रकार जिलाधिकारी के आहवान पर जनपद के समस्त विभागों में मानकों के अनुरूप पत्रावलियों का रखरखाव करने एवं अपने अपने कार्यालय परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से श्रमदान किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# विश्व के आदर्श योद्धा महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण प्रमोद तिवारी एवं आराधना के द्वारा संपन्न

लालगंज, सांगीपुरे /सांगीपुर ब्लाक केपुरे भूशू मुरैना ग्राम सभा में भव्य महाराणा प्रताप एवं ठाकुर बाबू सिंह की प्रतिमा का अनावरण राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी एवं रामपुर खास विधायक आराधना मिश्रा (मोना) के द्वारा किया गया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सैकड़ों लोगों ने इस समारोह में हिस्सा लिया विजय बहादुर सिंह गहलौत विजय भान सिंह राठौर (सूरत) नीरज सिंह प्रधान मुरैनी की अगुवाई में भव्य समारोह का आयोजन किया गया रामपुर खास की विधायक अराधना मिश्रा (मोना) ने अपने संबोधन में कहा रामपुर खास की जनता ने जिस तरीके से हमें प्यार दिया है इसका कर्ज मैं जिंदगी भर नहीं कर सकती मेरे पिता प्रमोद तिवारी जी के आदर्शों पर चलकर मैं रामपुर खास की जनता को सदैव अपना परिवार मानती हो जिस प्रकार महाराणा प्रताप एक पराक्रमी योद्धा थे और उन्होंने अकबर जैसे शासक से हार नहीं मानूंगी

वही वहीं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी (राजस्थान) ने कहा मेरे राजनैतिक कैरियर में जितना पुल, जितनी सड़केंं, पावर हाउस , का निर्माण रामपुर खास में हुआ है इतना विकास आसपास के जिले में आपने कहीं नहीं देखी हो



उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मुझे राजस्थान से राज्यसभा सांसद इसलिए बनाया क्योंकि महाराणा प्रताप के पराक्रम की धरती है राजस्थान महाराणा प्रताप एक विश्व आदर्श योद्धा थे जिनका नाम हमेशा पूरा विश्व याद रखेगा महाराणा प्रताप एवं स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर बाबू सिंह की मूर्ति अनावरण की भव्यता को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमरी इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार हौसला प्रसाद सिंह, तेज बहादुर सिंह, वीर सिंह, विजय बहादुर सिंह एवं श्रीमती जानकी देवी को सम्मानित किया गया इस मौके पर सांगीपुर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकृपाल पासी, अशोक धर दुबे, जिला पंचायत सदस्य, बद्री प्रसाद ग्राम प्रधान उदयपुर, गुड्डू सिंह पूर्व प्रधान बूबूपुर, एवं सैकड़ों सम्मानित लोग मौजूद रहे समारोह को रंगारंग बनाने के लिए बिरहा गायक अमर बेदर्दी एवं बिरहा गायिका गायत्री बागी प्रयागराज द्वारा प्रस्तुत किया गयो

# राहुल गांधी के माइक वाले बयान को उपराष्ट्रपति ने बताया 'सबसे बड़ा झूठ', इमरजेंसी के 'काले अध्याय' की दिलाई याद

मेरठ. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर संसद में विपक्ष के माइक बंद करने वाली टिप्पणी को लेकर निशाना साधा है. उन्होंने इसे सबसे बड़ा झूठ करार दिया है. धनखड़ ने कहा कि आपातकाल के ‘काले अध्याय’ के दौरान ऐसा किया गया था, लेकिन अब यह संभव नहीं है. उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर की मयार्दा को कम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती. उन्होंने कहा कि ‘कुछ लोग’ अपनी अदूरदर्शिता के कारण देश की उपलब्धियों को कमतर करने की कोशिश कर रहे हैं.



# आम जनमानस को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ गुणवत्ता के साथ पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित

डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचकर किया स्थल निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य स्टाफ को दिए आवश्यक दिशा निर्देश स्वास्थ्य से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ सरकार की मंशा के अनुरूप जनसामान्य तक पहुंचाना करें चिकित्सकगण समय से अस्पताल में उपस्थित होकर आम जनमानस को स्वास्थ्य सेवाओं का पहुंचाएं भरपूर लाभ उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गहनता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं, ताकि सरकार की स्वास्थ्य से जुड़ी हुई सभी योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक सरलता के साथ पहुंच सके। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज जिला संयुक्त चिकित्सालय में पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कक्ष, ओपीडी विभाग, पैथोलॉजी विभाग, रेडियोलोजी विभाग, लेबर रूम, जन औषधि केंद्र तथा शौचालय का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान शौचालय में साफ-सफाई न पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि तत्काल शौचालय को साफ सुथरा कराया जाए और जो पानी की टोटियां खराब है उनको तत्काल ठीक कराया जाए एवं वाशवेशन के ऊपर शीशा लगाया जायें। जिलाधिकारी ने फीमेल वार्ड के निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती महिला मरीज से चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जोकि संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी आम जनमानस के स्वास्थ्य को लेकर बहुत ही गंभीर हैं और प्रदेश सरकार के द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अतः चिकित्सालय के चिकित्सकगण समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहकर अस्पताल में आने वाले मरीजों का शासन की मंशा के अनुरूप इलाज करते हुए उनको स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाएं एवं अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में औषधि की उपलब्धता मानकों के अनुरूप बनी रहे, ताकि किसी भी मरीज को बाहर से दवाई खरीदने की आवश्यकता ना पड़े और अस्पताल परिसर में स्वच्छता/सैनिटाइजेशन का

# 30 जून तक सभी शेष 91 हजार ग्रामों की तैयार होगी घरौनी

## –सीएम योगी ने स्वामित्व योजना की कार्यवाही में तेजी लाने के दिए निर्देश

**–करीब 35 हजार ग्रामों की अब तक अंतिम रूप से तैयार हो चुकी है घरौनी**

**–25 जून 2022 तक करीब 35 लाख घरौनियों को किया जा चुका था वितरित**

लखनऊ, 11 मार्च। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए प्रयासरत है। सरकार की ओर से ऐसे सभी पात्र नागरिकों को उनकी भूमि का पट्टा प्रदान किया जा रहा है। इस-के लिए स्वामित्व योजना के माध्यम से ड्रोन सर्वे व अन्य प्रक्रिया के जरिए सत्यापन के बाद लोगों को घरौनी वितरित की जा रही है। अब तक प्रदेश सरकार करीब 35 लाख घरौनिया वितरित कर चुकी है, जबकि सीएम योगी के निर्देश के बाद बाकी बचे ग्रामों के सत्यापन की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है।

उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अनुसार 30 जून 2023 तक अवशेष 90900 ग्रामों की भी घरौनियां तैयार किए जाने का लक्ष्य रखा गया गया है। इस लक्ष्य को विभिन्न चरणों मे सत्यापन एवं अन्य प्रक्रिया के साथ पूरा किया जाएगा।

**तय की गई समयसीमा**

स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 90842 ग्रामों का ड्रोन सर्वे संपन्न हो चुका है। अंतिम रूप से प्रपत्र-10 (घरौनी) तैयार हुए ग्रामों की संख्या 34801 पहुंच चुकी है। वहीं, अब तक कुल 51,32,192 घरौनियां तैयार की जा चुकी हैं। 25 जून 2022 तक 34,69,879 घरौनियों का वितरण भी किया जा चुका था, जबकि इस-के बाद 16,72,313 नई घरोनियां तैयार की गई हैं।

योजना के अंतर्गत अवशेष ग्रामों में घरौनी तैयार करने का कार्य पूर्ण किए जाने हेतु कार्ययोजना की समयसीमा तय कर दी गई है। निर्धारित समयसीमा के अनुसार 15 अप्रैल तक सभी शेष 90900 ग्रामों का सर्वे ऑफ इंडिया से त्रुटिरहित मानचित्र-1 प्राप्त कर लिया जाएगा। वहीं 30 जून तक इन सभी ग्रामों की जनपदों द्वारा प्रपत्र-10 (घरौनी) तैयार हो जाएगी।

90900 ग्रामों का स्वामित्व सर्वे पूरा योजना के अंतर्गत खतौनी ग्रामों की कुल संख्या 110344 है, जिसमें से 90900 ग्रामों का स्वामित्व सर्वे पूरा हो चुका है। हालांकि अब भी 19444 ग्रामों का सर्वे नहीं हो सका। इसकी अलग-अलग वजह हैं।

10993 ग्राम ऐसे हैं जो गैर आबाद हैं। वहीं 1019 ग्रामों का या तो मैप उपलब्ध नहीं है या फिर मैप जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। 4046 ग्राम नगर निकाय में सम्मिलित हो गए हैं तो 3386 ग्रामों का सर्वे न होने के कई अन्य कारण हैं। सबसे ज्यादा लंबित स्थलीय पड़ताल वाले जनपदों में गोरखपुर 1699 ग्रामों के साथ अव्वल है।

# खेल, उद्योग, ढांचागत विकास और सामाजिक सरोकार को नई ऊंचाई देंगे सीएम

## रविवार को सांसद खेल स्पर्धा के समापन समारोह में खिलाड़ियों को मिलेगा मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन

गोरखपुर, 11 मार्च। दो दिन के दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खेल, उद्योग, सामाजिक सरोकार और ढांचागत सुविधाओं के विकास के कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर नागरिकों का मार्गदर्शन करेंगे। इस दौरान उनकी मौजूदगी में एक भारी उद्योग का उद्घाटन होगा तो फोरलेन सड़कों की कनेक्टिविटी की सौगात भी मिलेगी। फोरलेन सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ उपस्थित रहेंगे।

रविवार को बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद कमलेश पासवान की मेजबानी में सांसद खेल स्पर्धा का समापन समारोह कौड़ीराम के जीडी इंटर कॉलेज डिघवा में आयोजित है। इसमें खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सानिध्य व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसी दिन मुख्यमंत्री गीडा के सेक्टर 23 में अंकुर उद्योग लिमिटेड के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन कर जनपद के औद्योगिक विकास की तस्वीर में नया रंग भरेंगे। अंकुर उद्योग लिमिटेड के निदेशक निखिल जालान के मुताबिक मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन के सहयोग से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

अगले दिन सोमवार को सीएम योगी बक्शीपुर स्थित श्रीचित्रगुप्त मंदिर सभा के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यहां उनके हाथों पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण होगा। सोमवार को ही वह केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ करीब 5700 करोड़ रुपये की लागत वाली चार की संख्या में फोरलेन सड़कों के शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे। एनएचएआई की तरफ से आयोजित शिलान्यास समारोह रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में होगा। यहां सीएम और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री के हाथों जंगल कौड़िया-सोनौली,

**गीडा के सेक्टर 23 में अंकुर उद्योग के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का सीएम करेंगे उद्घाटन**

**सोमवार को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री के साथ 5700 करोड़ रुपये की फोरलेन परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास**

**श्री चित्रगुप्त मंदिर सभा के कार्यक्रम में होंगे शामिल, पर्यटन विकास कार्यो का होगा लोकार्पण**

जंगल कौड़िया-जगदीशपुर (गोरखपुर रिंग रोड बाईपास), रामजानकी मार्ग, महराजगंज-निचलौल-ठूठीबारी फोरलेन सड़क की आधारशिला रखेंगे।

# पुलिस की बेहतरीन कार्यप्रणाली ने बदला है यूपी का परसेप्शन : सीएम

## - मेरठ में शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**- कहा- पहले यूपी का नाम सुनकर लोगों को लगता था भय, पुलिस ने बेहतरीन कानून व्यवस्था का माहौल बनाया**

**- यूपी आज निवेश के लिए देश में सबसे बेहतरीन गंतव्य बना है तो इसके पीछे पुलिस की मेहनत**

**- बोले योगी, 6 साल में यूपी में पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता को बढ़ाकर किया गया तीन गुना**

**- प्रधानमंत्री के पंच प्रण को मुख्यमंत्री ने बताया स्वतंत्रता सेनानियों का सपना**



लखनऊ/मेरठ, 11 मार्च। उत्तर प्रदेश पुलिस ने बेहतरीन कानून व्यवस्था का माहौल स्थापित करते हुए प्रदेश के बारे में लोगों का परसेप्शन बदला है। जिस यूपी का नाम सुनकर पहले भय लगता था, यहां आना और सुरक्षित निकल जाना पहले दुविधा वाली बात लगती थी। उस धारणा को हमारी यूपी पुलिस ने बेहतरीन कानून व्यवस्था के माध्यम से बदल दिया है। आज देश के अंदर यूपी निवेश के लिए बेहतरीन गंतव्य के रूप में स्थापित हुआ है। इसके पीछे यूपी पुलिस की ओर से अपनी भूमिका का सही निर्वहन किया जाना भी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर की प्रतिमा के अनावरण समारोह के दौरान कही।

### सीएम ने शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर को किया नमन

मुख्यमंत्री ने क्रांतिधरा मेरठ में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, डॉ सुदेश धनखड़ का प्रदेश की जनता की ओर से स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि आज हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में अमर सेनानी धन सिंह गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के स्टेट ऑफ आर्ट के रूप में विकसित किये जा रहे ट्रेनिंग स्कूल में उपराष्ट्रपति के कर कमलों से हुआ है। भारत माता के महान सपूत शहीद धनसिंह गुर्जर ने अपनी जवानी को राष्ट्रसेवा व देश की आजादी के लिए न्योछावर किया था। ऐसे शहीद को मैं कोटि कोटि नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

### मेरठ ने इतिहास बनाते हुए दुनिया के सामने मिसाल पेश की है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ का अपना इतिहास रहा है। इस शहर ने इतिहास बनते देखा है और बनाते हुए दुनिया के सामने मिसाल भी पेश की है। यहां बाबा औघड़नाथ का मंदिर 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर का महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु था। बैरकपुर छावनी में शहीद मंगल पांडेय के द्वारा जो चिंगारी सुलगाई गई थी, उसका चरम यूपी के मेरठ में देखने को मिला। एक तरफ शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर मेरठ में प्रथम स्वातंत्र्य समर की ज्वाला को तेज करने के लिए नेतृत्व प्रदान कर रहे थे, तो दूसरी तरफ झांसी में रानी लक्ष्मीबाई हुंकार भर रही थीं, बिठूर में तात्या टोपे क्रांति की ज्वाला को भड़का रहे थे। यूपी का कोई कोना ऐसा नहीं था, जो 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर में आजादी की अलख को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान न दे रहा हो। अमर सेनानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए पीएम मोदी की प्रेरणा से अमृत महोत्सव के कार्यक्रम को बढ़ाया गया है।

भारत के स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था सपना

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण की चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक देशवासियों को विकसित भारत के निर्माण के लिए कार्य करना, गुलामी के अंशों को सर्वथा समाप्त करना, विरासत के प्रति सम्मान का भाव पैदा करना, देश की एकता और एकात्मकता के लिए कार्य करना तथा नागरिकों के भीतर स्वयं के कर्तव्यों का अहसास होना। ये पंच प्रण हर भारत वासी को एक सूत्र में पिरोकर के दुनिया के भीतर महाशक्ति के रूप में स्थापित करेंगे। यही सपना भारत के स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था।

### तेज गति से हो रहा यूपी पुलिस की कैपिसिटी बिल्डिंग का काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से बीते 6 साल में यूपी में पुलिस ट्रेनिंग की क्षमता को तीन गुना तक बढ़ाया गया है। साथ ही 1,64,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती और उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था को भी समुचित तरीके से किया गया है। अपराध की प्रकृति बदलने के साथ ही उस के अनुरूप कानून बनाने और उससे मुकाबला करने के लिए जरूरी उपकरण पुलिस महकमे को उपलब्ध कराकर, उनके प्रशिक्षण का कार्य किया गया। सीएम ने बताया कि आज साइबर क्राइम के थाने हर जनपद में स्थापित हो रहे हैं, एफएसएल के लैब भी हर जगह स्थापित किये जा रहे हैं। साथ ही लखनऊ में पुलिस एंड फोरेंसिक साइंसेस के इंस्टीट्यूट की स्थापना का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसके अलावा पुलिस की कैपिसिटी बिल्डिंग के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज यहां पुलिस ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की क्षमता को 300 से बढ़ाकर 1600 किया गया है। यहां अब तक केवल आरक्षियों का प्रशिक्षण होता था, जिसे अब उपनिरीक्षक और निरीक्षकों के लिए भी शुरू किया गया है।

इस मौके पर सांसद राजेंद्र अग्रवाल, विजय पाल सिंह तोमर, सत्यपाल सिंह, कांता कर्दम, डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मंत्री सोमेंद्र तोमर, दिनेश खटिक, एमएलसी अश्विनी त्यागी, सरोजनी अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार भारद्वाज, विधायक अमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# शादी में दारू पीकर पहुंचा दूल्हा, बारात भी नशे में थी धुत, दुल्हन ने लौटाया वापस

दिसपुर. अपनी ही शादी के मौके पर दारू पीकर पहुंचे दूल्हे को उलटे पांव वापस लौटना पड़ा. असम के नलबाड़ी जिले में दूल्हे के शराब के नशे में धुत होकर पहुंचने पर एक महिला ने अपनी शादी तोड़ दी. वीडियो की एक श्रृंखला में दिखाया गया है कि दूल्हा घबराया हुआ लग रहा था और उसे रस्में निभाने में मुश्किल हो रही थी. ऐसे ही एक वीडियो में दूल्हे को शादी के रीति-रिवाजों के दौरान फर्श पर लेटते हुए देखा जा सकता है. जब पंडित ने उससे मंत्र दोहराने को कहा तो वह अनुष्ठानों का पाठ भी नहीं कर सका. दूल्हे की पहचान प्रसेनजीत हालोई के रूप में हुई है जो नलबाड़ी कस्बे का रहने वाला है. दुल्हन के एक रिश्तेदार ने बताया कि शादी अच्छी चल रही थी. हमने सभी रस्में पूरी कीं. हमारे परिवार ने शादी को पूरा करने की पूरी कोशिश की. जब बात बढ़ गई, तो लड़की ने शादी में न बैठने का फैसला किया.

# 9 वर्ष में लंबी छलांग लगाकर अव्वल बनने की स्थिति में है भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धतिः सीएम

## उप राष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में तीन दिवसीय अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन व प्रादेशिक आयुर्वेद सम्मेलन का किया शुभारंभ

### नैक मूल्यांकन में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय को ए डबल प्लस की ग्रेडिंग मिलने पर सीएम योगी ने दी बधाई



लखनऊ/मेरठ, 11 मार्चः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धति 9 वर्ष के अंदर लंबी छलांग लगाकर दुनिया में छाने की स्थिति में है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है। जिन्होंने पहली बार परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों आयुर्वेद, योग, होम्योपैथ, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा को लेकर आयुष मंत्रालय का गठन किया। दुनिया 2016 से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रही है। दुनिया, देश, प्रांत, जनपद, शहर, गांव, कस्बा सभी योग से जुड़ते हैं। भारत की इस परंपरा के साथ दुनिया को जोड़ने और आयुर्वेद को दुनिया में स्थापित करने में पीएम के जो प्रयास प्रारंभ हुए। उनके परिणाम हमारे सामने हैं।

मुख्यमंत्री शनिवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन व प्रादेशिक आयुर्वेद सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर अपनी बात रख रहे थे।

इस दौरान उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन भी किया।

### आयुर्वेद के विशेषज्ञों ने सम-विषम परिस्थितियों में बहुत कुछ कर दिखाया

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह आयुर्वेद सम्मेलन यहां आए चिकित्सकों को नई उड़ान के लिए तैयार कर रहा है। जहां यह सम्मेलन हो रहा है, वहां आयुर्वेद के कई विशेषज्ञों ने सम- विषम परिस्थितियों में बहुत कुछ कर दिखाया। खास तौर पर वैद्य रामसहाय कौशिक, वैद्य हरिदंत, कृष्ण लाल वाजपेयी, वैद्य मुरारी लाल शर्मा, पशुपति नाथ व विष्णु दत्त शर्मा ने पूरे क्षेत्र में आयुर्वेद के माध्यम से आयुष की जिस पद्धति को बढ़ाने का कार्य किया, वह अत्यंत अभिनंदनीय है। राष्ट्रपति के मानद यूनानी चिकित्सक पद्म पुरस्कार से सम्मानित हकीम सैफुद्दीन की धरती भी यही मेरठ रही है।

यूपी में संचालित हो चुका है आयुष विश्वविद्यालय

सीएम ने कहा कि तीन दिवसीय सम्मेलन में आयुर्वेद की विभिन्न विधाओं को लेकर यहां चर्चा होगी। नए शोध से भी अवगत कराया जाएगा। आयुर्वेद को योग, प्राकृतिक चिकित्सा से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से पीएम के अभियान से जोड़कर हेल्थ टूरिज्म के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित कर सकते हैं। पीएम ने 9 वर्ष पहले आयुष मंत्रालय के गठन के साथ भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहित करने के कार्यक्रम बढ़ाए, आज उसी का परिणाम है कि यूपी में 3959 आयुष चिकित्सालय संचालित हैं, जिनमें आयुर्वेद के 2110, होम्योपैथ के 1584, यूनानी के 254 चिकित्सालय हैं। 50 बेड के 11 एकीकृत आयुष चिकित्सालयों के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों में हम आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। यूपी में 105 आयुष महाविद्यालय हैं, जिनमें आयुर्वेद के 79 महाविद्यालय, यूनानी के 15 व होम्योपैथ के 11 महाविद्यालय कार्यरत हैं।

यूपी पहले आयुष विश्वविद्यालय को भी संचालित कर चुका है। प्रदेश सरकार अनवरत इन परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के लिए



प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

### कोरोना के दौरान सभी ने आयुर्वेद की महत्ता को माना

सीएम ने बताया कि दो वर्ष पहले बीएएमएस के 100 बच्चों को सीएम आवास पर आमंत्रित कर बातचीत की। मैंने पूछा कि चिकित्सक बनने के लिए आयुर्वेद ही क्यों चुना। 94 बच्चों ने बताया कि हमारी रूचि एलोपैथ में थी, लेकिन वहां प्रवेश नहीं हुआ तो यहां प्रवेश ले लिया। 4 ने कहा कि हमारी रुचि आयुर्वेद में है। दो ने कहा कि हमारे माता-पिता इसके विशेषज्ञ है, इसलिए हम इससे जुड़े। सीएम ने कहा कि मैं किसी चिकित्सा पद्धति का विरोधी नहीं हूं। कोरोना के दौरान परंपरागत चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद की महत्ता को सभी ने मान लिया। बीएएमएस डॉक्टर चाहें तो हेल्थ व वेलनेस सेंटर को योग, प्राकृतिक चिकित्सा के साथ जोड़कर अच्छे ढंग से चला सकते हैं। बीएएमएस डॉक्टर अन्नदाता किसानों के लिए एफपीओ का गठन करके मेडिसिनल प्लांट की खेती कराकर हजारों किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में योगदान दे सकता है। यहां डिग्री एक, उपयोग अनेक हैं।

### आयुर्वेद की धरती है यूपी

सीएम ने कहा कि यूपी आयुर्वेद की धरती है। आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वतंरि की धरती है। उन्होंने देवता व राक्षसों का भी उपचार किया था। सभी को आयुष का वरदान दिया था। डबल इंजन आपके साथ जुड़ गया है तो इस पद्धति को और तेजी से उड़ान भरने की आवश्यकता है। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की धरा पर इस आयोजन और उनके नाम वाले इस विश्वविद्यालय को कल ही नैक मूल्यांकन में ए डबल प्लस की ग्रेडिंग मिली है। आज आयुर्वेद का सम्मेलन यह गवाही दे रहा है कि जैसे विश्वविद्यालय ने उत्कृष्ट ग्रेडिंग लेकर खुद को साबित किया है, वैसे ही आयुर्वेद भी उत्कृष्टता को साबित करेगा।

मेरठ की रही है गौरवशाली परंपरा

मेड्ठ भारत के इतिहास की धड्ती है। महाभारत के रचनाकार वाली धरती है। मेरठ से कुछ दूरी पर स्थित हस्तिनापुर ने महाभारत की नींव रखी और नए इतिहास का सृजन किया था। आने वाली पीढ़ी को धरोहर दी थी। विशेष उद्घोषणा भी की थी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चार मानवीय पुरुषार्थ से संबंधित जो कुछ भी है, वह इस ग्रंथ में है। जो इसमें नहीं, अन्यत्र कहीं नहीं का उद्घोष करने वाली यह धड्ती है। देश की आजादी के प्रथम स्वतंत्र समर की उद्घोषणा करने वाली क्रांति धरा है। यहां के अन्नदाता किसानों के पुरुषार्थ की धड्ा भी है।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, सांसद राजेंद्र अग्रवाल, सत्यपाल सिंह, कांता कर्दम, विजय पाल सिंह तोमर, प्रदेश सरकार के मंत्री सोमेंद्र तोमर, दिनेश खटिक आदि मौजूद रहे।

मा0 उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी शनिवार को जनपद मेरठ के यूनिवर्सिटी प्रांगण में आयुर्वेद प्रदर्शनी का उद्घाटन करते एवं निरीक्षण करते हुए। उनके साथ में उत्तर प्रदेश की मा0 राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी भी रहे।

# किसानों को सौगात घर बैठे पशुओं का इलाज करेगा आईवीआरआई

**आईवीआरआई ने जारी किया ऑनलाइन वेटरनरी क्लीनिक एप**

**आईवीआरआई के 72 डॉक्टर पशुपालकों को मुफ्त चिकित्सीय परामर्श देंगे**

**मुख्यमंत्री योगी किनकिसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में कारगर साबित होगा ऐप**

11 मार्च, बरेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की किसानों, पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में आईवीआरआई का ऐप कारगर साबित होगा। आईवीआरआई ने किसानों को घर बैठे पशुओं के इलाज की सौगात दी है। इसके लिए ऑनलाइन वेटरनरी क्लीनिक ऐप लॉन्च किया गया है। आईवीआरआई के 72 पशु रोग विशेषज्ञों ने ऑनलाइन वेटनरी क्लीनिक एप्प का रजिस्ट्रेशन कराया गया है। अब तक 5000 से ज्यादा लोग ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं। पशुओं की किसी भी तरह की बीमारी के संबंध में ऑनलाइन डॉक्टरों से परामर्श लेने की सुविधा दी गई है। आईवीआरआई की संयुक्त निदेशक रूपसी तिवारी ने बताया कि 9:00 से शाम 5:30 बजे तक ऑनलाइन क्लीनिक खुला रहेगा। इसमें पशुपालक अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर पशुओं को दिखाने का समय बुक कर सकते हैं। इसके बाद आईवीआरआई के विशेषज्ञ उन्हें जरूरी चिकित्सकीय परामर्श देंगे।

### पशुओं की गंभीर बीमारियों की चिकित्सा का मिलेगा परामर्श

आईवीआरआई की संयुक्त निदेशक डॉ रूपसी तिवारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अनुज चौहान, डॉक्टर उज्जवल कुमार डे, भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान के राजेंद्र प्रसाद, संजीव कुमार, समीर श्रीवास्तव, केशव कांत ने मिलकर एप तैयार किया है। किसान अपने पशुओं की सामान्य समस्याएं, सर्जिकल, डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी, टीकाकरण संबंधित समस्याओं ऑनलाइन ले सकते हैं। इससे पशुपालकों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गंभीर मामलों में ऑनलाइन वेटनरी ऐप के माध्यम से पशुओं की चिकित्सा परामर्श दे रहे डॉक्टर नजदीकी पशु चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर करेंगे।

### ऐप डाउनलोड करते ही लाखों पशुपालकों को मिलेगा सीधा लाभ

उत्तर प्रदेश में अनुमानित करीब पांच करोड़ पशु हैं। इनके पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्हें पशु के बीमार होने पर अस्पताल नहीं भागना पड़ेगा। आईवीआरआई का ऑनलाइन वेटनरी क्लीनिक ऐप डाउनलोड करते ही घर बैठे सुविधा मिलेगी। ऐप ओपन करने के बाद पशु मालिक को क्लिक कर अपना रजिस्ट्रेशन कराना है। इसके बाद उसे संबंधित पशु चिकित्सक का समय निर्धारित कर दिया जाएगा। जिसमें वह ऑनलाइन अपने पशु को दिखाकर उसकी बीमारी, उससे बचाव और दवाओं की जानकारी मुफ्त ले सकेगा।

# उपराष्ट्रपति ने कोतवाल धनसिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ में शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण किया

शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण करना गौरव की
बात, यह बदलते भारत की तस्वीर, इस अमृतकाल की नींव वर्ष 2014 में
श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के साथ रखी गई : उपराष्ट्रपति
आज उ0प्र0 में हो रहे बदलाव मन को प्रफुल्लित करने
वाले, प्रदेश में सही मायनों में विकास की गंगा बह रही
कानून व्यवस्था के बिना विकास की कल्पना नहीं
की जा सकती, इस मामले में आज उ0प्र0, उत्तम प्रदेश
हमें संकल्प लेना चाहिए कि हर परिस्थिति में हम देश को आगे रखेंगे
आज प्रदेश में सुदृढ़, पारदर्शी व जवाबदेह कानून व्यवस्था
स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को
साकार करने हेतु प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार तथा
मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उ0प्र0 सरकार कृतसंकल्पित : राज्यपाल, उ0प्र0
भारत माता के महान सपूत कोतवाल धनसिंह गुर्जर ने देश की
आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया : मुख्यमंत्री
1857 में बैरकपुर में मंगल पाण्डेय द्वारा सुलगाई गई चिंगारी का चरम उ0प्र0 की धरती पर देखने को मिला, मेरठ में प्रथम स्वातंत्र्य समर की ज्वाला को
तेज करने के लिए कोतवाल धनसिंह गुर्जर नेतृत्व प्रदान कर रहे थे
प्रधानमंत्री जी ने आजादी के अमृतकाल में सभी देशवासियों के लिए ह्यपंचप्रणह्न घोषित किए
शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर की स्मृतियों का वर्तमान पीढ़ी में संचार
करने तथा नई प्रेरणा प्रदान करने हेतु राज्य सरकार ने पुलिस प्रशिक्षण
विद्यालय, मेरठ को स्टेट ऑफ आर्ट सेण्टर के रूप में विकसित किया

# कानपुर में शराब के लिए पैसों को लेकर झगड़े के बाद भाई - बहन ने की आत्महत्या

## पहले बहन और फिर भाई ने जहर खाकर दी जान

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां शराब के लिए पैसों को लेकर झगड़ा भाई और बहन की असमय मौत का कारण बन गया दोनों ने आत्महत्या करली। घटना शिवराजपुर थाना क्षेत्र के ईशेपुर गांव की हैं। यहां के निवासी सुरेंद्र बाबू दिवयांग हैं। उनके परिवार में पत्नी उषा देवी और बड़ा बेटे आशीष कुमार (20) और एक बेटी दीक्षा (18) हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुरेंद्र बाबू के बड़े बेटे आशीष ने गुरुवार देर शाम अपनी छोटी बहन दीक्षा से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। इस पर दीक्षा ने रुपये देने से इनकार कर दिया। इससे नाराज आशीष ने दीक्षा की पिटाई कर दी।

भाई द्वारा पिटाई किए जाने से क्षुब्ध होकर दीक्षा ने जहर खा लिया। बहन की हालत खराब होती देख आशीष ने भी परिजनों के डर से जहरीला पदार्थ निगल लिया। जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी मिलते ही परिजन दोनों को एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टरों ने हैलट रेफर कर दिया। देर रात दोनों की मौत हो गई। भाई-बहन की मौत के बाद दिव्यांग पिता सुरेंद्र की हालत बिगड़ गई तो वहीं, मां ऊषा देवी भी बेसुध हो गईं। शिवराजपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि भाई-बहन के बीच विवाद हुआ था। जिसे लेकर दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। दोनों का खेरेश्वर घाट पर दाह संस्कार कर दिया गया। मां ऊषादेवी व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सगाई कर लौट रहा परिवार हुआ हादसे का शिकार, शराब व तेज रफ़्तार बनी हादसे की वजह

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(12मार्च)शराब व तेज रफ़्तार ने खुशी के माहौल को गमगीन कर दिया। हट्टा पुलिस थाना अंतर्गत परसवाड़ा व लोहारा के बीच तेज रफ्तार कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से वाहन में सवार दस लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत गंभीर होने के चलते रेफर किया गया है। वहीं बाकि अन्य का जिला अस्पताल में ही उपचार किया जा रहा है। यह हादसा तेज रफ्तार और चालक के नशे में होने के कारण होना बताया जा रहा है।

शराब का सेवन किया था चालक

इस हादसे को लेकर घायलों ने बताया कि कार में ग्राम मड़कापर से दस लोग लालबर्रा के दुर्गाप्रसाद हरिंद्रवार के घर सगाई की बारात लेकर गए थे। यहां पर सगाई कार्यक्रम को पूर्ण करने के बाद वे लोग वापस वाहन से घर लौट रहे थे, जब वाहन परसवाड़ा लोहारा के बीच तेज गति से जा रहा था कि अचानक वाहन चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे



पलट गया। जिसमें चालक को छोड़कर वाहन में सवार सभी दस लोग घायल हो गए हैं। घायल लोगो ने बताया कि चालक शराब के नशे में था और सौ से भी अधिक की रफ्तार से वाहन को चला रहा था। जिसके चलते ही यह सड़क हादसा हुआ है।

ये हुए घायल

परसवाड़ा व लोहारा के बीच हुए सड़क हादसे में वाहन में सवार देवलबाई पति चैनलाल मड़कापार निवासी, गनपत अजीत घुनई हट्टा निवासी, विनोद बनवाले मड़कापार, मनोज अजीत, चुन्नीलाल चौधरी, दुगार्बाइ अजीत, रुपलाल ब्रम्हे, छोटी बाई सभी मड़कापार निवासी घायल हो गए हैं। वहीं जयचंद भारद्धवाज को अधिक चोट आने के चलते उसे मेडिकल रेफर किया गया है। वहीं सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। वहीं मामले की अग्रिम विवेचना के लिए संबंधित थाना पुलिस को प्रकरण को भिजवा दिया है।

# 15 दिवसीय प्रशिळण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धनुवसार पंचायत मुख्यालय परिसर भवन टोनापत्थर मे स्वोर्ड (सोसाइटी फॉर वेलफेयर ऑपरेशनल एण्ड डेभलपमेन्ट )संस्था द्वारा नाबार्ड प्रयोजित माइक्रो इन्टरप्रेन्योर प्रोग्राम(MEDP)अन्तर्गत अचार उत्पादन के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन धनुवसार पंचायत की मुखिया श्रीमती बिंदु भारती एंव संस्था सचिव संजय कु.उपाध्याय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया । प्रशिक्षण मे कुल 30 महिला दीदी को प्रशिक्षण दी जा रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने लिए उन्हे बैंक लिंकेज करा कर अचार के रोजगार से जोडी जाएगी।अचार एक ऐसा उद्योग है जो कम खर्च पर अधिक मुनाफा कमाई जा सकती है उन्होंने सभी महिलाओं को कहा यह बहुत अच्छा अवसर है कि हमें प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला है. इस प्रशिक्षण से हमें



उद्यमी बनने का मौका मिलेगा. 15 दिन के बाद आप इसका बिजनेस कर सकते हैं. यहाँ का सबसे बड़ा बाजार सावन का बाजार है उसमें हम इसे आसानी से बेच सकते हैं. संस्था सचिव संजय उपाध्याय ने कहा कि यह नाबार्ड का micro entrepreneur development program (MEDP) है जिसके तहत महिलाओं को उद्यमी बनने का प्रशिक्षण दिया जाता है. इस दौरान महिलाओं को प्रशिक्षण वृति भी दी जाएगी. इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप रेखा कुमारी एवं मित्तू घोष उपस्थित थे. प्रशिक्षण में परियोजना समन्वयक बिनोद कुमार एवं सुबोध सिंह ने भी महिलाओं को प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के दोरान दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम 25 फरवरी को समापन होगा.

# अपनी मांग को लेकर पटना में 14 मार्च को रसोईया संघ करेंगे शक्ति प्रदर्शन।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

हाई स्कूल कटोरिया परिसर में शनिवार भारतीय विद्यालय रसोईया संघ की एक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मीतू यादव द्वारा की गई। अध्यक्ष ने बताया गया कि आगमी 14 मार्च को पटना में धरना प्रदर्शन किया जाएगा. जिसमें शामिल होने के लिए सभी रसोईया 13 मार्च को पटना के लिए रवाना होंगे. मौके पर सभी ने रसोईयों ने मांगों को दोहराया. साथ ही सरकार के विरुद्ध नारेबाजी भी की.। मौके पर रसोइयों ने न्यूनतम मानदेय 10 हजार निर्धारित करने का मांग रखा । साथ ही प्रतिवर्ष 10% वेतन वृद्धि की मांग भी की । वही 12 महीने का वेतन भुगतान की मांग की गई। इन्हीं सब मांग को लेकर पटना में धरना प्रदर्शन 14 मार्च को किया जाएगा। शनिवार को सभी रसोईया एकत्रित हुए। रसोईयों की सेवा अवधि 65 वर्ष किया जाय, प्रधानमंत्री श्रम योगी पेंशन योजना की उम्र सीमा 50 वर्ष किया जाय, मृत रसोईया के आश्रित को अनुकंपा के आधार रसोईया पर बहाल किया जाय, आकस्मिक अवकाश, महिला रसोईयों को विशेष अवकाश एवं मातृत्व अवकाश दिया जाय आदि मागों को पूरा करने की मांग सरकार से की.।

।इस मौके पर बिंदु देवी, राजकुमारी देवी, करनी देवी, रेबुन खातून, ललिता देवी, नीलम देवी, आशा देवी, मालती देवी, चीना देवी, बेबी देवी, दुलारी देवी जुबेदा खातून, सुनरी देवी, कमली देवी, आदि मौजूद थीं।

# राजस्व न्यायालयो में 1 वर्ष की अवधि के ऊपर के लंबित प्रकरणों का निराकरण 31 मार्च तक सुनिश्चित करें राजस्व अधिकारी---- कलेक्टर

राजस्व सेवाओं के लंबित प्रकरणों का सकारात्मक निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने गूगल मीट के माध्यम से राजस्व अधिकारियों को दिए गूगल मीट में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंजलि द्विवेदी सभी विभागों के अनुविभागीय दंडाधिकारी अधीक्षक भू अभिलेख तहसीलदार आदि उपस्थित रहे

कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने कहा कि राजस्व के लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के माध्यम से जनता में संतुष्टि के साथ-साथ राजस्व विभाग के लंबित कार्यों का सकारात्मक निराकरण कर जन भावना का सम्मान किया जाना चाहिए अभियान की सफलता के लिए राजस्व विभाग के सभी राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारियों के कार्यों की दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए सभी राजस्व दंडाधिकारीयो को राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि जिले में राजस्व न्यायालयो में लंबित 1 वर्ष से ऊपर के सभी प्रकरणों का निराकरण 31 मार्च तक किया जाए उन्होंने नक्शा तरमीन, अविवादित नामांतरण, मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना, खसरा परिमार्जन, नक्शा तरमीन, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत ईकेवाईसी सत्यापन सहित सभी राजस्व सेवाओं का समय सीमा में लाभ देने के कार्य की महत्वता प्रतिपादित की उन्होंने कहा कि उपार्जन को दृष्टिगत रखते हुए रकवा व फसल का सत्यापन, गर्मियों को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल आपूर्ति की कार्य योजना तैयार कर पहले से ही जल अभावग्रस्त क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए गए उन्होंने कहा कि राजस्व सेवाएं आमजन के सहज पहुंच पर होना चाहिए इसके लिए जिले भर में ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन किया जाए जहां उप तहसील कार्यालय निर्धारित कर आम जनों को उन्हीं के क्षेत्रों के आसपास ही राजस्व की सेवाएं प्रदाय की जा सके

# जिले में आज हायर सेकेण्डरी की बोर्ड परीक्षा में 3007 परीक्षार्थी हुए शामिल

अनूपपुर 10 मार्च 2023/ माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी के जीव विज्ञान विषय की बोर्ड परीक्षा आज जिले में बनाए गए 56 परीक्षा केन्द्रों में निर्विघ्न संपन्न हुई। इस परीक्षा में 3072 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें से 3007 परीक्षार्थियों ने यह परीक्षा दी। 65 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नकल प्रकरण निरंक रहा। उक्ताशय की जानकारी शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर के प्राचार्य ने दी है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओं को रोकने कदम उठाने के निर्देश

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(12मार्च )बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया । कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तत्काल मदद कर अस्पताल पहुंचाने वाले 04 लोगों को गुड सेमेरिटन योजना के अंतर्गत 05-05 हजार रुपये की राशि के चेक प्रदान किये गये।

बैठक में सबसे पहले गुड सेमेरिटन योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले नेक व्यक्ति पत्रकार आशिष भगत, लालबर्रा के प्रियांश अग्रवाल, कटंगी के अंतु ठाकुर एवं सुल्तान खान को 05-05 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक सांसद एवं कलेक्टर द्वारा प्रदान किये गये। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये गये। सड़कों के किनारे किये गये अतिक्रमण को हटाने एवं दुर्घटना संभावित स्थलों पर साईन बोर्ड एवं स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिये



गये। सरेखा बायपास के मरम्मत का कार्य करने एवं ट्रांसपोर्ट नगर के लिए गोंगलई में चिन्हित स्थल पर ले जाने पर चर्चा की गई।

बैठक में सांसद डॉ बिसेन ने कहा कि जिले में सड़क विकास प्राधिकरण की जिन सड़कों पर टोल लिया जा रहा है वहां पर टोल की दरों का बोर्ड लगाया जाये। भजियादंड-अमई मार्ग पर पिछले दिनों हुई दुर्घटना जैसी घटनाओं को रोकने चौराहों एवं रोड क्रासिंग पर किये गये अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाये। उन्होंने कहा कि 18 से कम आयु के बाईक से स्कूल आने वाले बच्चों के पालकों पर भी जुमार्ना लगाया जाये।

दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य किया जाये और इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाये। बैठक में बताया गया कि जिले में पिछले दो वर्षों की तुलना में वर्ष 2023 के दो माह में दुर्घटनाओं में कमी आई है।जनवरी एवं फरवरी में 123 सड़क दुघ्रटनाओं में 47 लोगों की मृत्यु हुई है और 91 घायल हुए है।

# जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक में सांसद ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(12मार्च)सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक का आयोजन किया गया । कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सांसद डॉ बिसेन द्वारा प्रधानमंत्री खनिज कल्याण प्रतिष्ठान (गौण खनिज), सांसद आदर्श ग्राम योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आजीविका मिशन, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। वन विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान सांसद डॉ बिसेन ने कहा कि बिगड़े वनों के सुधार एवं ग्रीन इंडिया मिशन के कार्यों एवं केम्पा मद के कार्यों में मिश्रित प्रजाति के पौधे लगाये जायें और अधिक संख्या में फलदार पौधे लगाये जायें। उन्होंने वारासिवनी विकासखंड में रमरमा एवं किरनापुर विकासखंड के डोंगरगांव व गड़दा को ईको टूरिज्म के लिए विकसित करने के निर्देश दिये। सांसद डॉ बिसेन ने कहा कि सड़कों के किनारे चलने वाले ढाबों में खाना बनाने के लिए लकड़ी का उपयोग किया जाता है। ऐसे ढाबों पर कार्यवाही की जाये, क्योंकि वे जंगल से लकड़ी काट कर लाते हैं और उसे जलाकर वातावरण को प्रदूषित भी करते है। उन्होंने जिले के जंगलों एवं शासकीय भूमि पर उपलब्ध पलाश के पेड़ों की छटाई करने एवं उस पर आने वाली नई शाखाओं पर लाख का उत्पादन करने कहा। सांसद डॉ बिसेन ने बैहर रोड पर लौगूर के पास मयूर बिंदू से खारा होते हुए समनापुर तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 10 सीएम राईज स्कूल हैं, इनमें से 04 स्कूल कटंगी, वारासिवनी, खैरलांजी ब्लाक मुख्यालय के हैं और यहां के उत्कृष्ट विद्यालय को सीएम राईज स्कूल बनाया गया है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत जिले के 103 स्कूलों को मापदंड के आधार पर चिन्हित किया गया है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष वारासिवनी श्रीमती माया उईके ने बताया कि शालाओं को एक में संविलियन कर दिया जाये। किरनापुर जनपद अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह राणा द्वारा बताया गया कि हाई स्कूल सुसवा का भवन डेढ़ साल पहले बना था लेकिन अब जर्जर हो गया है। सांसद डॉ बिसेन ने इस पर कहा कि शाला भवनों का घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा



उनके गांव नांदगांव के मरारी टोला प्राथमिक स्कूल में मात्र दो बच्चे हैं और वहां पर उन्हें पढ़ाने के लिए दो शिक्षक नियुक्त है। जबकि इस स्कलू से मात्र 01 किलोमीटर की दूरी पर गांव के दूसरे टोले के स्कूल में 22 बच्चे दर्ज हैं और वहां पर मात्र 01 शिक्षक है। अतः इन दोनों स्कूलों को एक साथ लगाया जाये। उन्होंने बताया कि पांच साल पहले बने मेंडकी के स्कूल भवन की छत गिर गई है। विधायक प्रतिनिधि श्री संजय हरिनखेड़े ने बताया कि तिरोड़ी में टेकरी प्राथमिक शाला और ब्रांच प्राथमिक शाला एक ही भवन में लग रही है। अतः इन दोनों प्राथमिक के दौरान सांसद बिसेन ने कहा कि नल-जल योजना के पाईप सही तरीके से लगाने के बाद सड़क का सुधार कार्य करने पर सरपंच योजना को अपने आधिपत्य में लें। हमारा मकसद हर घर में नल से शुद्ध जल पहुंचाना है और इसके लिए नल-जल योजना का काम गुणवत्तायुक्त होना चाहिए। बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मनरेगा, स्वच्छता अभियान, तिरोड़ी, गढ़ी एवं आंवलाझरी की सांसद आदर्श ग्राम योजना एवं स्वास्थ्य विभाग में केन्द्रीय निधि से कराये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने घर-घर दस्तक दे रही सर्वे टीम

*कलेक्टर के दिशा निर्देश पर चलाया जा रहा अभियान,आम आम जनों से लाभ उठाने की अपील*

अनूपपुर शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को सूचीबद्ध किया जाकर लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ के दिशा निर्देशानुसार डोर-टू-डोर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत ग्राम स्तरीय अमले को घर-घर दस्तक देने टीम बनाकर ग्राम पंचायतवार ड्यूटी लगाई गई है। अभियान की मॉनीटरिंग के लिए कलस्टरवार सर्वे प्रभारी , सेक्टर अधिकारी व जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभय सिंह ओहरिया सहित सभी अनुविभागीय दंडाधिकारीयो द्वारा सर्वेक्षण कार्य का जायजा लेते हुए सर्वे टीम के कार्यों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है जिलेभर में डोर-टू-डोर सर्वे अभियान के तहत शासकीय सेवकों द्वारा घर-घर दस्तक देकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से छूटे व वंचित पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करते हुए उन्हें पात्रता अनुसार योजना की आवेदन प्रक्रिया तथा आवेदन प्रारूप के साथ आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी देते हुए आवेदन पत्र भरने तथा अभिलेखों के संग्रहण का कार्य भी टीम द्वारा हितग्राहियों से किया जा रहा है। घर-घर दस्तक देकर सर्वे टीम द्वारा चिन्हांकित पात्र हितग्राहियों से संबंधित जानकारी मय आवेदन सहित दस्तावेज का संग्रहण कर योजना क्रियान्वयन विभाग से



संबंधित विभागीय अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध कराते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। डोर टू डोर सर्वे टीम द्वारा शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करने का अभियान 5 से 25 मार्च तक संचालित किया जा रहा है इस अभियान का आम जनों से लाभ उठाने तथा डोर टू डोर सर्वे टीम को आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

# लेखा प्रशिक्षण हेतु आवेदन 20 मार्च तक

अनूपपुर प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र 01 अप्रैल 2023 से 15 जून 2023 तक प्रारंभ हो रहा है। आवेदन पत्र 20 मार्च 2023 तक लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा में आमंत्रित किए गए है। अर्द्धशासकीय विभाग के प्रशिक्षणार्थियों को 2000 रुपये का चालान संबंधित शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएं 800 अन्य प्राप्तियों 00-101-0000-00 में जमा कर आवेदन पत्र के साथ कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा में जमा करना होगा। इस प्रशिक्षण में वही लिपिक वर्गीय कर्मचारी सम्मिलित हो सकेंगे जिनकी सेवाएं नियमित रूप से एक वर्ष या अधिक हो तथा जो हिन्दी मुद्रलेखन/सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण हो।

# लाँजी वनपरिक्षेत्र अंतर्गत 11नग अवैध सागौन चिरान का परिवहन करते ट्रेक्टर ट्राली जप्त

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(12मार्च) लाँजी वन परिक्षेत्र पूर्व अंतर्गत खुसीटोला में अवैध सागौन चिरान का परिवहन करते ट्रेक्टर ट्राली को वन विभाग ने धर दबोचा।



मुखबिर की सुचना पर वन विभाग ने घेरा बंदी कर खुसीटोला एक ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ा हालांकि मौजूदा हालत में सागौन चिरान तो नहीं मिला लेकिन जब ट्रेक्टर चालक डूलेन्द्र किरमे निवासी भोलेगांव से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उसने सारी सच्चाई वन विभाग के सामने उगल दी।

जानकारी अनुसार वन विभाग को सूचना मिली थी कि 08 मार्च को अवैध रूप से सा गौन चिरान का परिवहन किया जा रहा हैं जिस पर उच्च अधिकारियो के दिशा निर्देश व वन परिक्षेत्र अधिकारी लाँजी के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर ग्राम खुर्सी टोला में धर दबोचा, जब ट्रेक्टर चालक से जानकारी ली गयी तो वह ज्यादा देर टिक न सका और उसने वन विभाग को सारी सच्चाई बता दी जिस पर वन विभाग ने ग्राम घोटी निवासी दीपक किरमे के घर से 11 नग सा गौन चिरान जप्त की गयी, जिस पर वन अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही कर जाँच शुरू कर ट्रेक्टर व सागौन को जप्त कर वन विभाग कार्यालय लाकर जमा कर दिया गया हैं। सा गौन चिरान की अनुमानित कीमत बीस हजार आँकी गयी हैं।

# बांका डीएम व एस पी ने किया झझवा झरना पहाड़ का दीदार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः चांदन प्रखंड क्षेत्र के चांदमारी पंचायत अंतर्गत झझवा पहाड़ का दीदार करने पहुंचे बांका जिला अधिकारी अंशुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर प्रकाश। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार एक 11 मार्च को बांका एसपी एवं डीएम आदि परिजन के साथ झझवा झरना पहाड़ लोकार्पण किया। इस मौके पर डीएम एसपी ने अपने परिवार के साथ झझवा झरना पहाड़ स्थित झरना के वादियों को खूब सराहना किए विदित हो कि यहां के मनोरम दृश्य देखने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के अलावा भागलपुर के वरीय पदाधिकारी पहुंचकर यहां के मनोरम दृश्य को देख चुके हैं। जिसे लेकर आज जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अपने परिवार के साथ पहुंचकर जायजा लिया साथ ही पिकनिक मनाए। इस मौके पर बेलहर एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह कटोरिया इंस्पेक्टर अनिल कुमार आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के अलावा दक्षिणी बार ने पंचायत के मुखिया तुलसी रजक चांदमारी पंचायत के पूर्व मुखिया शैहेंद्र दास आदि मौजूद थे।

# ऐतिहासिक मंदार पर्वत के जंगलों में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग, वन कर्मियों के द्वारा बुझाई गई आग

**दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- ऐतिहासिक मंदार पर्वत की जंगलों में शनिवार देर शाम असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा दी गई। हालांकि की तेजी से फैल रहे आग को वन कर्मियों के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद बुझा दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि, शाम के समय मंदार के जंगलों



में झाड़ियों में छिप कर असामाजिक तत्वों के द्वारा बैठकर गांजा सिगरेट जैसे नशीले पदार्थों का सेवन किया जाता है। बताया जाता है कि, इस दौरान सूखी पत्तियों में आग पकड़ ली। जो धीरे-धीरे पर्वत शिखर की ओर बढ़ने लगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन रक्षी चंद्रशेखर आजाद, रवि रंजन, कैटल गार्ड के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मिट्टी बालू इत्यादि से आग बुझाने का काम किया। वनरक्षी ने बताया कि, आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। विदित हो कि पूर्व में भी मंदार पर्वत के जंगलों में कई बार अगलगी की घटना हो चुकी है। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बुझाने का काम किया गया था।

# भूमि विवाद से जुड़े मामले के निष्पादन हेतु आयोजित की गई जनता दरबार

**दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- बौंसी थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद से जुड़े मामले के निष्पादन हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अंचलाधिकारी विजय कुमार गुप्ता एवं एसआई ज्योति कुमारी ने भूमि विवाद से जुड़े मामले को सुना। अंचलाधिकारी ने पिछले जनता दरबार में प्राप्त हुए आवेदन एवं नए प्राप्त आवेदन की समीक्षा कर दोनों पक्ष के लोगों से उनकी राय जानी। अंचलाधिकारी ने बताया कि दो मामले का निष्पादन किया गया है। पिछले 5 आवेदन में दो मामले का निष्पादन किया गया है। जबकि एक नया आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसको लेकर दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर दी गई है। थाना परिसर में जनता दरबार के आयोजन को लेकर प्रखंड क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ लगी रही।

# ओटो से गिरकर किशोरी हुई जख्मी

*रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर।*

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेन्द्र रतन।**

कटोरिया थाना क्षेत्र के नीमाटाड गांव की मुनिया सोरेन पिता रामचंद्र सोरेन की किशोरी पुत्री ऑटो से गिरकर जख्मी हो गई ।जख्मी का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में किया गया।

जानकारी के अनुसार किशोरी लड़की बाजार से घर जा रही थी। निमाटाड मोड़ के पास ऑटो से गिरकर जख्मी हो गई। परिजनों ने पुत्री को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कटोरिया ले गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर विनोद कुमार ने बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। बता दे कि किशोरी लड़की को गंभीर चोटे आई है।

# तेज हवा के साथ बारिश से बदला मौसम

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

शनिवार को कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश होने से मौसम बदल गया शाम होते ही 4 डिग्री पारा गिरने से लोगों ने ठंड का एहसास किया बता दें कि मौसम विभाग के पूवार्नुमान पिछले 48 घंटे तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की-फुल्की बारिश एवं ओले गिरने की संभावना है। 2 दिन पहले भी होली पर्व के दिन तेज हवा के साथ बारिश से तापमान में गिरावट आई थी। अचानक आई बारिश से जहां धान के फसलों को लाभ पहुंचा वही लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली।

# कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर 15 हजार रु. की आर्थिक सहायता की मंजूर

अनूपपुर 10 मार्च 2023/ कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनूपपुर के प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रावधान के तहत सड़क दुर्घटना में ग्राम पसला तहसील अनूपपुर के दउआ चौधरी की मृत्यु होने पर मृतक के वैध वारिस को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## बांग्लादेशी घुसपैठिए को शरण देने के आरोपी को गिरफ्तार करने के दौरान 4 पुलिसकर्मियों पर हमला।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : फांसीदेवा के कालूजोत इलाके में शुक्रवार देर रात बांग्लादेशी घुसपैठिए को शरण देने के आरोपी को गिरफ्तार करने के दौरान 4



पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया। इनमें एक एसआई और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मवेशियों की तस्करी के उद्देश्य से भारत में प्रवेश करने के दौरान एक बांग्लादेशी व्यक्ति को फांसीदेवा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस ने गिरफ्तार को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो बांग्लादेशी को पनाह देने की जानकारी मिली। इसकी सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को पुलिस ने कालूजोत में छापेमारी की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। जिसमें एक एसआई और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। हाथ-पैर में चोट लगने से घायल पुलिसकर्मियों का फांसीदेवा ग्रामीण अस्पताल में इलाज कराया गया। दार्जिलिंग जिला पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोरंजन घोष ने कहा कि पुलिस को जांच में बाधाओं का सामना करना पड़ा और बाद में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों के नाम मोहम्मद राहुल और मोहम्मद हरमुज हैं। गिरफ्तार लोगों को शनिवार को सिलीगुड़ी अनुमंडल न्यायालय भेजा गया है।

## एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम से एनीमिया के खिलाफ मुहिम में मिलेगी गति

- *अभियान के जागरूकता के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित*
- *6 आयु वर्ग के लोगों को एनीमिया से मुक्ति के लिए किया गया लक्षित*

**राहुल कुमार, समाज जागरण:- किशनगंज**

एनीमिया एक गंभीर लोक स्वास्थ्य समस्या है. इससे जहाँ शिशुओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास अवरुद्ध होता वहीँ किशोरियों एवं माताओं में कार्य करने की क्षमता में भी कमी आ जाती है. इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए ह्य एनीमिया मुक्त भारतह्न कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है. इस कार्यक्रम के तहत जिले के सदर अस्पताल में कोचाधामन एवं दिघलबैंक प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीडिपियो, बिएचएम, बिसीएम, एल एस , बिआरपी एवं लेखापाल को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमे सभी को जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार के द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के बारे में विस्तार से बताया गया उन्होंने बताया कि 6 विभिन्न आयु वर्ग के समूहों को चिह्नित कर उन्हें एनीमिया से मुक्त करने की पहल की गयी है.

इन 6 आयु वर्ग के लोगों को किया गया है लक्षित:

- 6 से 59 महीने के बालक और बालिकाएं
- 5 से 9 साल के लड़के और लड़कियाँ
- 10 से 19 साल के किशोर और किशोरियां
- 20 से 24 वर्ष के प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएँ (जो गर्भवती या धात्री न हो)
- गर्भवती महिलाएं
- स्तनपान कराने वाली महिलाएं

प्रदान की जाती है निःशुल्क दवाः

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत सभी 6 आयु वर्ग के लोगों में एनीमिया रोकथाम की कोशिश की जा रही है. जिसमें 6 से 59 महीने के बालक और बालिकाओं को हफ्ते में दो बार आईएफए की 1 मिलीलीटर सिरप आशा द्वारा माताओं को निःशुल्क



दी जाती है. 5 से 9 साल के लड़के और लड़कियों को हर सप्ताह आईएफए की एक गुलाबी गोली दी जाती है. यह दवा प्राथमिक विद्यालय में प्रत्येक बुधवार को मध्याह्न के बाद शिक्षकों के माध्यम से निःशुल्क दी जाती है. साथ ही 5 से 9 साल तक के वैसे बच्चे जो स्कूल नहीं जाते हैं, उन्हें आशा गृह भ्रमण के दौरान उनके घर पर आईएफए की गुलाबी गोली देती हैं. 10 से 19 साल के किशोर और किशोरियों को हर हफ्ते आईएफए की 1 नीली गोली दी जाती है. जिसे विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रत्येक बुधवार को भोजन के बाद शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से निःशुल्क प्रदान की जाती है. 20 से 24 वर्ष के प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को आईएफए की एक लाल गोली हर हफ्ते आरोग्य स्थल पर आशा के माध्यम से निःशुल्क दी जाती है. वहीं गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के चौथे महीने से प्रतिदिन खाने के लिए आईएफए की 180 गोलियाँ दी जाती है. यह दवा उन्हें ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दिन प्रदान की जाती है. साथ ही धात्री माताओं के लिए भी प्रसव के बाद आईएफए की 180 गोली दी जाती है, जिसे उन्हें प्रतिदिन खाने की सलाह दी जाती है. इस दवा का भी वितरण ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दिन निःशुल्क ही होता है.

सप्ताह में दो खुराक दिलाएगा आपके बच्चे को खून की कमी से निजातः

डीडीए सुमन सिन्हा ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को सप्ताह में दो बार आईएफए( आयरन फोलिक एसिड) सिरप देने का प्रावधान किया गया है. एक खुराक में 1 मिलीलीटर यानी 8-10 बूंद होती है. सभी आशा को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सिरप की 50 मिलीलीटर की बोतलें आवश्यक मात्रा में दी जाती है. प्रथम दो सप्ताह में आशा स्वयं बच्चों को दवा पिलाकर माँ को सिखाने का प्रयास करती एवं अनुपालन कार्ड भरना सिखाती हैं. दो सप्ताह के बाद का खुराक माँ द्वारा स्वयं पिलाने तथा अनुपालन कार्ड में निशान लगाने के विषय में इस कार्यक्रम के दिशा-निर्देश में विशेष बल दिया गया है.

## फांसीदेवा में एसआई समेत चार सिपाही घायल

उत्तम सिंह,दैनिक समाज जागरण संवाददाता सिलीगुड़ी( दार्जिलिंग): फांसीदेवा के कालूजोत इलाके में शुक्रवार देर रात सनसनी फैल गई, जब एक बांग्लादेशी घुसपैठिए को शरण देने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार करते समय चार पुलिसकर्मी घायल हो गए. पुलिस सूत्रों के अनुसार फांसीदेवा आरयू अस्पताल से मवेशियों की तस्करी के लिए भारत में प्रवेश कर रहे एक बांग्लादेशी घुसपैठिए को फांसीदेवा पुलिस ने



गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो उसे घुसपैठिए को पनाह देने की बात पता चली। इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार देर रात कालूजोत इलाके में अभियान चलाया। इस दौरान हमले में एक एसआई सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गये. घटना के बाद घायल पुलिसकर्मियों को फांसीदेवा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, बाद में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान मो. राहुल और मो. हरमुज रूप में हुई है। इस संबंध में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, दार्जिलिंग जिला पुलिस, मनोरंजन घोष ने कहा कि पुलिस को जांच में बाधाओं का सामना करना पड़ा और बाद में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। आज आरोपियों को सिलीगुड़ी डिविजनल कोर्ट में पेश किया गया।

## विधायक इजहारूल हुसैन ने मुख्यमंत्री विकास योजना अंतर्गत पीसीसी गली निर्माण कार्य शिलान्यास किया

वीरेंद्र चौहान दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। को विधायक इजहारूल हुसैन ने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नं. 29 के विजय मार्बल के घर से इन्द्रा हॉल होते हुए अदित्य नाथ साह के घर तक



पी.सी.सी गली निर्माण कार्य शिलान्यास किया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, कांग्रेस के नेतागण, एवं नगर वासियों की उपस्थिति रही।

## दस लीटर बीयर के साथ एक गिरफ्तार.

**राहुल कुमार :- समाज जागरण**

कोचाधामन पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में एक बस में सवार व्यक्ति



के बैग से दस लीटर विदेशी बीयर जब्त किया. गिरफ्तार शराब तस्कर खन्ना यादव गेराबाड़ी कटिहार का रहने वाला बताया गया.इस संबंध में थानाध्यक्ष आरिज एहकाम ने बताया कि बिहार उत्पाद अधिनियम की धाराओं में थाना कांड संख्या 72/23 दर्ज किया गया है.पुलिस की इस कार्यवायी में पुलिस अवर निरीक्षक चंद्रमा चौधरी,सिपाही सुनील कुमार एवं गंगाधर कुमार शामिल थे.

## प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

**राहुल कुमार:- समाज जागरण किशनगंज**

प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत सुदूरवर्ती टेढ़ागाछ प्रखंड के चिल्हनिया पंचायत स्थित उच्च विद्यालय कुवाड़ी के खेल मैदान में विशेष शिविर का आयोजन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित किया गया गया। स्थानीय ग्रामीणों की अप्रत्याशित भीड़ के बीच पूरा समाहरणालय किशनगंज चिल्हनिया पंचायत के कुवाड़ीं उच्च विद्यालय में दिनभर कार्यरत रहा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के पहुंचने पर बिहार गीत वादन कर किया गया। मौके पर डीडीसी मनन राम, एडीएम अनुज कुमार समेत जिला प्रशासन के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। स्थानीय जन प्रतिनिधियों की बढ़ चढ़ कर भागीदारी रही। शिविर में 30 से ज्यादा विभिन्न विभागीय योजनाओं यथा आपूर्ति,सामाजिक सुरक्षा,स्वास्थ्य,ग्रामीण विकास,राजस्व, श्रम,मनरेगा,आईसीडीएस,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण (नल जल योजना),पंचायत राज,अल्पसंख्यक कल्याण( अल्पसंख्यक रोजगार ऋण,मुस्लिम परित्यकता योजना)कृषि,पशुपालन,बैंक,मत्स्य, कबीर अंत्येष्ठि योजना,आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड,राशन कार्ड,पेंशन,विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त,शिक्षा,उद्योग, सहकारिता, आरटीपीएस (जाति ,आवासीय, आय),मेडिकल कैंप,बाल संरक्षण,पुलिस,अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग,अर्थ एवम सांख्यिकी कार्यालय,एसएसबी का स्टॉल लगाया गया। संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन आपके द्वार शिविर में स्थानीय जन प्रतिनिधि यथा जिला परिषद सदस्य, प्रखंड समिति सदस्य ,मुखिया व अन्य ने उपस्थित होकर लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस विशेष शिविर में राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सेवा प्रदान करने के अतिरिक्त टेढ़ागाछ की जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को डीएम श्री शास्त्री द्वारा सुना गया। डीएम के द्वारा ऑन स्पॉट समस्या की समाधान भी किया गया है। आवश्यकतानुसार विभागीय अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए गए। स्थानीय लोगो के द्वारा स्थानीय समस्याओं के निराकरण का मामला लाया गया। डीएम ने ठोस कार्रवाई कर निराकरण की बता कही।

किशनगंज जिला के सुदूरवर्ती प्रखंड टेढ़ागाछ में आयोजित विशेष शिविर में हजारो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। अभूतपूर्व व अप्रत्याशित ग्रामीणों की उपस्थिति विशेष शिविर



के आयोजन की सफलता को संपुष्ट कर रही थी। वास्तविकता में पूरा समाहरणालय किशनगंज नेपाल के समीप स्थित चिल्हनिया पंचायत में कार्यरत रहा। जिलाधिकारी समेत जिला प्रशासन के समस्त अधिकारी टेढ़ागाछ प्रखंड की जनता के दरबार में उपस्थित होकर राज्य /केंद्र सरकार प्रायोजित योजनाओं का लाभ उनतक पहुंचाने के लिए तत्पर रहे।

डीएम श्री शास्त्री के कुवाडी उच्च विद्यालय आगमन पर बीडीओ टेढ़ागाछ ने उनका स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। बिहार गीत के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ।

शिविर में स्टॉल के माध्यम से राजस्व,जीविका,विशेष सर्वेक्षण, बंदोबस्त,पशुपालन,श्रम, दिव्यांगजन सशक्तिकरण,सामाजिक सुरक्षा,बाल संरक्षण,अल्पसंख्यक कल्याण,ग्रामीण विकास,मनरेगा,लोहिया स्वच्छ बिहार,आपूर्ति,स्वास्थ्य,पीएचईडी,समेकित बाल विकास परियोजना, विद्युत, मत्स्य,उद्योग,अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण,बैंक,स्थानीय एसएसबी,पुलिस के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभुको के आवेदन भी लिए गए।

जिला पदाधिकारी के द्वारा जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया। ऑन स्पॉट समस्या का समाधान किया गया। कई ग्रामीण के द्वारा अपना हेल्थ चेक अप कराते हुए दवाइया भी ली गई। काफी संख्या में नए और पुराने राशन कार्ड के आवेदन प्राप्त हुए है। विद्यालय में पीएचईडी के द्वारा अस्थायी शौचालय ,नल जल अधिष्ठापित भी किया गया था।आईसीडीएस के स्टॉल पर विभागीय योजना के तहत डीएम ने गोद भराई रश्म संपन्न करवाया।

उल्लेखनीय है कि विशेष शिविर में प्राप्त हुए अधिकतर आवेदन में भूमि विवाद और राशन कार्ड के मामले सबसे अधिक पाए गए। साथ ही, हर घर नल जल योजना,स्वास्थ्य,पेंशन,राशन कार्ड से संबधित शिकायतें भी प्राप्त हुए। कैंप में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड,कुशल युवा कार्यक्रम,स्वयं सहायता भत्ता,आरटीपीएस के तहत जाति आय,आवासीय,मृत्य,जन्म प्रमाण पत्र बनाने,जमाबंदी रसीद,परिमारजन,अमीन मापी विशेष सर्वेक्षण के तहत एलपीएम वितरण,नए राशन कार्ड,पेंशन लाभ,मुख्यमंत्री उद्यमी योजना,पीएमईजीपी, एससी/एसटी कल्याण,अल्पसंख्यक कल्याण,मदरसा सुदृढ़ीकरण योजना,मुस्लिम परित्यकता,मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण परवरिश,कन्या उत्थान योजना,विभिन्न ऋण,पशुपालन, गव्य विकास,जीविका,लोहिया स्वच्छ बिहार,प्रधानमंत्री आवास योजना, वित्त/बैंक,शताब्दी असंगठित कामगार योजना, श्रम पोर्टल पर मजदूरो का निबंधन, व अन्य विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। ऑन स्पॉट निबंधन भी किया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा 100 से अधिक लोगों से प्राप्त आवेदनों पर निर्देश दिए गए और आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर वार्ता कर निर्देश भी दिए गए।

जनसंवाद कार्यक्रम में चिल्हनिया पंचायत एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों के लोगों से जिलाधिकारी रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को उन्होंने पूरी गंभीरता से सुना और उनसे आवेदन भी लिए गए। तदनुसार डीडीसी,एडीएम और एसडीएम ने जन समस्याओं के निराकरण के मद्देनजर संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया।

दर्जनों मामलों का जिलाधिकारी द्वारा ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल कैंप के साथ पोषण से संबंधित काउंटर भी लगाए गए थे।

डीएम श्री शास्त्री ने जिला प्रशासन को आम जनता के बहुत करीब बताते हुए ऐसे कैंप को सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ प्रदान करने की दिशा में कारगर बताया है।

तत्पश्चात जिलाधिकारी के द्वारा सभी स्टॉल का निरीक्षण किया गया। विशेष शिविर का स्थानीय ग्रामीण में काफी चर्चा रहा और लोग लाभान्वित भी हुए। स्थानीय आदिवासी लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने स्थानीय जनजाति समुदाय की संस्कृति की झलक प्रस्तुत हुई।

स्वास्थ्य शिविर से 650 से अधिक लोग लाभान्वित हुए।109 लोगो ने आंख जांच करवाया और 09 दिव्यांग जन से आवेदन लिए गए। राजस्व शिविर में 80 से ज्यादा लोग ने आवदेन दिए और खाद्य एवम आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशन कार्ड के 500 से अधिक आवेदन लिए गए है। 15 से अधिक आरटीपीएस के तहत प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। श्रम विभागीय 32 व आधार के कई आवेदन प्राप्त हुए है।

मौके पर उप विकास आयुक्त मनन राम,अपर समाहर्त्ता ,अनुज कुमार, अनुमंडलाधिकारी अमिताभ कुमार गुप्ता,डीपीओ /आईसीडीएस सुमन सिन्हा,बीडीओ टेढ़ागाछ गनौर पासवान,अंचलाधिकारी टेढ़ागाछ अजय कुमार,मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि(जिला परिषद सदस्य, मुखिया,प्रखंड प्रमुख,वार्ड मेंबर) तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 60 साल के मोहम्मद हाशिम उद्दिन ने जीता एक करोड़ रुपये की लॉटरी।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

सिलिगुड़ी : कहावत है ना आपकी किस्मत कब बदल जाए ये कोई नहीं कह सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि नक्सलबाड़ी के दयाराम जोत के रहने वाले 60 साल के मोहम्मद हाशिम उद्दिन ने एक करोड़ रुपये की लॉटरी जीती है। जिसके बाद गांव और परिवार में खुशी का माहौल है। मालूम हो कि



नक्सलबाड़ी प्रखंड के दयाराम जोत निवासी पेशे से दिहाड़ी मजदूर है। मोहम्मद हासिम उद्दीन ने बताया शुक्रवार शाम लॉटरी के टिकट खरीदे। रात में पता चलता है कि वह करोड़पति बन गया है। शनिवार की सुबह वह बिना किसी को बताए अपने परिवार और पड़ोसियों के साथ थाने पहुंचा। उन्होंने कहा कि मैं एक करोड़ पाकर खुश हूं, मुझे कोई डर नहीं है।

## महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को एक संस्था के द्वारा चिकित्सा, शिक्षिका व महिला प्रयवेक्षिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक इजहारुल हुसैन, महिला चिकित्सिक डॉ उर्मिला कुमारी, गर्ल्स स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को प्रस्सति पत्र व स्वक्षता से सम्बंधित उपहार भी भेंट किया गया। गर्ल्स



हाई स्कूल की बच्चियों के द्वारा स्वागत गान व लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि महिलाओं के सम्मान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिला दिवस पर महिलाओं की सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक और राजनीतिक क्षेत्रों में उपलब्धियों पर प्रकाश डालने का प्रयास किया जाता है। चिकित्सक डॉ उर्मिला कुमारी ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 की थीम है। डिजिटऑल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फॉर जेंडर इक्वालिटी। वार्ड पार्षद रानी देवी ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के अधिकार के प्रति सभी को जागरूक करने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। उन्होनें कहा कि महिलाएं अब किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं है। मंच संचालन शिक्षक इन्हेसार राही कर रहें थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के जिला लीड अनिल कुमार, विकास वाजपेई, श्रीनाथ शाह, सागर कुमार ने किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि संजय पासवान, सहित काफी संख्या में शिक्षिका एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## सीबीएसई की दसवीं एवं बारहवीं कक्षा की परीक्षा कदाचार मुक्तःएस के पी विद्यालय बांका

**दैनिक समाज जागरण**
**बांका ब्यूरो रिपोर्ट**

बांकाःएसकेपी विद्या विहार राजपुर प्लस टू आवासीय विद्यालय बांका बिहार में सीबीएसई दसवीं बारहवीं कक्षा की परीक्षा शांतिपूर्ण कदाचार मुक्त रहा। सहायक अधीक्षक प्रवीण



कुमार प्रणव ने बताया कि दसवीं कक्षा में संस्कृत विषय में कुल 27 छात्रों का पंजीयन था जिसमें सभी उपस्थित होकर शांति पूर्ण परीक्षा दिया ।जबकि बारहवीं कक्षा में कुल 54 छात्रों का पंजीयन था जिसमें दो छात्र अनुपस्थित रहे और कुल 52 छात्रों ने गणित विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण कदाचार मुक्त देकर घर गए। आब्जर्वर मिथिलेश कुमार ठाकुर शुरू से अंत तक निरीक्षण करते रहे। केंद्राधीक्षक मानस कुमार पाठक ने समय समय पर औचक निरीक्षण करते रहे। आईटी पर्सन मनोज कुमार सिन्हा, कर्मचारी रामानुज, सूरज सहित अन्य मौजूद थे।

## बिजली की करंट लगने से एक व्यक्ति का घटनास्थल पर ही मौत

**जिला संवाददाता मासूम रजा दैनिक समाज जागरण**

जिला के डेहटी पंचायत में आरिफ नाम के व्यक्ति 11000 के बिजली में लगकर मृत्यु हो गया वही एक व्यक्ति सीने से लग कर जख्मी हालत में सदर अस्पताल में भक्ति है बताया जा रहा है कि आरिफ नाम के व्यक्ति जो मकान बना रहे थे इसी क्रम में पोल खरा कर रहा था तो ऊपर 11000 का तार था जो उसमें टच लगने से लपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया बताया जा रहा है क्या मरने वाला का नाम मोहम्मद आरिफ



पिता रज्जाक घर भूमरा पंचायत डेहटी वार्ड नंबर 2 का थाना प्लासी का रहने वाला है मौके पर थाना प्लासी के थाना प्रभारी को मालूम हुआ तो वह साहू को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल अररिया लाया जहां पर पोस्टमार्टम होने के बाद सब परिजनों को सौंप दिया मौके पर डेहटी पंचायत के मुखिया बबलू जी अपने निगरानी में पोस्टमार्टम करवाया और बताया कि मुझे जहां तक होगा सहायता करूंगा उनके परिवार को और सरकारी लाभ दिलाने का पूरा कोशिश करूंगा जल्द से जल्द मिल जाए इसके लिए कार की कार्रवाई पूरा करके सरकारी लाभ दिलाने का काम करूंगा

## समाहरणालय स्थित परमान सभागार मे उप विकास आयुक्त श्री मनोज कुमार के अध्यक्षता मैं जिला में समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई

**जिला संवाददाता मासूम रजा दैनिक समाज जागरण**

राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज समाहरणालय स्थित परमान सभागार में उप विकास आयुक्त श्री मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 16 मार्च, 2023 को, कृमि नियंत्रण की दवाई स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कोविड-19 से संबंधित सभी सुरक्षा उपायों का ध्यान रखते हुए निःशुल्क खिलाई जाएगी । 1-5 साल के बच्चों को यह दवाई आंगनवाड़ी केन्द्रों में खिलाई जाएगी तथा 6-19 साल के बच्चों को यह दवाई स्कूलों में खिलाई जाएगी। वहीं स्कूल न जाने वाले बच्चों को भी यह दवाई आंगनवाड़ी केन्द्रों पर ही खिलाई जाएगी। उप विकास आयुक्त ने कहा कि एल्बेंडाजॉल बच्चों के लिए सुरक्षित दवाई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता / शिक्षक अपने सामने ही हर बच्चे को दवाई खिलाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों में कृमि नियंत्रण से कई फायदे हैं। इससे खून की कमी में सुधार के साथ, बेहतर पोषण स्तर प्राप्त होता है। इसके आनुमानिक फायदे भी हैं। स्कूल और आंगनवाड़ी में उपस्थिति तथा सीखने की क्षमता में सुधार लाने में मदद, भविष्य में कार्यक्षमता और औसत आय में बढ़ोत्तरी, वातावरण में कृमि की संख्या



कम होने पर समुदाय को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे छूट जाएं, उन्हें यह दवाई मॉप-अप दिवस, 20 मार्च, 2023 को अवश्य खिलवाएं। बैठक में सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी एमओआईसी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

वीरेंद्र चौहान, दैनिक जागरण ब्यूरो किशनगंज। बहादुरगंज में पहली बार हमारा जन्मभुमि शिवगंज धाम शिवमन्दिर के विराट पावन प्रांगण में गांव के साथ साथ आसपास के सभी बुद्धिजीवी महानुभावो माता पिता परमेश्वर भाई बहन बेटी भतीजी बेटा भतीजा छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ होली मिलन समारोह आयोजित कर दुगुणों को समाप्त कर सद्गुणों के ओर लेजाने



वाले महापर्व को मनाया।साथ ही सभी को परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी के द्वारा इस महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मानने हेतू दी गई शुभकामनाएं।

इस शुभावासर पर मुख्य अतिथि सेवा निवृत प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिन्हा जी, अध्यक्षा श्रीमती केशो देवी,सखी लाल दास सेवा निवृत भारतीय डाक विभाग कर्मी , कृष्ण प्रसाद सेवा निवृत प्रधानाध्यापक, बिमल बक्शी जी,सेवा निवृत पुलिस विभाग,

राजा कुमार वार्ड सदस्य, चमन कुमार, डॉ दिलिप कुमार, लाल कुमार, इंजिनियर राजू कुमार, सूर्यो देवी शिक्षिका, सचिव पूजा देवी,उपाध्यक्ष राधा देवी, उपसचिव रीता देवी एवम सभी सम्मानित सदस्य के साथ सभी ग्राम गोविंदपुर एवम शिवगंज धाम का गरिमामय उपस्थिति दर्ज हुआ।उपस्थित सभी सम्मानित श्रद्धालु गण प्रशासन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री से उक्त स्थल का विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत सहयोग करने हेतु स्थल पर पहुंचने के लिए अनुरोध किया।

व्यवस्थापक अधिवक्ता कमलेश कुमार एवम सभी सम्मानित श्रद्धालुगण शिवगंज धाम शिवमन्दिर बहादुरगंज, में आयोजन किया गया।

## भूमि विवाद से संबंधित लगा जनता दरबार

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः जिलाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर भूमि विवाद से संबंधित जनता दरबार शिविर आयोजित की गई। शनिवार 11 मार्च को सुईया थाना परिसर में थाना अध्यक्ष मनीष कुमार एवं चांदन सीओ प्रशांत शांडिल्य की अध्यक्षता में जनता दरबार शिविर आयोजित की गई। जनता दरबार शिविर में भूमि विवाद से संबंधित दो मामले को



अवलोकन किया गया साथ ही पुराने दो रैयती मामले को निष्पादित किया गया। वहीं चांदन थाना परिसर में थाना अध्यक्ष नसीम खान एवं चंदन सिओ प्रशांत शांडिल्य के अध्यक्षता में नया एक भूमि विवाद से संबंधित मामला सामने आया। जिसे फरियादी द्वारा दिए गए आवेदन को अवलोकन करने के उपरांत अगले शनिवार की सुनवाई होने की बात कही।

## सड़क दुर्घटना में 3 लोग हुए जख्मी

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना शनिवार की है। मिली जानकारी के अनुसार भागलपुर हड्डियां मुख्य मार्ग के गुरुधाम पेट्रोल पंप समीप मोटरसाइकिल सवार नवगछिया गोसाईं गांव निवासी 74 वर्षीय जगत लाल यादव अपने 8 वर्षीय पुत्र अभिजीत को लेकर मोटरसाइकिल पर सवार थे। जबकि मोटरसाइकिल उनका रिश्तेदार तुलसीपुर गांव निवासी विभाष चला रहा था। बताया जाता है कि, गुरुधाम पेट्रोल पंप समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन के द्वारा आगे जाकर अचानक वाहन को मोड़ने का प्रयास किया गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने स्कॉर्पियो वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद तीनों सड़क किनारे गिर पड़े और जख्मी हो गए। हालांकि स्कॉर्पियो वाहन चालक के द्वारा तीनों व्यक्तियों को उठाकर रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया और बेहतर चिकित्सा के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया। बताया गया कि, बालक के सिर पर गहरी चोट लगी है। जिसका सिटी स्कैन कराना अनिवार्य है। इसके बाद ही बच्चे का सही ढंग से उपचार हो पाएगा। हालांकि इस दौरान दोनों पक्षों में आपसी समझौता कर लिया गया। जिसके बाद स्कार्पियो चालक वहां से रवाना हो गया।

## सांसद विद्युत महतो व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया कदमा रामनगर पार्क का उद्घाटन

**नागेन्द्र कुमार, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ), कदमा स्थित रामनगर पार्क का उद्घाटन सांसद विद्युत वरण महतो व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी ने संयुक्त रूप से किया. पार्क का निर्माण टाटा स्टील एवं टीएसयूआईएसएल द्वारा कराया गया है. इस अवसर पर सांसद ने कहा कि टाटा स्टील ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत पूर्व में भी शहर में अनेक नागरिक सुविधाओं का विकास किया है, यह उसकी नई कड़ी है. सांसद ने टाटा स्टील और टीएसयूआईएसएल के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि कदमा के रामजन्म नगर एवं रामनगर क्षेत्र में जलापूर्ति की व्यवस्था करें. ताकि इस क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके. उन्होंने कहा



कि पिछले दिनों कदमा बाजार में हुए अग्निकांड में बहुत सारे दुकानदार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं. टाटा स्टील द्वारा उन्हें मानवीय आधार पर सहायता प्रदान कर उनका पुनर्वास किया जाए.

**मील का पत्थर साबित होगा पार्क : बन्ना गुप्ता**

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस पार्क के निर्माण के लिए टाटा स्टील एवं टीएसयूआईएसएल को धन्यवाद दिया. कहा कि यह पार्क में अभी बहुत कुछ कार्य होना बाकी है. यह पार्क कदमा के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा. इस अवसर पर मुख्य रूप से टीएसयूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा, जमशेदपुर पश्चिम के सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा ललन चौहान, अमरिंदर मलिक, गोपाल जायसवाल, मनीष पांडे, मनोज सिंह, सपा दास, राजन नायक, एस कार्तिक प्रेम पासवान, जी पी सिंह, शंभु राय, अभिषेक शर्मा उपस्थित थे.

## जिले में मैट्रिक के 74 एवं इंटर की 37 सेंटर पर होगी परीक्षा

### मैट्रिक के 41,320 एवं इंटर के 34,318 विद्यार्थी परीक्षा में होंगे शामिल

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) पलामू जिले में आगामी 14 मार्च से प्रारंभ हो रहे मैट्रिक व इंटर की परीक्षाओं को कदाचार व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बैठक हुई.समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की जानकारी ली.शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि जिले में मैट्रिक की परीक्षा के लिये 74 एवं इंटर की परीक्षा के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं.इन परीक्षा केंद्रों में मैट्रिक के 41,320 एवं इंटर



के 34,318 विद्यार्थी परीक्षा देंगे.मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली तो इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी.उपायुक्त ने स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए कई दिशा-निर्देश दिये.उन्होंने परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं उड़नदस्ता दंडाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया.बैठक में उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूरी कर लेने का निर्देश दिया.बैठक में उपरोक्त के अलावे सभी सेंटर सुपरीटेंडेंट,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य लोग उपस्थित थे.

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने झारखंड हैंडबॉल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर सभी डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी का किया आभार व्यक्त

**नागेन्द्र कुमार, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंडः), माननीय स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी को झारखंड



हैंडबॉल एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने झारखंड हैंडबॉल एसोसिएशन के सभी डिस्ट्रिक्ट के प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है की उन्होंने मुझे सर्वसम्मति से पूरा वोट दिया और अध्यक्ष पद के लिए चुना, मैं ईमानदारी के साथ झारखंड हैंडबॉल एसोसिएशन को और सभी खिलाड़ियों को मदद करूंगा और पूरे झारखंड के गांव-गांव तक हैंडबॉल के विकास के लिए जो भी कदम उठेगा उसमें मेरा पूर्ण रुप से सहयोग रहेगा।

## हाटगम्हारिया प्रखण्ड सभागार में किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रखंड के चिन्हित पीआरआई सदस्यों एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

**दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार गुप्ता, अनुमंडल संवाददाता जगन्नाथपुर**

पश्चिम सिंहभूम (झारखंड ) हाटगम्हारिया :- शनिवार को हाटगम्हारिया प्रखण्ड सभागार में किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रखंड के चिन्हित पीआरआई सदस्यों एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम में 10 से 19 बर्ष के किशोर किशोरियों को अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरुक किया गया. पश्चिम सिंहभूम जिले में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य विभाग , शिक्षा विभाग तथा तकनीकी संस्था सेंटर फॉर कैट लाइजिंग चेंज संस्था के तत्वावधान में किया जा रहा है. इस कार्यक्रम का ऊद्देश्य है कि कार्यक्रम को सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित पदस्थ व सेवा प्रदाताओं को कार्यक्रम की रूपरेखा व कार्यक्रम के अंतर्गत उनकी अपेक्षित भूमिकाओं पर उन्मुखीकरण का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है. उन्मुखीकरण के दौरान सेंटर फॉर कैट लाइजिंग चेंज के प्रतिनिधि प्रखंड समन्वयक मेरी टोपनो ने पीआरआई सदस्यों को र के एस के एवं एस ऐच डब्ल्यु पी कार्यक्रम में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी. इस कार्यक्रम के बेहतर संचालन हेतु पी आर आई



सदस्य के महत्वपूर्ण भागीदारी और उनकी भूमिका को भी रेखांकित किया . उन्होंने कहा कि आरकेएचके कार्यक्रम एक महत्वकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत 10 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के किशोर किशोरियों को पोषण में सुधार ,यौन प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार ,मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि चोटों और हिंसा को रोकना, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकना से संबंधित जानकारी जाता है. ऐसे किशोर किशोरियों उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा सके साथ ही साथ कम उम्र में विवाह ,गर्भधारण एवं स्कूल ड्रॉपआउट के दुष्प्रभाव के बारे में भी चर्चा की गई . किर्यक्रम में इससे निपटने के संभावित प्रयासों पर चर्चा की गई और ग्राम स्तर पर उपलब्ध विभिन्न समितियों जैसे ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति ,ग्राम बाल संरक्षण समिति ,विद्यालय प्रबंधन समिति आदि को सुद्दढ़ करने पर बल दिया गया ताकि इनके प्रयासों से कम उम्र में विवाह, गर्भधारण एवं स्कूल ड्रॉपआउट जैसी समस्याओं को रोका जा सके हाट गम्हारिया प्रखंड में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख श्रीमती नितम गागराई प्रखंड विकास ,पदाधिकारी श्री मलय कुमार , प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी झिंकपानी श्री वीरेंद्र कुमार मुखिया उप मुखिया पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्य आरकेएसके बीटीटी सहिया साथी बी टीटी प्रखंड समन्वयक जगन्नाथपुर संकुल समन्वयक हाटगम्हरिया पियर एजुकेटर आदि उपस्थित थे.

## पलामू जिले के 12 मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 25% सीटों पर कमजोर वर्ग एवं गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवारों के बच्चों का लिया जाएगा नामांकनः पलामू उपायुक्त

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत नामांकन को लेकर जिला शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष 2024 में पलामू अंतर्गत मान्यता प्राप्त 12 निजी विद्यालयों में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रवेश कक्षा में नामांकन 25 प्रतिशत सीटों पर अभीवंचित समूह, कमजोर वर्ग



एवं गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवारों के बच्चों का नामांकन किया जाएगा।

उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि 72000 रुपए से कम वार्षिक आय वाले परिवार के बच्चों का नामांकन पलामू अंतर्गत मान्यता प्राप्त 12 निजी विद्यालयों में लिया जाएगा। उपायुक्त ने बच्चों के नामांकन हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया।

बैठक में उपायुक्त के अलावे जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू सहित विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## तीन मोटरसाइकिल के आपसी टक्कर में पांच घायल

**समाज जागरण विश्वनाथ कुमार चौधरी, प्रखंड संवाददाता सतबरवा**

रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग सतबरवा में तीन मोटरसाइकिल की आपसी टक्कर में पांच लोग घायल हो गए।घायलों को तत्काल ग्रामीणों ने नव जीवन अस्पताल तुंबागडा में भर्ती कराया गया। जिसमें एक की हालत गंभीर है। घटना शनिवार की शाम करीब छह बजे की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो मोटरसाइकिल में आमने -सामने की टक्कर हो गई, इसी बीच पीछे से आ रही एक और मोटरसाइकिल टकरा गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए।जिसमें एक की हालत गंभीर है। समाचार लिखे जाने तक एक घायल युवक की पहचान सतबरवा निवासी अजय प्रसाद का पुत्र राजा 20 की रूप में हुआ है।

## जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट व जान मारने की धमकी देने की एसडीपीओ से शिकायत

**शिव कुमार यादव, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, सारठ, देवघर**

देवघर (झारखंड) पथरड्डा ओपी क्षेत्र के सरपत्ता गांव निवासी गुलाब पंडित ने उपसमाहर्ता मधुपुर द्वारा आवंटित जमीन पर जबर्दस्ती कब्जा करने का विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने व जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है और सारठ एसडीपीओ धीरेंद्र नारायण बंका को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीपीओ को दिए आवेदन में जिक्र है कि सारठ अंचल के सरपत्ता मौजा नम्बर 164 के प्लॉट नम्बर 473 में रक्वा 1.23 एकड़ परती कदीम जमीन है, जिसे तत्कालीन ग्राम प्रधान गयाराम महतो द्वारा पीड़ित गुलाब पंडित के पिता झगरू पण्डित को उक्त प्लाट



बतौर पट्टा दिया गया था। वहीं प्रधानी पट्टा के आधार पर मधुपुर उपसमाहर्ता के न्यायालय में उक्त पट्टे को सही करार देते हुए अंचल कार्यालय सारठ को उक्त जमीन की बंदोबस्ती होने के बाद उसका लगान जमा लेने का निर्देश दिया गया था और न्यायालय के निर्देश पर पट्टा लेने पाने वाले द्वारा रसीद भी वर्षों से कटाने की बात कही गई है। वहीं जिक्र है कि उक्त जमीन पर ओपी क्षेत्र के ओझाडीह गांव निवासी मंगल सिंह वगैरह द्वारा जबर्दस्ती कब्जा करते हुए पुराने घर को तोड़ने व उस पर जबरन नींव खोदने और विरोध करने पर हरवे हथियार से लेश होकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने व जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एसडीपीओ से न्याय की गुहार लगाई है। इधर शिकायत को लेकर एसडीपीओ ने कहा कि मामले की जांच कराई जायेगी और पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाया जायेगा।

## जगन्नाथपुर नुआमुंडी मुख्य सड़क पर मिली लाश, हत्या की आशंका

**समाज जागरण, सुनील कुमार गुप्ता, अनुमंडल संवाददाता जगन्नाथपुर**

पश्चिम सिंहभूम (झारखंड ) जगन्नाथपुर -जगन्नाथपुर नुआमुंडी मुख्य सड़क पर मिली लाश, हत्या की आशंका नुआमुंडी थाना क्षेत्र में सड़क पर एक व्यक्ति की लाश मिली है। लाश की पहचान 32 वर्षीय नुआमुंडी के उइसिया गांव निवासी गुलशन गोप के रूप में की गयी है। गुलशन नुआमुंडी के हीरो शोरूम में



सुपरवाइजर का कार्य करता था। आशंका व्यक्त की जा रही है की गुलशन की हत्या कर उसकी लाश को सड़क पर रख दिया गया होगा। घटना बड़ानंदा के समीप की है। बीती रात की घटना बताई जा रही है। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना स्थल पर पड़े शव का सिर बुरी तरह कुचला हुआ था। वहीं एक बाइक उसके शरीर के ऊपर डाला हुआ था। ऐसा प्रतीत होता है की पहले गुलशन सिर को किसी पत्थर से कूच दिया गया होगा और उसके बाद उसके बाइक को उसके ऊपर डाल दिया गया। घटना की सुचना परिवार वालों को दे दी गयी है। वहीँ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## डीलरों की मनमानी से कार्ड धारक परेशान।

**दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार गुप्ता, अनुमंडल संवाददाता जगन्नाथपुर**

पश्चिम सिंहभूम (झारखंड ) जगन्नाथपुर–शनिवार को जगन्नाथपुर प्रखंड के गुमरिया पंचायत गुमरिया गांव में चावल दिवस के रूप में उपायुक्त के निर्देश पर सभी कार्ड धारियों को राशन उपलब्ध कराने को लेकर जगन्नाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गुमुरिया के राशन डीलर नवीन आनंद पिंगुआ के पास पहुंचे, जह जगन्नाथपुर भाग-1 जिला परिषद मानसिंह तिरिया भी उपस्थित हुए।, मानसिंह तिरिया ने पिछले सितंबर, अक्टूबर,नवंबर, दिसंबर माह का राशन वितरण नहीं किए जाने की इसकी शिकायत अनुमंडल पदाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री, खाद्य आपूर्ति मंत्री,उपायुक्त महोदय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी को 16 फरवरी 2023 को शिकायत किया था। वही राशन लेने आए कार्ड धारियों से बातचीत किया गया जिसमें राशन वितरण नहीं होने की बात सामने आई।

वहीं जिला परिषद सदस्य मानसिंह तिरिया ने राशन डीलर नवीन आनंद पींगुवा से बातचीत के दौरान उन्होंने राशन वितरण नहीं होने की बात पूछी तब राशन डीलर ने बताया कि हमें ऊपर से आवंटन नहीं मिला है जिस कारण से हम राशन वितरण नहीं कर पाए। इस पर मानसिंह तिरिया ने



प्रखंड विकास पदाधिकारी को पूछने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि राशन डीलर को आवंटन मिल गया है।

ऐसे में मान सिंह प्रिया ने बताया कि राशन डीलर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी एक दूसरे को आरोप-प्रति आरोप लगा रहे।

इसके अलावा राशन डीलर संजीत कुमार लागुरी के द्वारा नवंबर, दिसंबर माह का राशन वितरण नहीं किया गया। जिसका दिसंबर माह का रसीद कार्ड धारियों के पास उपलब्ध है।

वही मसाबिला राशन डीलर साधु चरण लागुरी के द्वारा सितंबर दिसंबर माह का राशन वितरण नहीं किया गया। डीलर से पूछे जाने पर आवंटन नहीं आने की बात कही गई। ऐसे में जिला परिषद सदस्य मानसिंह तिरिया ने कहा कि इन सारी समस्या का निराकरण करने में जगन्नाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डीलरों को नहीं सुधार पा रहे हैं। डीलर का मनमानी इतना बढ़ चुका है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी का बात को भी नहीं मानते हैं।

वही श्री तिरिया ने बताया कि ऐसे में डीलरो के द्वारा क्या कर लोगे की धमकी भी देते हैं तथा लाइसेंस रद्द कर दो इस तरह की बात भी उनके द्वारा कही जाती है।

मानसिंह तिरिया ने कहा हमेशा से इन डीलरों पर कार्रवाई नहीं होने से इनका मनोबल बढा हुआ है। इसलिए हमारा लड़ाई जनहित का लड़ाई है जनहित में लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे जब तक कार्ड धारियों को राशन वितरण नहीं करता है यह डीलर को बर्खास्त नहीं करता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त जगन्नाथपुर प्रखंड घोषित करने ,शिक्षा ,स्वास्थ्य ,पोषण, अधिकार को लेकर प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार गुप्ता, अनुमंडल संवाददाता जगन्नाथपुर**

पश्चिम सिंहभूम (झारखंड ) जगन्नाथपुर–बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त जगन्नाथपुर प्रखंड घोषित करने व 0 -18 के सभी बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण का अधिकार मिले आदि उद्देश्य पर एस्पायर द्वारा आयोजित मुंडा - मानकी एवं डाकुवा का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन प्रखंड स्टेडियम में मुंडा मानकी संघ अध्यक्ष कामिल केराई की अध्यक्षता में हुई। मौके पर मुंडा मानकी व डाकुवा ने विधालय व आंगनवाड़ी के शिक्षा स्वास्थ्य और पोषण, तथा पेयजल से जुड़ी अपने गांव - टोला के कई समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया।

सम्मेलन में आये मुंडा मानकी डाकुवा व अन्य से एस्पायर द्वारा लगाये गये लर्निंग व आंगनवाड़ी नर्सरी शिक्षा से जुड़े स्टाल का निरीक्षण किया। सम्मेलन में संदिप गोप एंड टीम ने बाल विवाह रोकथाम पर लघु नाटक प्रस्तुत किया।

सम्मेलन में जिला समन्वयक जी. नरेश द्वारा एस्पायर द्वारा प्रखंडों में शिक्षा उन्नयन कार्यक्रम के तहत चल रहे विभिन्न जागरुकता गतिविधियां एवं मुंडा मानकी व डाकुवा की शिक्षा क्षेत्र में भूमिका अहम हो को लेकर कई बिंदुओं पर बाल अधिकार व शिक्षा अधिकार से जुड़ी समस्या व चुनौतियों से अवगत कराया। साथ ही प्रखंड में स्कूल छुटे बच्चों को फिर



से स्कूल में जोड़ने के दौरान आने वाली समाजिक, दस्तावेज व अन्य चुनौतियां से अवगत कराया।

मौके पर अतिथि एसडीओ शंकर एक्का ने कहा कि मुंडा - मानकी व डाकुवा को परम्परा व सरकारी स्तर से कई अधिकार व शक्तियां मिली है, जिनका उपयोग निस्वार्थ व समानता के साथ समाजिक हित व बच्चों की अधिकार की रक्षा के लिए करना है। बाल विवाह या बाल श्रम का मुद्दा कभी गांव में आये तो मुंडा मानकी डाकुवा इतना सक्षम बने की बाल विवाह बाल श्रम समाज से दुर हो जाये। उन्होने कहा मुंडा मानकी व डाकुवा को प्राशासनिक स्तर पर भी हमेशा प्राथमिकता व सहयोग दी जाती है। बस आगे बढ़ेना है कर्त्तव्य का अनुपालन हर क्षेत्र का विकास के लिए करना है। एसडीओ ने ग्राम सभा को सशक्त बनाते हुए सभी आदर्श मुंडा मानकी व डाकुवा बनने और समाज में बेहतर कार्य करने की सलाह भी दी। उन्होने कहा हर बच्चे को शिक्षा पाने का अधिकार है और बच्चों को शिक्षा पाने से रोकना उनके अधिकारों का हनन करना है। सभी बच्चे शिक्षा से जुड़े रहे ऐसी व्यवस्था समाज में मुंडा मानकी डाकुवा विकसित करें।

मुंडा - मानकी संघ अध्यक्ष कामिल केराई ने कहा बाल श्रम एवं बाल विवाह अशिक्षित होने के कारण हो रहा है। शिक्षा पाने के लिए बच्चों को विद्यालय भेजना है। उन्होने कहा मुंडा मानकी व डाकुवा ड्रप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ कर उन्हे अच्छा मार्गदर्शन देने की भूमिका निभाये। उन्होने सम्मेलन में संघ के द्वारा संकल्प लेते हुए कहा 25 मार्च को पुरे प्रखंड के हर गांव में बाल श्रम व बाल विवाह रोक व सामुदायिक जागरुकता को लेकर विशेष ग्रामसभा का आयोजन एक साथ होगा।

एसडीपीओ इकुंग डुंगडुंग ने कहा बाल श्रम एवं बाल विवाह रोकथाम बहुत जरुरी है। 12-15 के कई बच्चे आजकल शादी कर लेते है। जिससे उनका मानसिक व शरीरिक विकास में रुकावट आ जाती है। बाद में इसका खामियाजा परिवार और समाज को किसी न किसी रुप में भुगतना पड़ता है। उन्होने अंधविश्वास से दूर रहने की सलाह दी। कहा शिक्षा से परिवार, समाज देश का विकास सम्भव है। कार्यक्रम का संचालन बिशाल गोप व पूनम पुरती ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मंजित कोड़ा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख बुधराम पुरती, जिला समन्वयक जी. नरेश, बीस मानस रंजन चक्र, हरेकृष्णा गोप, सविता नायक, पंसस समिलन गागराई, सवित्रि नायक, भुवनेश्वर हेस्सा, मुखिया रीता सिंकू, सोनाक्षी करोवा, कमिल केराई, सोमनाथ सिंकू, जमदार लागुरी, रामजीवन बेहरा, भगवान बिरसा मुंडा सिंकू, कृष्णा सिंकू, कमलकिशोर केसरी, मंजित कोड़ा, अम्बाई केराई सहित सैकड़ो मुंडा, मानकी, डाकुवा व अन्य उपस्थित थे।

## स्पेशल रिपोर्टः युवाओ को भड़काने वाला बाहरी गिरोह सरकार के रडार पर, जल्द होगा पदार्फाश मुख्यमंत्री

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,**

राँची (झारखंड ) मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज झारखंड के युवाओ को ढाल बनाकर राज्य में असंतोष और अराजकता की स्थिति उत्पन्न करने की हसरत रखने वाले बाहरी गैंग के खिलाफ खुलकर अपनी बात रखी. मुख्यमंत्री ने हर बार हर नीति का विरोध करने वालो को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि बाहरी तत्व कुछ युवाओ को ढाल बनाकर राज्य में आग लगाने का प्रयास कर रहे है, समय आने पर उन सब को माकूल जवाब मिलेगा. सीएम ने कहा कि राज्य के युवाओ को भड़काने और नीतियों को अटकाने, लटकाने के पीछे बड़ा गिरोह काम कर रहा है. कुछ यूट्यूब और सोशल मीडिया चैनल्स, कोचिंग संचालक और छात्र नेता इसके मास्टरमाइंड है, सरकार की सब के ऊपर नजर है, जल्द ऐसे बाहरी गैंग का पदार्फाश किया जाएगा. मुख्यमंत्री झारखंड के युवाओ के भविष्य को बार बार कोर्ट की दहलीज पर लाकर पटकने वालो के खिलाफ भी आक्रामक दिखे. सीएम ने कहा कि कुछ लोग नहीं चाहते कि राज्य के युवा प्रतियोगी परीक्षाओ में बैठे और सरकारी नौकरी प्राप्त करे. इसीलिए वो हमेशा हर नीति का विरोध करने का बहाना खोजने लगते है. मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लिए नियोजन नीति और स्थानीय नीति राजनीतिक एजेंडा बनकर रह गई है. राज्य की सत्ता पर



22 वर्षों तक राज करने वाला कोई भी राजनीतिक दल झारखंड की मूल भावना के अनुरूप नियोजन नीति का निर्धारण नहीं कर पाया. हमारी सरकार ने झारखंड के लोगों की भावना के अनुरूप 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति निर्धारित की, तो बाहरी गैंग इसे रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट पहुंच गए. सीएम हेमंत सोरेन ने युवाओं को सदन के जरिये कहा कि राज्य का नौजवान जो चाहेगा, मेरी सरकार उसी रास्ते पर चलेगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी राज्यों की अपनी नियोजन नीति है, लेकिन झारखंड की नियोजन नीति से दूसरे राज्यों को परेशानी ज्यादा हो रही है. नियोजन नीति के विरोध में जो लोग झारखंड उच्च न्यायालय में शिकायतकर्ता थे, वे बिहार और उत्तर प्रदेश के थे. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य के नौजवानों को सरकारी नौकरी के लिए फार्म भरने की दर हमारी सरकार ने घटा दिया ताकि वे पैसो की चिंता ना कर, पढ़ाई करे. सीएम ने कहा कि हमें मालूम था कि 1932 के आधार पर स्थानीयता नीति बनती भी है, तो बाहरी उसे कोर्ट में चैलेंज करेंगे और उसके कोर्ट में खारिज हो जाने का खतरा था. इसीलिए हमने केंद्र को इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा था. जिसे भी राज्यपाल ने वापस लौटा दिया. ये सब किसके इशारे पर हो रहा है, ये आप समझ रहे है. हमारी कोशिश थी कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को नौवीं अनुसूची में शामिल करने से सांप भी मर जाता और लाठी भी नहीं टूटती।

## विधायक ने 65 किसानों के बीच किया पंपिंग सेट मशीन का वितरण, कहाः जल्द छूटे हुए किसानों को भी मिलेगा पंप सेट

**शिव कुमार यादव, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, सारठ, देवघर**

देवघर (झारखंड) शनिवार को सारठ विधायक रणधीर कुमार सिंह ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा 90 फीसदी अनुदान पर दिए जा रहे पंपिंग सेट मशीन 65 किसानों के बीच वितरण किया। वहीं मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए विधायक रणधीर कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व की रघुवर सरकार के कार्यकाल के दौरान किसानों को अनुदान पर पंपिंग सेट मशीन के वितरण की योजना चलाई गई थी। उसी योजना अन्तर्गत उपायुक्त की अध्यक्षता में बनाई गई चयन समिति के माध्यम से चयनित योग्य जरूरत मंद किसानों को योजना का लाभ दिया गया। कहा कि इस योजना के तहत वैसे किसानों को पम्प सेट उपलब्ध कराया जाता है जिनका मनरेगा या अन्य सरकारी योजना के तहत सिंचाई कूप, तालाब का निर्माण किया है या उसके खेत के सीमा में नदी या तालाब स्थित है। उन्होंने कहा कि उनके सरकार के



दौरान प्रत्येक वित्तीय वर्ष में हजारों किसानों को योजना का लाभ दिया गया था परन्तु वर्तमान सरकार द्वारा काफी कम किसानों को योजना का लाभ दिया जा रहा। वहीँ बताया कि पूर्व सरकार में किसानों को मात्र 2 से 3 हजार रुपए देने पड़ते थे जबकि वर्तमान में किसानों को लगभग 6 हजार से अधिक रुपए जमा करना पड़ रहा है।

साथ ही उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि यह पम्प सेट वित्तीय वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत वितरण किया जा रहा है और आगे जल्द ही वित्तिय वर्ष 2022-23, 2023-24 का भी पम्प सेट मशीन छूटे हुए जरूरतमंद किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भूमि संरक्षण विभाग के पर्यवेक्षक नरेंद्र कुमार , भाजपा मंडल अध्यक्ष देबू पोद्दार , सबा खान, विष्णु रॉय, किसान आशीष झा, मुकेश राय, रंजीत सिंह, पंकज राय, विकास सिंह, मूर्ति देवी, सुषमा देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## शहर के थाना रोड में आरिज रिजवान इलेक्ट्रॉनिक दुकान का मंत्री ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण , संवाददाता,अनूप कुमार राय, मधुपुर(देवघर)**

मधुपुर शहर के थाना रोड मोड के निकट अरिज रिजवान इलेक्ट्रॉनिक दुकान का पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने फीता काटकर किया उद्घाटन। मौके पर मंत्री श्री अंसारी ने कहा कि यहां के लोग को हर इलेक्ट्रॉनिक सामान उपलब्ध रहेगा और यहां से दूसरे आस्थान जाना नहीं पड़ेगा। मौके पर दुकान के संचालक आरिज रिजवान ने कहा कि यहां इलेक्ट्रनिक के सभी सामान जैसे आयरन, पंखा, आवन इत्यादि समान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर प्रबंधक मोहम्मद नजीर शम्स, रियान शम्स, हाजी अब्दुल रशीद, एडवोकेट मोहम्मद अलाउद्दीन अंसारी,पंकज पीयूष इत्यादि उपस्थित थे!

## एसडीओ ने झारखंड माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में सफल संचालन को लेकर की बैठक

**दैनिक समाज जागरण , संवाददाता,अनूप कुमार राय, मधुपुर(देवघर)**

मधुपुर 14 मार्च से शुरू होने वाली मध्यमिक व इंटरमीडिएट कला विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा में विधि व्यवस्था बनाए रखने व कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा संचालन को लेकर एसडीओ आशीष अग्रवाल ने अनुमंडल के सभी बीईईओ व केंद्राधीक्षकों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बेंच-डे स्क ,सीसीटीवी, पेयजल व शौचालय की सुविधा अनिवार्य होगी कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में दंडाधिकारी और पुलिस पुलिस बल की तैनाती रहेगी।वही उन्होंने केंद्राधीक्षक को उनकी जिम्मेवारी सौंपी गई माध्यमिक व




इंटरमीडिएट कला वाणिज्य विज्ञान परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने को लेकर केंद्रा अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया इसके अलावे उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में छात्र- छात्राएं किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक समान लेकर ना आए इस तरह के सामान लेकर आना वर्जित है मौके पर मधुपुर बीईईओ बसन्त नारायण सिंह,करौ बीईईओ रविन्द्र चन्द्र मण्डल,मधुपुर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती, कुलदीप चौधरी, रामअचल यादव,रंजन कु चौधरी,इकराम अली अंसारी,अमित कुमार,शंकरनाथ ठाकुर,उदयशंकर पाठक,नवीन कुमार,सुनील लच्छिरामका,नीरज कुमार,अंग्रेज मडंल, आदि अनुमंडल के केन्द्रा अधीक्षक बैठक में शामिल थे!

# आंदोलन या धंधा योगेंद्र साव एवं बेटी अंबा प्रसाद विधायक जनहित की आड़ में निजी हित साधने का आरोप

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल**

राँची (झारखंड ) बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से पिछले तीन चुनावों से कांग्रेस के टिकट पर लगातार योगेंद्र साव या उनके परिवार का सदस्य जीत रहा है. फिलहाल पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की बेटी अंबा प्रसाद विधायक हैं. विस्थापितों के नाम पर राजनीति चमकानेवाला साव परिवार अक्सर विवादित बयानों और कारनामों को लेकर सुर्खियों में रहता है. योगेंद्र साव जब विधायक और मंत्री बने, तो उन पर नक्सली संगठन झारखंड टाइगर ग्रुप बनाने, अधिकारियों के साथ मारपीट करने और रंगदारी मांगने का आरोप लगा. नक्सली संगठन झारखंड टाइगर ग्रुप बनाने के मामले में गिद्दी थाने में एफआईआर (कांड संख्या 48/14) दर्ज हुई. सीआईडी जांच में इसकी पुष्टि भी हुई थी.फलस्वरूप उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था. कोर्ट में मामले में ट्रायल चल रहा है. गिद्दी थाना में रंगदारी मामले में ( कांड संख्या 55/11) उन्हें जेल भी जाना पड़ा. ढाई साल की सजा भी हुई थी. इसके बाद उनकी पत्नी निर्मला देवी विधायक बनी थीं. उनके कार्यकाल में बड़कागांव में उनके नेतृत्त्व में हुए दो आंदोलनों में दो गोलीकांड हुए, जिसमें चार लोगों की मौत हुई और दर्जनों लोग घायल हुए. चिरूडीह गोलीकांड मामले में योगेंद्र साव और निर्मला देवी को 10-10 साल की सजा हुई है. फिलहाल दोनों जमानत पर जेल से बाहर हैं. फिलहाल उनकी बेटी अंबा प्रसाद विधायक हैं. अंबा प्रसाद भी अपने कारनामों को लेकर चर्चा में रहती हैं. कर्णपुरा कॉलेज में 48 लाख के गबन और कटकमदाग थाना परिसर से बालू लदे ट्रैक्टर छुड़ाने के आरोप में उनके खिलाफ मामला दर्ज हो चुका है. जमीन कब्जा करने जैसे आरोप भी लगते रहे हैं. इलाके में लोग कहने लगे हैं कि साव परिवार अपना नफा-नुकसान देखकर ही बयानबाजी करता है और निजी हित की बात बनते ही मौका देखकर चुप्पी भी साध लेता है.एनटीपीसी की पंकरी -बरवाडीह परियोजना में काम बंद कराया, फिर चालू हो गया

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में बड़कागांव विधानसभा से अंबा प्रसाद चुनाव जीतीं. एनटीपीसी की पंकरी -बरवाडीह परियोजना में नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर विस्थापितों का आंदोलन भी चल रहा था. विधायक बनने के बाद अंबा प्रसाद भी उनके आंदोलन में कूद पड़ीं. प्रभावित क्षेत्र के हजारों बेरोजगारों से नौकरी के नाम बायोडाटा लिया और आंदोलन तेज किया गया. एनटीपीसी के ट्रांसपोर्टेशन को रोक दिया गया. कई सप्ताह तक काम बंद कराने के बाद अचानक काम चालू हो गया. धरना पर बैठे लोगों को पुलिस बल द्वारा खदेड़ दिया गया. धरना दे रहे लोगों पर पुलिस ने लाठियां बरसाईं और कइयों को जेल भी भेज दिया. उसी समय विधायक के चाचा का एक ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें उनके द्वारा नौकरी देने और दिलवाने की बात कही जा रही थी. लेकिन उसके बाद आज तक पंकरी -बरवाडीह में कोई धरना-आंदोलन विधायक परिवार ने नहीं किया.अवैध खनन पर मुखर, पर सड़क मार्ग से अवैध ट्रांसपोर्टेशन पर विधायक ने चुप्पी साधे रखी

एनटीपीसी की पंकरी-बरवाडीह कोल परियोजना में कंपनी की एमडीओ (माइंस डेवलपर ऑपरेटर) त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने नियम कानूनों को ताख पर रख कर दोमुहानी नाले की 100 एकड़ से अधिक जमीन को अवैध ढंग से खोद डाला. दैनिक शुभम संदेश ने अवैध खनन के मामले को प्रमुखता से उठाया. अवैध खनन को लेकर बवाल मचा. कई जांच में अवैध खनन की पुष्टि भी हुई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर नीचे से ऊपर तक के अफसरों-जनप्रतिनिधियों ने चुप्पी की चादर ओढ़े रखी. यहां अवैध खनन के साथ ही गलत ढंग से कोयले का ट्रांसपोर्टेशन भी होता रहा. विधानसभा में विधायक अंबा प्रसाद ने अवैध खनन का मामला उठाया, तो सरकार ने भी अवैध खनन की पुष्टि की. लेकिन विधायक अंबा प्रसाद ने अवैध ट्रांसपोर्टेशन के मामले में चुप्पी साधे रखी. लेकिन झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने बजट सत्र में कोयले के अवैध ट्रांसपोर्टेशन का मामला उठाया. सरकार ने जवाब में कहा कि हजारीबाग उपायुक्त से प्रतिवेदन प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी.



कौन हैं खरांटी निवासी संजय कुमार, कैसे मिला एनटीपीसी का काम

जुलाई 2020 से खरांटी निवासी संजय कुमार को एनटीपीसी से कोयला ट्रांसपोर्टेशन के सिलसिले में कोयला लदे रेल बैगन को ढंकने सहित अन्य काम मिलने लगा. क्षेत्र के लोग बताते हैं कि संजय रिश्ते में विधायक के दूर के मामा लगते हैं. विस्थापितों का कहना है कि विधायक के प्रभाव से उन्हें ट्रांसपोर्टेशन के दौरान रेलवे बैगन ढंकने का काम मिला था. हालांकि विधायक अंबा प्रसाद इससे साफ इनकार करती हैं. कहती हैं, आप पता कर लीजिए. मेरी इसमें कोई भूमिका नहीं है. अब कोई अपने प्रभाव से काम लेता है, तो इसमें वे क्या कर सकती हैं.

बड़कागांव के विस्थापित रैयत लखींद्र ठाकुर कहते हैं कि एनटीपीसी के खिलाफ विस्थापन विरोधी आंदोलन किसानों ने शुरू किया था. इस आंदोलन को विधायक परिवार ने हाईजैक कर लिया. रैयतों के इस मजबूत आंदोलन को विधायक परिवार ने अपने स्वार्थ के लिए यूज किया. बड़कागांव विधायक और उसका परिवार एनटीपीसी के साथ खड़ा है. पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना में किसानों की दुर्दशा देखकर अब किसान जाग गए हैं. बड़कागांव के गोदलपुरा में अडाणी की कोल परियोजना के खिलाफ चल रहे आंदोलन में किसी नेता को शामिल ही नहीं होने दे रहे हैं.विस्थापित रैयत रामदुलार साहू कहते हैं कि बड़कागांव के आंदोलन में राजनीतिज्ञों की इंट्री ने किसानों को बर्बाद कर दिया है. एनटीपीसी ने जो वादा किया था, उसे आज तक पूरा नहीं किया गया. अब तो विस्थापितों ने विधायक से किसी तरह की उम्मीद ही छोड़ दी है. विधायक निजी हित के लिए एनटीपीसी के साथ खड़ी हैं, क्योंकि उससे उनके परिवार और रिश्तेदारों का हित हो रहा है, न कि किसानों-रैयतों का.समाजसेवी सोनू इराकी का कहना है कि विधायक अंबा प्रसाद ने विस्थापितों को आश्वासन दिया कि जबतक एक एकड़ का एक करोड़ मुआवजा नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा. इस धरना कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, पूर्णिमा नीरज सिंह, ममता देवी, भूषण बाड़ा शामिल हुए थे. लेकिन आश्वासन पूरा नहीं हुआ. अपने फायदे के लिए 6 पंचायत के लोगों के 67 दिनों के आंदोलन को विधायक ने समाप्त करा दिया. और कुछ दिनों के बाद ही कंपनी ने काम शुरू कर दिया,

किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा केंद्रीय संयोजक पंकज महतो कहते हैं कि बड़कागांव के आंदोलनों में जब से विधायक परिवार की जबरन इंट्री हुई है, तब से यहां सिर्फ कोल कंपनियां खुल रही हैं, लेकिन विकास शून्य है. विधायक निजी हित के लिए विस्थापितों के साथ आंदोलन करती हैं और सिर्फ और सिर्फ अपना व अपने परिवार व रिश्तेदारों की आमदनी का स्रोत निकाल कर चुप्पी साध लेती हैं. विस्थापितों को कोई फायदा नहीं होता है.विधायक अंबा की सफाई दी है कि एनटीपीसी ने बड़कागांव में कइयों को मैनेज कर रखा है. कोल ट्रांसपोर्टेशन के दौरान मरने वाले दोनों लोगों के आश्रितों को नौकरी और मुआवजा दिलाने का काम हमने किया है. उनके पिता योगेंद्र साव के 90% काम उन्हें करने देने से संबंधित वायरल ऑडियो के संबंध में कहा कि ऐसी बात नहीं है. स्थानीय लोगों को 90% काम मिलना चाहिए, यहीं मांग की जा रही थी. और ऐसा करना कोई गलत नहीं है. खरांटी निवासी संजय कुमार के संबंध में कहा कि वह हमारे दूर के रिश्तेदार हैं या नजदीक के यह पता कर लीजिए. कोई अपनी क्षमता से काम अगर लेता है, तो उसे हमसे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए.

## मां तारा का 15 वां तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव शुरू।

*पक्का घाट तालाब से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, विधायक समीर कुमार मोहंती हुए शामिल.*

**दैनिक समय जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता ,जादूगोड़ा**

पूर्वी सिंहभूम झारखंड चाकुलिया नगर पंचायत के मां तारा धाम में शास्त्री संघ के तत्वावधान में शनिवार से मां तारा का 15 वां तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव धूमधाम से शुरू हुआ. पक्का घाट तालाब में पूजा अर्चना के बाद गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं अपने माथे पर जल से भरा कलश लेकर चल रही थीं. कलश यात्रा में विधायक समीर कुमार मोहंती भी शामिल हुए. मुख्य सड़क और धर्मशाला रोड होते हुए यह कलश यात्रा मां तारा के मंदिर पहुंची.

इसके बाद बामदेव की पूजा प्रारंभ हुई. कलश यात्रा में तारापीठ के तांत्रिक संतोष बाबा, संघ के अध्यक्ष मुनेश्वर पोलाई, गौरी शंकर दास, देवाशीष दास, नाडु राय, रंजीत दास, मलय रूहीदास, बबलू साव, मोनु पोलाई, धूषण बारिक, सपन पोलाई समेत अनेक लोग शामिल थे.



शनिवार को मां तारा की पूजा, चंडी पाठ, मां का अन्न भोग, मां तारा, बामदेव और शिव बाबा की संध्या आरती और हवन कार्यक्रम संपन्न होंगे. इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए संघ के पदाधिकारी और सदस्य जुटे हुए हैं. इस धार्मिक अनुष्ठान के संचालन के लिए तारापीठ के संतोष बाबा, बनारस के योगेश मुनिमुनि और पुजारी गोपाल पति पहुंचे हुए हैं!

## हैदरनगर में भारत गैस एजेंसी ने उज्जवला पंचायत का किया आयोजन

*पीएम उज्जवला योजना महिलाओं के लिए वरदानः शाहनाज*

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) भारत गैस एजेंसी पलामू जिले के हैदरनगर के प्रोपराइटर लड्डन खान ने निकाह भवन में उज्जवला पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष डा अजय जयसवाल ने की। संचालन राजी अहमद उर्फ राजू खान ने किया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान व विशिष्ठ अतिथि मुखिया शाहनाज प्रवीन मौजूद थे। विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वल योजना भारत के गरीब परिवारों की महिलाओं के चेहरों पर खुशी लाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 1 मई 2016 को शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत गरीब महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन मिला है।



जिससे महिलाओं को सम्मान के साथ खाना बनाने की सुविधा को बेहतर बनाने में बड़ा कदम है।

मुखिया शाहनाज प्रवीन ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना से गरीब महिलाओं को मिट्टी के चूल्हे से आजादी मिल गई है। इसके लिए केंद्र की सरकार का बहुत ही ऐतिहासिक निर्णय है। इसके लिए वह केंद्र सरकार की आभारी हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने के लिए उपयोग में आने वाले जीवाश्म ईंधन की जगह एलपीजी योजना का एक मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और उनकी सेहत की सुरक्षा करना भी है। इस मौके पर एलपीजी के उपयोग और सुरक्षा की जानकारी दी गई। मौके पर समाजसेवी लियाकत अली, जफर हवारी, अशरफ हसन, शकील खान, कमला देवी, सुषमा देवी, रूबी कुमारी, राहत बेगम के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

## मदरसा खैरुल इस्लाम में इस्लाह ए मुआशरा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

*मदरसों में मिलती है दीनी और इंसानियत की तालीम– मौलाना मंजर हुसैन*

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर के मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में शुक्रवार की रात अजुमुशान इजलास व इस्लाह ए मुआशरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता मदरसा के प्रधान मौलवी खुर्शीद अनवर नूरी ने किया,संचालन मौलाना लाल मोहम्मद ने की, कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन समाजसेवी व कॉन्फ्रेंस के संरक्षक शेर अली व मदरसा के अध्यक्ष फिरोज अहमद,पार्षद सुहैल आलम व ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।जलसा की शुरूआत मौलाना जिकरुल्लाह मक्की व मौलाना जहँगीर ओवैसी द्वारा तिलावत ए कुरान पाक से हुआ. जलसा को संबोधित करते हुऐ मौलाना सैयद मंजर हुसैन ने कहा की कुरान को हिफ़्ज करने वाले व्यक्ति के दरजात बहुत बुलंद होते है।यदि घर मे एक हाफिज हो गया तो समझो घर की



बख्शिश का जरिया हो गया,उन्होंने शिक्षा के संदर्भ में कहा की मदरसा की बुनियाद ही अल्लाह और उसके रसूल के कलाम यानी कुरान और हदीस की हिफाजत पर रखी जाती है, मदरसों में शिक्षा के साथ दीनी और इंसानियत की तालीम दी जाती है।उन्होंने मदरसा खैरुल इस्लाम कमिटी और जलसा में आये लोगों से कहा की इस मदरसा को एक बुलंदी पर पहुचाने की जवाबदेही आप लोगों पर, ताकि इस मदरसा से भी हाफिज अलीम, कारी निकल कर पूरे हिंदुस्तान में अपना और मदरसे का नाम रौशन हो।जलसा में मुख्य रूप से शायर शहबाज कलकत्तवी, अजमत भागलपुरी.अरशद बनारसी, नौशाद अम्बर औरंगाबादी ने एक से बढ़ एक नात पाक पढ़ कर इस जलसा में एक जोश दी, कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दिकी, जुल्फिकार अली,साकिर अली ,सद्दाम कादरी,इम्तेयाज आलम, लड्डन खान, सुहैल आलम, डॉ यूसुफ,मजीद अंसारी,नसीम खान,सगीर सगीर हाफिज,हीरू खान,किस्मत अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## डालसा द्वारा महिला दिवस सप्ताह के तहत न्याय सदन एवं घाघीडीह सेन्ट्रल जेल में किया कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नागेन्द्र कुमार, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ पूर्वीसिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम - जमशेदपुर । नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित न्याय सदन भवन एवं घाघीडीह स्थित सेन्ट्रल जेल में अलग अलग दोनों जगह महिला दिवस सप्ताह पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को आयोजित उक्त कार्यक्रम में सेन्ट्रेल जेल घाघीडीह में लीगल ऐड डिफेन्स कौन्सिल के चीफ विदेश सिंहा, लीगल असिस्टेंट अभिनव जी, अंकित कनवार , पवन तिवारी एवं योगिता कुमारी द्वारा महिला बंदियों को उनके अधिकार एवं फ्री लीगल ऐड के बारे में जानकारी दी गयी । इसके अलावा महिला सशक्तिकरण पर विशेष रूप से जोर दिया गया । इसके साथ ही साथ घरेलु हिंसा, गुजारा भता , सम्पति में महिलाओ का अधिकार, रेप एवं सेक्सुअल हरासमेंट , पॉक्सो एक्ट आदि कानूनों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी । वहीं न्याय सदन में महिला सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम में जमशेदपुर शहर के दर्जनों सरकारी हाई स्कूल एवं मीडिल स्कूल की महिला शिक्षिकाएं सम्मिलित थीं। उनके बीच रिसोर्स प्रशन के रूप में डालसा के मध्यस्थ अधिवक्ता प्रीति मुर्मू एवं डिफेन्स कौन्सिल के असिस्टेंट सदस्य रंजना तिवारी ने आंतराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व , राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्य, डालसा एवं डिफेन्स कौन्सिल के उदेश्य के बारे में बताया । इसके अलावा फैमिली कोर्ट एवं महिलाओं से संबंधित कानून जैसे : मैरेज एक्ट एवं तलाक कानून, गुजारा भत्ता कानून, सम्पति में महिलाओ का अधिकार , डोमेस्टिक वॉइलेंस, सिविल क्रिमिनल लॉ, डॉरी एक्ट, एसीड अटैक, मानव तस्करी, किडनैपिंग , रेप एवं सेक्सुअल हरासमेंट, पॉक्सो एक्ट, भ्रूण हत्या आदि कई तरह के कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया । कार्यक्रम के अंत में विभिन्न टॉपिक्स पर प्रश्नोत्तर का सेशन भी रखा गया जिसमें सरलता पूर्वक सभी शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग ली । जागरूकता शिविर में काफी संख्या में महिला शिक्षिकाऐं उपस्थित थीं।

## जिजारा गांव के एक कच्चे घर मे लगी आग, सब कुछ जलकर हुआ खाक

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा जिंजरा गांव में एक वृद्ध महिला सुघरमानी कुंवर के घर में अचानक आग लग गई.महिला की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पास पड़ोस के लोग दौड़े.गांव में छुट्टी पर आए एनडीआरएफ में पदस्थापित अतेंद्र कुमार मिश्रा व सीआरपीएफ के जवान सत्येन्द्र मिश्रा ने साहस दिखाते हुए दरवाजा तोड़कर आग की लपटों में घिरी वृद्ध महिला सुघरमनी कुंवर को घर से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई.घटना की सूचना मिलने पर रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ग्रासिम इंडस्ट्रीज के दमकल गाड़ी और फायर ब्रिगेड टीम को लेकर साथ पहुंचे.दमकल की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया.लेकिन तब तक सब कुछ जलाकर खाक हो चुका था.मिली जानकारी के अनुसार जिंजरा गांव निवासी 85 वर्षीय सुघरमानी कुंवर



अपने पुस्तैनी खपरैल घर में अकेली रहती थी.इसी बीच रात को आग की लपटें देखकर चिखते-खिलाते लोगों से बचाने की गुहार लगाने लगीं.शोर सुनकर ग्रामीण उनके घर के सामने जमा होने लगे.इसी बीच गांव के ही अतेंद्र कुमार मिश्रा नामक युवक जो एनडीआरएफ में पदस्थापित है,उसने साहस दिखाते हुए घर के मुख्य दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश करते हुए वृद्ध महिला को बाहर निकाला.इस कार्य में गांव की ही एक अन्य सीआरपीएफ जवान सत्येंद्र मिश्रा ने भी उसका भरपूर सहयोग किया.इधर घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक को दी.जो ग्रासिम इंडस्ट्रीज से दमकल गाड़ी व फायर ब्रिगेड टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे.जहां सभी के प्रयास से आग पर काबू पाया गया.बचाव कार्य में सुमित मिश्रा,अमित मिश्रा,राजेश मिश्रा,रौशन मिश्रा,केदार नाथ मिश्रा,विद्या नाथ मिश्रा सहित कई लोगों ने सराहनीय प्रयास किया.

## जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां द्वारा महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां द्वारा आज एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रेस वार्ता का आयोजन स्वर्णरेखा निरीक्षण भवन आदित्यपुर में किया गया

जिला अध्यक्ष विशु हेंब्रम एवं कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रांची में13 मार्च 2023 को आयोजित राजभवन मार्च को सफल बनाने पर चर्चा किया गया

जिला अध्यक्ष विशु हेंब्रम एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंबुज कुमार ने सभी प्रखंड अध्यक्षों को 5-5 गाड़ियों मैं 10-10 कार्यकताओं के साथ रांची के लिए प्रस्थान करने का निर्देश दिया है ।

कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंबुज कुमार ने बताया कि सरायकेला खरसावां जिले से लगभग 1000 से अधिक कांग्रेसी निजी वाहनों में सवार होकर के राजभवन मार्च में भाग लेने रांची जाएंगे

अदानी समूह की जांच की मांग को लेकर के जेपीसी गठन समेत महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार आदि मुद्दे को लेकर के 13 मार्च को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के



नेतृत्व में राजभवन घेराव हेतु विशाल मार्च आयोजित किया गया है

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सरायकेला खरसावां कांग्रेस प्रभारी संजीव श्रीवास्तव जी ने कहा कि मोदी सरकार अपने मित्र अदानी को सभी मोर्चों पर संरक्षण प्रदान करते हुए अदानी समूह की कंपनियों में हुए वित्तीय घोटाले की जांच करने से पीछे हट रही है! इससे अदानी समूह एवं मोदी के बीच आपसी गठजोड़ का आशंका बनती है !

वहीं दूसरी तरफ कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंबुज कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि मोदी सरकार ने पिछले दिनों घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में रु50 एवं व्यवसायिक सिलेंडरों के दामों में रु350 की वृद्धि करके आम जनमानस का जीना दूभर कर दिया है! सरकार इसे अविलंब वापस ले! नहीं तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी!

वही त्रिपुरा में डॉक्टर अजय कुमार के ऊपर हुए जानलेवा हमले की भी उपस्थित नेता गणों ने एक स्वर में निंदा की

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गंभीर सिंह, समरेंद्र नाथ तिवारी, खिरोड़ सरदार, रामा शंकर पांडे ,जगदीश नारायण चौबे, गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष होपना हेंब्रम ,आदित्यपुर नगर अध्यक्ष रानी कालुंडिया, राजनगर प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल गौड़ समेत जमील अशरफ बब्बन, सिद्धेश्वर उपाध्याय, कुणाल राय, मीरा तिवारी, अरुण पांडे, पार्षद विक्रम किसको, रमेश बालमुचू रविंद्र वास्ते, संदीप गोप आदि उपस्थित रहे।

## राजनगर में डालास सचिव द्वारा विधिक जानकारी से काफी प्रभावित हुई महिलाएं।

**रवि कांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड) अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह को लेकर राजनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शनिवार को विधिक जागरूकता शिविर सह साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जहाँ मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के जिला सचिव कांति प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित हुए, वहीं विशिष्ट अतिथि स्वरूप पीएलवी भक्तु मार्डी,अंचलाधिकारी धनंजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह,बीपीओ मनोज तियु, जेएसएलपीएस की मोनिका महतो, प्रखंड, अंचल के कर्मी ,जनप्रतिनिधि एवं सौ से ज्यादा महिलाएं उपस्थित हुई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने को लेकर प्रेरित किया । वहीं जिला न्यायाधीश क्रांति प्रसाद ने महिलाओं को धर्य, शक्ति,आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को कानुनी जानकारी देते हुए कहा कि भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुरूप निःशुल्क विधिक सेवाएं प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण अधिकार है , यदि आपको किसी भी प्रकार की पीड़ा है तो सम्पर्क करें।हमारे पीएलवी द्वारा





लगातार गांव में शिविर लगाकर जागरूकता अभियान चलाया जाता है बेशक अपने हक अधिकार या किसी भी तरह के शोषण होने पर जानकारी दें ऐसे मामलों का कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप निशुल्क समाधान किया जाएगा । इस दौरान उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा : दहेज प्रथा,बाल विवाह,डायन के नाम पर हत्या ये सब मनुष्य की अपनी उपज है।जिस दिन समाज इसको लेकर जागरूक हो जाएगा।अपने आप ये सब कुरीतियों अपने आप समाप्त हो जाएगी।इसके लिए महिलाओं को जागरूक होने की आवश्कता है।

इसी दौरान उन्होंने दहेजप्रथा पर एक छोटा सा उदाहरण दिया जिससे उपस्थित महिलाएं काफी प्रभावित हुई।इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी उनकी बातों से प्रभावित होकर अपने अपने क्षेत्र में महिलाओं एवं पुरुषों को जागरूक करने की बात कही।

## मानव शरीर में दिव्यांगता 63 प्रकार की होती है - राजीव।

**समाज जागरण विश्वनाथ कुमार चौधरी ,प्रखंड संवाददाता सतबरवा**

पलामू ( झारखंड) दिव्यांग बच्चों की खोज को लेकर सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। राजीव कुमार चौबे व उमा ने दिव्यांगता खोज का प्रशिक्षण दिया।



प्रशिक्षकों ने बताया कि मानव शरीर में 63 प्रकार का दिव्यांगता होती है ,उसके अलग - अलग पहचान होते हैं। दिव्यांगता का सही रिपोर्ट नहीं मिल पाता है। इसलिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कि आप आसानी से दिव्यांग बच्चों की खोज कर सकते हैं।

प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए बीपीओ मनोज तिवारी ने सभी शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि निर्धारित समय पर अपने लोकेशन से ही हाजिरी बनाएं। बहुत सारे शिक्षक अपने लोकेशन से हटकर हाजिरी बना रहे हैं ,जो एक्सेप्टेड नहीं होगा । इस बात का ध्यान रखें और समय पर हाजिरी बनाएं । इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय के एचएम मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में ऊर्जा मेला का हुआ आयोजन, उपभोक्ताओं ने रखी समस्या

*उपभोक्ताओं से लिया गया आवेदन किया गया समाधानः सहायक अभियंता*

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड )पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड परिसर स्थित विद्युत सब स्टेशन परिसर में शनिवार को ऊर्जा दिवस सह मेला का आयोजन किया गया। मेला में उपभोक्ताओ ने आवेदन के माध्यम अपनी समस्याओं को रखा। अवर विद्युत प्रमंडल जपला के सहायक अभियंता संजय कुमार व कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने उनका समाधान किया व उन्हे मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर मेला का आयोजन किया गया है।ऊर्जा मेला में सरकार द्वारा एक सौ यूनिट मुफ्त बिजली की जानकारी दी गई। इसके अलावा खराब मीटर बदलने, नया कनेक्शन लेने, बिल में गड़बड़ी से संबंधित जानकारी, विद्युत कनेक्शन काटने जोड़ने से संबंधित जानकारी व बिजली से संबंधित अन्य समस्याओं का समाधान कैसे करेंगे इस संबंध में बताया गया। मेला में हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के उपभोक्ता शामिल हुए। भाग ले सकते हैं। मेला में विभागीय अभियंता मौजूद थे।

## जादूगोड़ा में शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल के 10 कक्षा के छात्र छात्राओ को दी गई विधाई

*विधालय के संस्थापक मुद्रिका शर्मा ने स्कूली बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना*

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),जादूगोड़ा स्थित शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल (धर्मडीह ) के 10 कक्षा के छात्र_ छात्राओ को आज शनिवार को भाव_भीनी विदायी दी गई।




इधर इस मौके पर विधालय के सातवी से नौवी कक्षा के छात्राओ को ओर से स्कूल प्रांगण में समारोह आयोजित की गई जहा विद्यालय के संस्थापक मुद्रिका शर्मा ने इन स्कूली बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की व आगे बढ़ने का आशीर्वचन देते हुए बच्चो को जीवन में अपने निर्धारित लक्ष्य को ओर बढ़ने को लेकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर अपने संबोधन में विद्यालय एक्टिंग प्राचार्य रिया सेन ने कहा कि यह विधाई बच्चों के उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करता है।बच्चे एक सीढ़ी पार कर दूसरे सीढ़ी की ओर बढ़ रहे है।इसे गम के रूप में नही खुशी के रूप में मनाएंगे। मौके पर सहायक प्राचार्य ममता कुमारी ने कहा कि बच्चे एक गुरु को छोड़ कर दूसरे गुरु के पास जा रहे है लेकिन याद रहे कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दूर जा रहे है छोड़ नही रहे है। आगे भी हम आपका स्वागत करते रहेंगे।इस समारोह को शिक्षक श्रवण बनर्जी समेत अन्य शिक्षको ने भी संबोधित किया।

## पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल को सुरभि शाखा ने किया सम्मानित

**नागेन्द्र कुमार, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ पूर्वीसिंहभूम**

जमशेदपुर ( झारखंड ), मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पद्मश्री से सम्मानित देश की जानी-मानी पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल को जमशेदपुर के कदमा स्थित उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुरभि शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, शाखा सचिव निधि अग्रवाल, संस्थापक ममता अग्रवाल, नीलम देबूका, सबिता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रही। मालूम हो कि प्रेमलता अग्रवाल दुनिया की सात सबसे ऊंची शिखरों पर चढ़ने वाली उम्रदराज पहली भारतीय महिला हैं ।



## डीजीपी अजय कुमार सिंह पुलिस मुख्यालय में आला अधिकारियों के साथ करे रहे हैं समीक्षा बैठक

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,**

राँची (झारखंड )झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह राज्य के सभी आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं. इस बैठक में सभी डीजी, एडीजी, आईजी, डीआईजी और सभी जिलों के एसपी शामिल हैं।



इस बैठक के एजेंडे में राज्य के थानों में लंबित मामले भी महत्वपूर्ण हैं. इस मीटिंग में पिछले दो साल के दर्ज मामलों के आंकड़े, प्रतिवेदित और निष्पादित केस की सूची, संगठित अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर चर्चा जारी है. इसके अलावा विभिन्न थानों में लंबित केस की लिस्ट और डिटेल्स, मानव तस्करी के वैसे मामले जिसमें विक्टिम अभी तक गुमशुदा है, साथ ही वारंट और कुर्की निष्पादन की स्थिति की समीक्षा भी रही है.इस बैठक में सभी जिलों के एसपी और रेल एसपी के कामकाज की बारी बारी से समीक्षा की जा रही है। हत्या, लूट, डकैती, अपहरण और रंगदारी जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले बड़े अपराधियों पर कार्रवाई के लिए जो योजनाएं बनी हैं, उन पर कितना अमल किया गया है उसका भी रिपोर्ट डीजीपी के सामने रखा गया है।

## आठ वर्ष बाद भी रेहला शहरी पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य अधर में

*> वितीय वर्ष 2015 में नगर विकास विभाग द्वारा योजना की मिली थी स्वीकृति*

*> नौ करोड़ 18 लाख 11 हजार की लागत से होना था योजना का निर्माण*

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) विश्रामपुर नगर परिषद का मुख्य कस्बा रेहला शहरी पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य आठ वर्ष बाद भी अधर में अटका हुआ है.आठ वर्ष पहले इस योजना का निर्माण कार्य तो बड़े ही धूम-धड़ाके के साथ शुरू किया गया था.लेकिन पेयजलापूर्ति का सपना अभी भी अधूरा पड़ा है.रेहला व आसपास की 10 हजार आबादी शुद्ध पेयजल के लिये तरस रही है.रेहला कस्बा की पांच हजार आबादी तो बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट के वाटर टैंकर के भरोसे है.ट्रस्ट भी जो पेयजल रेहला वासियों को उपलब्ध कराता है वह आबादी के हिसाब से ना-काफी है.हलाकि योजना की स्वीकृति दिलाने के लिये पलामू सांसद,स्थानीय विधायक व नप अधिकारी लगे हुये है.

> 2015 में मिली थी योजना की स्वीकृति

नगर विकास विभाग द्वारा रेहला शहरी पेयजलापूर्ति योजना की स्वीकृति वितीय वर्ष 2015-16 में मिली थी.योजना के निर्माण का जिम्मा झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेपलमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) को दिया गया था.इस योजना से विश्रामपुर नगर परिषद के पांच वार्डो





में पेयजलापूर्ति आपूर्ति करना था.लेकिन आज तक एक बूंद भी पानी इस योजना के माध्यम से लोगो को मय्यसर नही हुआ.योजना निर्माण के नाम पर कोयल नदी में इंटेकवेल हेतु एक कुआ का निर्माण व नदी के किनारे एक वाटर टैंक मात्र बना.

> नौ करोड़ 18 लाख की राशि हुआ था आवंटित

रेहला शहरी पेयजलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु नगर विकास विभाग ने नौ करोड़ 18 लाख 11 हजार रुपये आवंटित किये थे.नगर विकास विभाग ने आवंटित राशि को जुडको के खाते में स्थानांतरित भी कर दिया था.बावजूद यह योजना आज तक धरातल पर नही उतर पाया.

> योजना का निर्माण शुरू कराने हेतु हुआ था आमरण अनशन

रेहला शहरी पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य 2016 मे शुरू हुआ.कुछ माह बाद ही निर्माण कार्य बंद हो गया.बंद निर्माण कार्य को शुरू कराने हेतु कई नेताओं ने आंदोलन छेड़ा तथा आमरण अनशन पर भी बैठे.लेकिन आज भी इस योजना का निर्माण कार्य शुरू नही हो पाया है.

> कभी भूमि की अनुपलब्धता तो कभी डीपीआर में कमी भी बना कारण

रेहला शहरी पेयजलापूर्ति योजना के विलंब का करण कभी भूमि की अनुपलब्धता बताया जा रहा है.तो कभी डीपीआर में ही तकनीकी खराबी बतायी जाती है.योजना से जुड़े आलाधिकारियों की माने तो पहले अंचल कार्यालय वाटर सफ्लाई टैंक हेतु भूमि नही दे पा रहा था.अब जब भूमि उपलब्ध हो गया है तब अधिकारी डीपीआर में तकनीकी खामी बता रहे है.अधिकारियों के अनुसार इस योजना हेतु फिर से नया डीपीआर तैयार किया जा रहा है.

## प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के बीच वेबीनार समारोह को किया संबोधन।

**दैनिक समाज जागरण,धनंजय कुमार वैद्य ब्यूरो चीफ झारखंड ( प्रदेश) प्रखंड -धालभूमगढ़**

रांची (झारखंड) पूर्वी सिंहभूम जिला के (जमशेदपुर) धालभूमगढ़ प्रखंड में भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा 10 मार्च 2023 को सुबह 10:00 से 11:00 के बीच महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर एक पोस्ट बजट वेबीनार कार्यक्रम को संबोधित किए इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्रीमती सविता टोपनो तथा महिला परिवेक्षक श्रीमती शान्ति हेंब्रम तथा सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ओ एस सी कार्यकताओं ,महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्रखंड सभागर में कार्यालय डेक्सटॉप पर वेबीनार में शामिल हुए।



## डीसी ने किया अपील - राशन की कालाबाजारी, बजन में कम देना, गुणवत्ता में कमी आदि दिखे तो करें शिकायत, तत्काल होगी कार्रवाई

**नागेन्द्र कुमार, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ), जमशेदपुर डीसी विजया जाधव ने जिलावासियों से अपील कर कहा है कि आपके किसी भी जनवितरण प्रणाली दुकान संबंधी शिकायत हो जैसे अनाज कम देना, कई बार अंगूठे का निशान लेना, स्टॉक कम लाना, दुकान बंद पाया जाना, नियमित रूप से दुकान नहीं खोलना, अनाज की गुणवत्ता में कमी होना, आम जनता के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत, पीडीएस संचालक ने अपने पास लाभुक का राशन कार्ड रख लिया हो या कालाबाजारी की आशंका है तो तत्काल प्रशासन को इसकी शिकायत कर सकते हैं ताकि पीडीएस दुकान के निरीक्षण के दौरान इसकी जांच की जाए तथा जांचोपरांत शिकायत सही पाई जाती है तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी । डीसी ने अपील किया कि उक्त की सूचना सबसे पहले अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दें या जिला आपूर्ति पदाधिकारी से भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं ।




## नियोजन नीति सरकार के लिए अब बनता जा रहा जी का जंजाल

### *युवाओं में आक्रोश, विपक्ष को मिला मुद्दा तो कई अपने भी मुखर*

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल**

राँची (झारखंड ) नियोजन नीति के मसले पर राज्य सरकार पसोपेश में है. बेरोजगार युवाओं ने इसे लेकर सरकार के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है. सोशल मीडिया (ट्विटर) पर 10 मार्च को बेरोजगार युवाओं ने #6040नायचलतो को लेकर जबर्दस्त कैंपेन चलाया. करीब 3.50 लाख ट्विट के साथ इस हैशटैग को इतना ट्रेंड किया गया कि ट्विटर पर टॉप 10 में इसे जगह मिली. नियोजन नीति के मसले पर ही रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में सत्तारूढ़ महागठबंधन के कैंडिडेट की हार को एक अहम फैक्टर बताया गया. इधर, कल तक 1932 के खतियान और इस पर आधारित नियोजन नीति की सरकार की चाल से हलकान रही भाजपा और आजसू पार्टी को भी अब तगड़ा मुद्दा हाथ लग गया है. झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम भी अपनी ही सरकार को सदन में नियोजन नीति को लेकर घेरकर असहज स्थिति पैदा कर दी है. कहा जा सकता है कि यह नीति सरकार के लिए जी का जंजाल बनती दिख रही है.खतियान आधारित नियोजन ही सहीछात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो कहते हैं कि खतियान आधारित नियोजन नीति ही सही है. राज्य सरकार द्वारा इस नीति को लेकर एक रिकॉर्डेड ऑडियो कॉल किया गया. इसमें पूरे राज्य के 73 फीसदी युवाओं ने 2016 से पूर्व की नियोजन नीति को लागू करने पर अपनी सहमति दी है. पर यह सर्वे फर्जी है. जिस नियोजन नीति को सरकार ने युवाओं की राय लेकर बनायी है, वह उचित नहीं है. इसी के विरोध में डिजिटल महाअभियान चलाया गया. अभी बनायी गयी नियोजन नीति (60-40 नियोजन नीति) में कई कमियां हैं. क्षेत्रीय रीति-रिवाज के बैरियर को हटा दिया गया है. उर्दू, संस्कृत, अंग्रेजी को नियोजन में जोड़ दिया गया है जो सही नहीं है. नयी नीति में 40 प्रतिशत सीटों को ओपेन फॉर ऑल कैटेगरी में डाले जाने से दूसरे राज्यों के लोगों के लिए भी रास्ता खुलेगा.झारखंड यूथ एसोसिएशन के इमाम शफी कहते हैं कि 1932 के खतियान और नियोजन के नाम पर सरकार ने



छला है. पूर्व में नियोजन नीति को लेकर विधानसभा का घेराव किया गया था. सरकार ने एक माह में आदर्श नीति बनाने की घोषणा की थी. पर बेईमानी हुई। इसी कारण से वे और अन्य बेरोजगार भी रामगढ़ उपचुनाव में उतरे थे. 2019 से राज्य में हुए दूसरे उपचुनावों की तुलना में इस चुनाव में युवाओं का आक्रोश भी दिखा और रिजल्ट सरकार के खिलाफ आया. अगले वर्ष 2024 में विधानसभा के चुनाव होंगे. इसमें सभी 81 विधानसभा सीटों पर झारखंड के युवा भागीदारी करेंगे और शासन से इस सरकार को बाहर करेंगे.

झारखंड विधानसभा के चालू बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने नियोजन नीति पर सरकार को घेरा था. कहा कि इस सदन से 1932 आधारित स्थानीय पारित की गयी थी. अभी जो कैबिनेट में नियोजन नीति आयी है, वह 2016 वाली नीति है. सीएम हेमंत को बताना चाहिये कि 1932 पर सरकार बैकफुट पर क्यों आई है। यह लोगों के साथ धोखा है. नियोजन नीति पर झारखंड हाईकोर्ट ने क्या निर्णय दिया है, यह सरकार को सदन में बताना चाहिये. पिछले दरवाजे से सरकार ने नई नियोजन नीति को मंजूरी दी है. यह सदन की अवमानना है. पहले इस नीति पर चर्चा होनी चाहिये। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के मुताबिक हेमंत सरकार ने 16 अक्टूबर 2019 को ही झारखंड में बेरोजगारी खत्म करने की घोषणा कर दी थी. लेकिन वे यह बताना भूल गये थे कि राज्य में उनके चेले-चमचों की बेरोजगारी खत्म होगी. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश के मुताबिक पिछले तीन वर्षों में इस सरकार ने सिर्फ अपने परिवार और सत्ता के करीबियों को ही रोजगार दिया है. आजसू पार्टी प्रमुख और विधायक सुदेश कुमार महतो के मुताबिक सरकार ने युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है. स्थानीयता झारखंडियों की भावनाओं से जुड़ा है. इस पहचान के आधार पर ही नियोजन नीति बने। 4 मार्च को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक लोबिन हेंब्रम ने नियोजन नीति के सवाल पर अपनी ही सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की थी. कहा था कि इस सदन से नियोजन नीति पारित हुई थी. अब दो दिन पहले (2 मार्च) को सरकार ने कैबिनेट से नई नियोजन नीति को मंजूरी दी है. जो विधेयक सदन से पारित हो गया, उसे बिना वापस लिए फिर से कैबिनेट से पारित कराना नियमसंगत नहीं है. सरकार सदन का अवमानना कर रही है. चालू सत्र में सरकार 1932 आधारित नियोजन नीति पारित कराए.

## वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 10 मार्च 2023 तक का प्रत्यक्ष कर संग्रह

प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों में 10 मार्च, 2023 तक निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। 10 मार्च, 2023 तक का प्रत्यक्ष कर संग्रह प्रदर्शित करता है कि सकल संग्रह 16.68 लाख करोड़ रुपये है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के सकल संग्रह से 22.58 प्रतिशत अधिक है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.73 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के शुद्ध संग्रह की तुलना में 16.78 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह कुल बजट अनुमानों का 96.67 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल संशोधित अनुमानों का 83.19 प्रतिशत है।

जहां तक सकल राजस्व संग्रह के संदर्भ में कम्पनी आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) की वृद्धि दर का सवाल है, सीआईटी के लिए विकास दर 18.08 प्रतिशत रही जबकि पीआईटी (एसटीटी सहित)

## प्लास्टिक कैरी बैग के उत्पादों का आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग दंडनीय अपराध है।

**दैनिक सामाज जागरण, धनंजय कुमार वैद्य, ब्यूरो चीफ ( झारखंड) प्रदेश**

रांची (झारखंड ) जमशेदपुर जुगसलाई नगर परिषद द्वारा 01 जनवरी 2023 से आम दिनों के साथ साथ किसी भी उत्सव, सामुदायिक आयोजन/ कार्यक्रम इत्यादि में 120 माइक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक कैरी बैग के उत्पादों का आयात,भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग दंडनीय अपराध किस श्रेणी में रखा गया है।

**जुगसलाई नगर परिषद द्वारा**

प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.03.2023 को श्री पीयूष सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी, धालभूम, जमशेदपुर सह कार्यपालक पदाधिकारी, जुगसलाई नगर परिषद के निदेशानुसार जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद कार्यालय से वीर कुंवर सिंह चौक तक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक, अतिक्रमण, गन्दगी फैलाने वालो के खिलाफ, खुले में मूत्र विसर्जन करने वालो के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। अतिक्रमण करने वालों से कुल 2600 रूपया जुमार्ना वसूला गया। विदित हो कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) के नियम 2021 के अंतर्गत यह स्पष्ट किया गया है कि प्लास्टिक से बने कैरी बैग या उत्पाद जिनकी मोटाई 75 माइक्रोन से कम है एवं गैर बुना हुआ प्लास्टिक कैरी बैग जो 60 ग्राम प्रति वर्ग मीटर (GSM) से कम है के उपयोग 30 सितम्बर 2021 से प्रतिबंधित है। साथ ही 01 जनवरी 2023 से 120 माइक्रोन की मोटाई से कम के प्लास्टिक के बने कैरी बैग या उत्पादों का आयात,भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग दंडनीय अपराध है।

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा अधिसूचित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) के नियम 2021 के नियम-4 (उपनियम- 2) के द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2022 से पोलीस्टाइरीन एवं विस्तारित



पोलीस्टाइरीन वस्तुए सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं की विनिर्माण, आयात,भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है-

1 . प्लास्टिक स्टिक युक्त इयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइस क्रीम की डांडिया, पॉलीस्टीरिन( थेमोकोल) की सजावटी समाग्री।

2. प्लेटें, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरि, मिठाई के डिब्बों के इर्द- गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर, स्ट्रिर आदि।

जुगसलाई नगर परिषद का लोगो से अपीलः प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व थमाकोल के स्थान पर जुट, कागज व कपड़े के थैले या अन्य बायोडिग्रेडेबल / कंपोस्टेबल विकल्पो का प्रयोग करें। थमाकोल से बने थाली एवम प्लेट में भोजन करने से कैंसर जैसे विविध असाध्य बीमारियों के होने की प्रबल संभावना बनी रहती है, इस लिए इसके स्थान पर साल आदि के पत्तों से निर्मित पत्तल एवम प्लेट का उपयोग किया जाय। किसी भी दुकादार के पास उपरोक्त प्रतिबंधित सामग्री हो तो वे यथाशीघ्र जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय में आकर उसे जमा कर दें और सरकार की प्लास्टिक मुक्त जुगसलाई मुहिम में सहयोग करें।

उपरोक्त प्रतिबंधित सामग्री के विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री या उपयोग करते हुए पाए जाने पर उपयोगकर्ता , दुकानदार एवम अन्य व्यापारी वर्ग के विरुद्ध प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम तथा नगर पालिका अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत आर्थिक दंड के साथ साथ विधि सम्मत कड़ी करवाए की जायगी।

मौके पर नगर प्रबंधक लूकेश कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार, सफाई पर्यवेक्षक हसीन खान, गृह रक्षक संतोष कुमार यादव, कार्यालय कर्मी प्रसेनजीत दाश समेत कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जमींदारों के मंसूबे को पूरा नहीं होने देंगे

### *गरीबों के हक और अधिकार के लिए लड़ेंगे-रुचिर तिवारी*

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर,पलामू (झारखंड ) आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एक जांच टीम नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम कुहकू कला के टोला-बुलकडीह छाड़न में यहां के स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर गैर तरीके से हुए माइंस लीज की जांच किया और जांच के क्रम में पाया कि सासाराम के राम नारायण सिंह ,श्याम नारायण सिंह शंभू नारायण सिंह ,वगैराह ने अवैध तरीके से खतियान रैयत हुसैनी लोहार के नाम उक्त खतियानी भूमि की माइंस लीज करवा लिया जिसका मुकदमा भी पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में मैं मूल वाद संख्या 15 /2020 चल रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और कल लीजधारी व्यक्ति और उनके साथ सैकड़ों की संख्या में लोगों ने जेसीबी के साथ आकर यहां के मूल वासियों के घर को उजाड़ कर ढाह दिया गया खेती योग्य जमीन को भी बर्बाद कर दिया गया खेत में फसल लगा हुआ है कुआं को भी भर दिया गया और स्थानीय ग्रामीणों को बोला गया कि अगर आप इस बीच कोई आएगा तो उसको जान से मार देंगे और पिस्तौल के बल पर यह गैरकानूनी रूप से काम कराया जा रहा है। भाकपा जिला सचिव श्री रूचिर कुमार तिवारी ने पाया कि इस भूमि के बगल में चेक डैम जो बना हुआ है और बगल में ही एक नया एक चेक डैम निर्माण कार्य सोनवा नाला के पास किया गया है जिसे झारखंड सरकार ने करवाया जिसमें हजारों मवेशी लोग पानी पीते हैं मवेशियों के चरागाह का जगह है बगल में फॉरेस्ट का जमीन भी सटा हुआ है जिसमें पौधा लगा हुआ है और ऐसी जगह को



बिना जांच पड़ताल किए बिना ग्रामसभा किए लीज धारियों को दे दिया गया यह समझ से परे है। यह गैरकानूनी तरीके से काम किया गया है जिसकी जांच जरूरी है कम्युनिस्ट पार्टी जमींदारों के इस मंसूबे को पूरा नहीं होने देगी और इसके खिलाफ आंदोलन करेंगे। पलामू उपायुक्त इस पर संज्ञान ले स्थानीय रहे लोगों के गिराया गया घर का उचित मुआवजा दें और जो घर गिराया है उस पर एफ आई आर दर्ज होनी चाहिए साथ ही घर में रखा गया लाखों की संपत्ति चना अनाज, चावल, गुड़ जो बर्बाद किया गया है उसका भी मुआवजा जिला प्रशासन को अविलंब देना चाहिए। आज भी इस जमीन में गेहूं, तीसी,चना और अरहर का फसल लगा हुआ है। ऐसी परिस्थिति में कृषि योग पानी जहां जल स्त्रोतों को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का भी गाइडलाइन है लीज देना गैरकानूनी है जिसका अविलंब लीज रद्द होना चाहिए अन्यथा कम्युनिस्ट पार्टी ग्रामीणों को साथ लेकर के पलामू डीसी के समक्ष आमरण अनशन पर भी बैठने को बाध्य हो जाएगी। जांच टीम में भाकपा जिला सचिव के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, अंचल सचिव अलख देवराम, राज्य परिषद सदस्य राजेंद्र बैठा चलितर भूइंया आदि लोग थे। मौके पर नथुनी विश्वकर्मा, गनौरी विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, अशोक, भिखारी, क कईल भूइंया, शिव भूइंया,नधु भूइंया, बिनोद भूइंया, इंदरजीत भूइंया,सागर भूइंया, उषा देवी, सोना देवी,प्रमिला देवी, सीमा देवी, ज्योति देवी, धाना देवी, मैथिली देवी, बिमली देवी, लखमिनिया देवी , मानमती देवी , शंभू यादव आनंद विश्वकर्मा चमन विश्वकर्मा राजू बैठा, अक्षय कुमार, कलिया देवी, रीमा देवी, सहित सैकड़ों प्रभावित लोग उपस्थित थे।

## भाजपा लाश पर राजनीति करती है - प्रमोद यादव

समाज जागरण विश्वनाथ कुमार चौधरी ,प्रखंड संवाददाता सतबरवा लातेहार के भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा के मनिका विधायक को दलित विरोध कहे जाने पर विधायक रामचंद्र सिंह के सतबरवा प्रखंड प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने बकोरिया में उक्त बातों का कडा विरोध करते हुए पत्रकारों के साथ बात चीत में कहा कि भाजपा को लाश पर राजनीति करने की आदत पड गई। विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने कहा कि मनिका के दुंदु गांव निवासी अशोक राम का भलवही में शव मिलने की सूचना पर विधायक के कार्यकताओं के द्वारा पूरी सक्रियता के साथ शव का पोस्टमार्टम कराने से लेकर शव को घर पहुंचाने तक पूरी तत्परता के साथ परिजनों के साथ खड़ी रही। विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार लाभ देने तथा हत्यारों को जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया था, बावजूद भाजपा कार्यकताओं ने लाश की राजनीति करते हुए रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग को मनिका में 1 घंटे तक रोड जाम कर दिया था। लातेहार जिला के भारतीय जनता



युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा के द्वारा इस मामले को लेकर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को दलित विरोधी कहा गया। विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा नेताओं व कार्यकताओं के द्वारा घिनौंनी हरकत करते हुए मृतक के परिजनों को मदद करने के बजाय उन्हें बेवजह भड़काया और सडक जाम करवाया। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक के परिजनों को सभी लाभ मिलेंगे और हत्यारे के जल्द गरफ्तारी होगी। इस मौके पर बकोरिया मुखिया संतोष उरांव,सचिंदर बैठा, सकेंद्र बैठा,सुरेश राम , पिंटू आलम, मो0 नाजिम ,मो0 हामिद, अरूण प्रसाद गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## लोहरदगा समाहरणालय मैदान में वृहद रोजगार-सह-विकास मेला का आयोजन को को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया बैठक।

**समाज जागरण, धनंजय कुमार वैद्य, ब्यूरो चीफ झारखंड (प्रदेश)**

रांची (झारखंड) लोहरदगा वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त आवंटन/व्यय अंतर्गत विभिन्न विभागों के प्रचार-प्रसार, मेला प्रदर्शनी मद में अव्यवहत राशि से दिनांक 14.03.2023 को वृहद रोजगार-सह-विकास मेला का आयोजन समाहरणालय मैदान, लोहरदगा में किया जाना है। इसके मद्देनजर एक बैठक का आयोजन अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा की अध्यक्षता में आज अनुमंडल कार्यालय, लोहरदगा में की गई। बैठक में सभी विभागों यथा; कृषि, पशुपालन, गव्य, सहकारिता, कल्याण, समाज कल्याण, श्रम, नियोजन, स्वास्थ्य, पीएचईडी, शिक्षा व अन्य के साथ विस्तृत चर्चा की गई और मेला में लगाये जाने वाले स्टॉल व अन्य जानकारी दी गयी। साथ ही, सभी विभागों को उनके संबंधित स्टॉल, कार्यक्रम में संबंधित योजनाओं की जानकारी देने हेतु पूरी तैयारी किये जाने का निर्देश दिया



गया। मेला में श्रम एवं नियोजन कार्यालय द्वारा युवक-युवतियों के लिए रोजगार मेला भी लगाया जाएगा। युवा सद्भावना मंच का भी एक स्टॉल होगा। आइटीडीए द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं सफल लाभुक द्वारा अपना अनुभव साझा किया जाएगा। महिला बाल विकास द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा व जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में सभी विभागों से युवक-युवतियां योजनाओं से संबंधित प्रश्न पूछ सकेंगे। दर्शकों के लिए एलईडी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल के अंदर व बाहर दोनों जगहों पर होगी।

अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा मेला से संबंधित आवश्यक तैयारी किये जाने का निदेश सभी विभागों को दिया गया। आज की बैठक में भी कार्यपालक दंडाधिकारी अमित बेसरा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला पशुपालन/गव्य विकास पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी ए०बी० क्रांति, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, ए०डी०पी०ओ० शिशिर तिग्गा, जे०एस०एल०पी०एस० डीपीएम प्रकाश रंजन, फेलो हेमलता समेत अन्य उपस्थित थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर हुआ विधिक साक्षरता कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण ,बिधुत महतो, प्रखण्ड संवादाता कुकड़ू**

सरायकेला(झारखंड) (झारखंड) सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड परिसर में नालसा तथा झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर महिलाओं को लेकर विशेष विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न सरकारी सहायता व योजनाओं का जानकारी दिया गया। वहीं महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कई अहम जानकारियां दिया गया। ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में एसीजेएम (न्यायाधीश) डाक्टर रवि प्रसाद तिवारी, कुकड़ु प्रखंड परिसर में बीडीओ राकेश कुमार गोप, थाना प्रभारी रितेश कुमार व नीमडीह प्रखंड में शंकराचार्य सामद ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने को लेकर प्रेरित किया । वहीं न्यायाधीश श्री तिवारी ने महिलाओं को धर्य, शक्ति, मातृत्व व विरांगना के विभिन्न स्वरूपों का बखान करते





हुए अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने कानुनी जानकारी भी दिया। इसके अतिरिक्त कुकड़ु में पीएलवी विकास महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुरूप निःशुल्क विधिक सेवाएं प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण अधिकार है , यदि आपको किसी भी प्रकार की पीड़ा है तो तत्काल प्राधिकार से सम्पर्क करें। मौके पर प्रमुख प्रतिमावाला पातर, सीडीपीओ कापू हंसदा, वीपीएम देवश्वरी हेब्रम, पीएलवी शुभंकर महतो, पीएलवी कार्तिक गोप, स्हेलता महतो, सुमि दास, पुष्पा महतो ,सुलचना महतो आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने सिरुम निवासी का अस्पताल से कराया 1लाख 70 हजार का बिल माफ

**दैनिक समाज जागरण ,बिधुत महतो, प्रखण्ड संवादाता कुकड़ू**

तिरुलडीह (झारखंड) सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ू प्रखंड के सिरुम निवासी माधव सिंह सरदार का पेट संबंधित समस्या होने पर परिजनों ने उसे बेहतर इलाज के लिए तामूलिया स्थित ब्रह्मानंद अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उनका तबीयत बिगड़ने से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया। इस दौरान झामुमो नेता शक्तिपद महतो व इंद्रजीत महतो ने इसकी जानकारी विधायक सविता महतो को दिया विधायक ने ब्रह्मानंद अस्पताल में 30 हजार रुपये का बिल



माफ कराया और बेहतर इलाज के लिए उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया। इलाज के दौरान टीएमएच में उनका निधन हो गया और अस्पताल में उनका बकाया बिल 1 लाख 40 हजार रुपये हो गए। विधायक सविता महतो ने मामले को गंभीरता से लेकर अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर 1 लाख 40 हजार रुपये के बिल अस्पताल से माफ कराते हुए मृतक का शव परिजनों को दिलाया। उक्त बात की जानकारी केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दिया।